www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 104 || अम्बेडकरनगर
रविवार
05 जुलाई 2026 || पृष्ठ: 12 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक
# तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्मभूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:17
सूर्यास्त: 07:04
अधिकतम: 36:00
न्यूनतम: 29:00



पेज 11

विशेष समाचार | नए भारत के शिल्पकार... >> पेज 06 | लखनऊ-मथुरा समेत 3... >> पेज 10 | पीएम नरेंद्र मोदी के हमशक्ल ...

## प्रेस क्लब अम्बेडकर नगर

## चुनाव 2026

उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी

# बृजेन्द्र वीर सिंह

मजबूत प्रेस क्लब | सम्मानित पत्रकार | सुरक्षित भविष्य



"आप सभी पत्रकार साथियों से विनम्र निवेदन है कि 5 जुलाई 2026, रविवार को अपने बहुमूल्य मत एवं समर्थन से मुझे विजयी बनाएं!"

बैलेट पेपर के **1 नम्बर** खाने पर मोहर लगाकर विजयी बनावें

नमूना मत पत्र

**उपाध्यक्ष पद हेतु**

| | मत पत्र |
|---|---|
| 1. बृजेन्द्र वीर सिंह | PRESS CLUB AMBEDKAR NAGAR |
| 2. ज्ञान प्रकाश पाठक | |
| 3. कमर हसनैन | |
| 4. पंकज शुक्ला | |
| 5. संजय यादव | |
| 6. सोनु सिंह (राजवंत सिंह) | |

**संगठन मंत्री पद हेतु**

| | |
|---|---|
| 1. प्रमोद कुमार वर्मा | |
| 2. रामकांत पांडेय | |

**नोट** : कृपया बैलेट पेपर के **1 नम्बर** खाने पर प्रेस क्लब का निशान (मोहर) लगाएं।

## हमारी प्रतिबद्धता

**पत्रकार का सम्मान हमारी पहचान**
हर पत्रकार का हर मंच पर सम्मान और गरिमामयी पहचान सुनिश्चिव करेंगे।

**पारदर्शिता हमारी नीति विश्वास हमारी प्रगति**
हर निर्णय पारदर्शी होगा, हर कार्य में विश्वास और जवाबदेही हमारी प्राथमिकता।

**एकजुट पत्रकार मजबूत संगठन**
आपसी एकता, सहयोग और सक्रिय भागीदारी से प्रेस क्लब को नई ऊँचाईयों तक ले जाएंगे।

**अधिकार, सुविधा और सुरक्षा हमारा संकल्प**
पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, सुविधाओं का विस्तार और सुरक्षा हमारी पहली जिम्मेदारी।

## 5 जुलाई 2026, रविवार को मतदान

## आपका एक मत, मजबूत प्रेस क्लब की पहचान

★ ★ आइए, मिलकर बनाएं – मजबूत, पारदर्शी और सम्मानित प्रेस क्लब ★ ★

# जवान पकड़े था, अचानक फायर हुए, गोली सड़क पर लगी, पत्थर उखड़कर लगने से 3 जख्मी

# काशी-विश्वनाथ मंदिर गेट पर कार्बाइन से गोलियां चलीं

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट पर शनिवार सुबह 6:44 बजे पर पीएसी जवान की कार्बाइन से फायरिंग हो गई। दो गोलियां चलीं। गनीमत रही कि गोलियां सीधे सड़क पर लगीं। इसके बाद सड़क की गिट्टी उखड़कर लगने से 3 लोग घायल हो गए। अचानक भीड़ के बीच गोलियां चलने से वहां भगदड़ जैसा माहौल हो गया। कुछ देर किसी को समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ। गोलियों की आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो गए। मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। लोगों को बताया कि गलती से गोलियां चल गई हैं। बाकी, सब ठीक है।



सीसीटीवी में दिख रहा है क जवान हाथ में कार्बाइन पकड़े था, तभी अचानक से फायरिंग हो जाती है।

घटना का 57 सेकेंड का सीसीटीवी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि पीएसी जवान बाएं हाथ में कार्बाइन पकड़े हुए था। फिर दाहिने हाथ में पकड़ ली।कार्बाइन का मुंह सड़क की तरफ था। तभी अचानक फायरिंग होती है।

**घायल राम बाबू ने कहा- हम लोग दुकान पर खड़े थे। वहां पुलिस वाले बंदूक लेकर खड़े थे। तभी उनसे गोली अचानक चल गई। मुझे गिट्टी पैर और हाथ में लगी है।**

आवाज सुनकर खुद जवान चौंक जाता है। वो अपने कार्बाइन को देखने लगता है और फिर वहां से निकल जाता है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने तीनों घायल निक्की गुप्ता, रामबाबू और विकास यादव को अस्पताल पहुंचाया। ये सभी मंदिर के बाहर माला-फूल बेचते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, सभी ठीक हैं। दो के हाथ में और तीसरे को कमर में पत्थर के टुकड़े लगे हैं। हादसा काशी विश्वनाथ मंदिर के वीआईपी गेट नंबर-4 पर हुआ। विकास यादव ने बताया- हम बालाजी की दुकान पर काम करते हैं। वहां पुलिस वाले खड़े थे।

### डीआईजी बोले- भीड़ को हटाते समय घटना हुई, जांच की जा रही

डीआईजी शिव हरि मीणा कबीरचौरा अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने बताया- काशी विश्वनाथ धाम के पास नंदू फेरी वाली गली में पीएसी का जवान श्रद्धालुओं की भीड़ को हटा रहा था। तभी कार्बाइन से एक्सीडेंटल फायर हुआ। सभी चीजों की जांच की जा रही है। घायलों को डॉक्टरों ने दवा दी है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। जिस जवान की कार्बाइन से फायर हुई, उसका नाम अमरनाथ चौहान है। 48वीं वाहिनी पीएसी में तैनाती थी। 1987 बैच का जवान है। 2027 में रिटायरमेंट है। फिलहाल, पुलिस उसे थाने ले गई है।



पीएएसी जवान के हाथ से कार्बाइन से गोली चलने के बाद सड़क की गिट्टी उखड़कर इन्हीं तीन लोगों को लगी। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घायल निक्कू ने कहा- सिपाही कार्बाइन को इधर-उधर कर रहे थे

घायल हुए निक्कू गुप्ता ने बताया- काशी विश्वनाथ मंदिर के पास बालाजी की दुकान है। वहां पर एक पुलिस वाले अपनी कार्बाइन लेकर खड़े थे। उनसे गोली चल गई। वो कार्बाइन को इधर-उधर कर रहे थे। तीन लोग घायल हुए हैं। इसके बाद दूसरे पुलिसकर्मियों ने हालात को संभाला।

# 'आम की दावत' और 'आम के अस्पताल' बने आकर्षण का केंद्र

तमसा संकेत, एजेंसी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया तीन दिवसीय आम महोत्सव-2026 का शुभारंभ
- आमजन के लिए आम प्रदर्शनी निशुल्क खुली रहेगी प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 9:00 तक
- मलिहाबाद के किसानों को मिली नई तकनीक
- 04 जुलाई को जन भवन में होगा क्रेता-विक्रेता सम्मेलन, निर्यात व प्रसंस्करण पर होगा मंथन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय आम महोत्सव-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है और प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, बागवानी को प्रोत्साहित करने तथा प्रदेश के आम को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, प्रसंस्करण और निर्यात को बढ़ावा देकर आम उत्पादकों को अधिक लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। 03 से 05 जुलाई तक आयोजित इस महोत्सव के प्रथम दिवस इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लगी आम की प्रदर्शनी आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने विभिन्न प्रजातियों के आमों को देखकर कौतूहल के साथ प्रदर्शनी का लुत्फ उठाया। आमजन के लिए प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 9:00 तक आम प्रदर्शनी निशुल्क खुली रहेगी।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में धूप और उमस के बाद बदला मौसम

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार सुबह से तेज धूप और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। मानसून की सक्रियता कमजोर पड़ने से गर्मी का असर बढ़ गया। हालांकि, दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और पीजीआई, सरोजनी नगर समेत शहर के कई इलाकों में बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

### सुप्रीम कोर्ट जाएगा टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया

वाराणसी। मदरसा बोर्ड और सरकार द्वारा 4 हजार मदरसों की जांच ATS को सौंपी गयी है, मामला टेरर फंडिंग से जुड़ा है। इसके विरोध में हाईकोर्ट गए टीचर्स एसोसिशन मदारिसे अरबिया को बड़ा झटका लगा और कोर्ट ने यह रिट ख़ारिज कर दी है। इसके खिलाफ अब टीचर्स एसोसिशन मदारिसे अरबिया अब सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगा। इसके लिए बैठकों का दौर चल रहा है। दीवान साहेबजामा, जनरल सेक्रेटरी, टीचर्स एसोसिशन मदारिसे अरबिया उत्तर प्रदेश ने बताया - 2021 में यूपी मदरसा बोर्ड ने एक सर्वे कराया था।

### सांसद चंद्रशेखर ने राज्यपाल को लिखा पत्र

लखनऊ। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) के अगले कुलपति के चयन में अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) या अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के योग्य शिक्षाविद् को अवसर देने की मांग उठाई है।

# एक अंक विवाद की याचिका पर सुनवाई अगले माह

## 69,000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को लाभ देना था, हाईकोर्ट पहुंचा केस

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती से जुड़े एक अंक विवाद को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई के लिए पांच अगस्त की तारीख लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति विकास बुधवार ने बुधवार को विजय कुमार भारती व अन्य की अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई के बाद दिया। याची के अधिवक्ता ने बताया कि अवमानना याचिका में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव व अन्य पर हाईकोर्ट के 12 जनवरी 2023 के आदेश की जानबूझकर अवमानना करने का आरोप लगाया गया है। पूर्व में कोर्ट ने अभ्यर्थियों को एक अंक का लाभ देने का निर्देश दिया था।



निर्देश के अनुपालन में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से यह तो स्वीकार कर लिया गया कि याची एक अतिरिक्त अंक का हकदार है लेकिन उसे नियुक्ति देने की प्रक्रिया को विभिन्न कानूनी अपीलों के लंबित होने का हवाला देकर टाला जा रहा था। सुनवाई के दौरान बेसिक शिक्षा परिषद के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इस पूरी भर्ती से जुड़ा मुख्य मामला वर्तमान में देश की सर्वोच्च अदालत के समक्ष लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने बीते 19 मई को इस मामले पर सुनवाई की थी, जहां राज्य सरकार ने उन अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने पर विचार करने की इच्छा जताई है जो शीर्ष अदालत पहुंचे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को 21 जुलाई को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

बेसिक शिक्षा परिषद के वकील ने कोर्ट से अनुरोध किया कि सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई और उसमें राज्य सरकार के रुख के स्पष्ट होने तक इस अवमानना मामले को स्थगित की जाए, ताकि याची की स्थिति पर अंतिम रुख स्पष्ट किया जा सके।

## प्रयागराज में चयनित रिक्रूट बनकर पहुंचा युवक, डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन में पकड़ाया

# आरपीएफ भर्ती में फेक कॉल लेटर से सेंधमारी



तमसा संकेत, एजेंसी




प्रयागराज । प्रयागराज में फेक कॉल लेटर के जरिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) भर्ती में सेंधमारी की कोशिश की गई। एक जांच में हकीकत सामने आई। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। 3 जुलाई की रात करीब 10 बजे उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। उससे पूछताछ की जा रही है।

आरपीएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज में एक जुलाई से नवनियुक्त कांस्टेबल/रिक्रूट की प्राइमरी ट्रेनिंग शुरू हुई है। उत्तर रेलवे से प्राप्त लिस्ट के अनुसार कुल 82 अभ्यर्थियों को 30 जून तक यहां रिपोर्ट करना था। इनमें से 2 जुलाई तक 70 अभ्यर्थियों ने प्रशिक्षण केंद्र में पहुंचकर आमद करा ली।

दस्तावेजों और डोजियर के सत्यापन की जिम्मेदारी सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह और कांस्टेबल नीरज कुमार को सौंपी गई थी। दो जुलाई को यहां एक युवक पहुंचा, जिस ने खुद को चयनित अभ्यर्थी रोहित पुत्र झनकार, निवासी लालपुर, पोस्ट शिवनगर, जिला पीलीभीत बताया। कॉल लेटर भी दिखाया। वेरिफिकेशन के दौरान उसके कुछ डॉक्युमेंट्स संदिग्ध मिले।

उसके दस्तावेज की जांच की गई। जांच के बाद सामने आया कि रोहित पुत्र झनकार का नाम उत्तर रेलवे की ओर से भेजी गई ट्रेनीज की आधिकारिक लिस्ट में नहीं है।

### आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया, चयनित अभ्यर्थियों की लिस्ट में नाम नहीं मिला

ट्रेनिंग सेंटर में डोजियर तैयार करने के लिए उत्तर रेलवे से आई निरीक्षक सोनिया ने भी लिखित रूप से स्पष्ट किया कि रोहित पुत्र झनकार का नाम प्रशिक्षण के लिए नामित किए गए अभ्यर्थियों की सूची में शामिल नहीं है। उनकी रिपोर्ट को भी साक्ष्य के रूप में संलग्न किया गया।

साथ ही सहायक सुरक्षा आयुक्त/ उप प्रधानाचार्य के निर्देश पर आरपीएफ अधिकारियों ने आरोपी और उसके सभी डॉक्युमेंट्स को धूमनगंज थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। विस्तृत जांच के बाद आरपीएफ के एएसआई जितेंद्र सिंह की तहरीर पर धूमनगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शुक्रवार रात एफआईआर दर्ज कर ली। वह अभी पुलिस हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है।

## 22 दिन के अंतर पर फंदे से लटके मिले थे, भाई बोला-विधायक ने 2 करोड़ की जमीन कब्जाई

# सपा विधायक पर दो भाइयों की हत्या की एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज में सपा विधायक हाकिम लाल बिंद पर दो भाइयों की हत्या की FIR शुक्रवार रात 8 बजे दर्ज हुई। दोनों भाइयों के शव 22 दिन के अंदर फंदे से लटके मिले थे। 9 जून को छोटे भाई और 3 जून को बड़े भाई का शव मिला। इसके बाद परिवार वालों ने हंगामा कर दिया। अफसरों ने परिवार को कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाया।

परिवार का आरोप है कि सपा विधायक ने चार बीघा और आठ बिस्वा पुश्तैनी जमीन पर कब्जा कर लिया है। इसकी कीमत 2 करोड़ है। जिला कोर्ट में इसका केस चल रहा है। पैरवी करने पर विधायक और उनके साथी पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देते थे। अब दोनों भाइयों की हत्या कराकर शव फंदे से लटका दिए गए। परिवार वालों के मुताबिक, हंडिया के सपा विधायक का घर झिरहिरी गांव में है। उनके घर के पास चार बीघा और आठ बिस्वा जमीन है। यह जमीन राम खेलावन की थी।



हाकिम लाल बिंद, आरोपी
संतोष कुमार, मृतक

**हंडिया से सपा विधायक हाकिम लाल बिंद का कहना है कि सभी आरोप झूठे हैं। मैंने जमीन पर कब्जा नहीं किया है, बल्कि वह जमीन सरकारी है। मेरे खिलाफ भाजपा नेता साजिश कर रहे हैं। उनके कहने पर एफआईआर कराई गई है।**



शुक्रवार को दूसरे भाई का शव लटका मिला। इसके बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया।

### भाई ने विधायक पर हत्या की एफआईआर कराई

शुक्रवार को सुनील कुमार ने विधायक, गायिका सुमित्रा नंदिनी, नंदिनी के भाई अमित गौतम, गौरी और उसके जीजा संजय गौतम के खिलाफ थाने में शिकायत दी। इसमें लिखा है कि दोनों भाई संतोष और सुशील को हंडिया विधायक हाकिम लाल बिंद के इशारे पर बार-बार धमकाया जाता था। कहा जाता था कि अगर हमारा कहना नहीं मानोगे तो पूरे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा। पहले भाई को शादी से पहले धमकी दी गई थी कि शादी करोगे तो मार दिए जाओगे। उसकी शादी के तीन दिन बाद हत्या हो गई। आरोपियों को पुलिस ने छोड़ दिया। ठीक 22 दिन बाद विधायक के इशारे पर दूसरे भाई की हत्या कर शव लटका दिया गया।

# सीएफओ ने व्यापारियों को बताए बचाव के टिप्स

## अग्नि सुरक्षा का लाइव डेमो दिखाया

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ में शनिवार को आग से बचाव और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बैठक हुई। लाटूश रोड स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता संवाद हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने की। इसमें होटल, रेस्टोरेंट और विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से जुड़े बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल रहे। इस दौरान चौक अग्निशमन विभाग के पुष्पेंद्र यादव ने आग लगने की घटनाओं से बचाव, अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग और आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। अधिकारियों ने अग्निशमन यंत्रों का लाइव डेमो देकर आग बुझाने की तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया। व्यापारियों ने सुरक्षा संबंधी सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से जवाब दिया। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि व्यापारी वर्ग अपने प्रतिष्ठानों, कर्मचारियों और करोड़ों रुपये की संपत्ति की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को सुरक्षा मानकों के पालन के लिए पर्याप्त समय और प्रशासन का सहयोग मिलना चाहिए।

## बयान : सांसद अफजाल बोले- अब्बास के साथ भी बेईमानी हुई, वरना ओलंपिक जीतकर लाता

# मुख्तार को जेल में यातना दी, जहर देकर मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

मऊ । गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी ने मऊ में कहा कि मेरे भाई मुख्तार को जेल में यातना दी गई। जहर देकर जेल में उनकी हत्या कर दी गई। जनता जानती है कि मेरे भाई को जालिम हुकूमत ने 18 साल तक जेल में रखा, वो शहीद हो गया। शुक्रवार का ये वीडियो शनिवार को सामने आया।

अफजाल ने कहा कि हमने पांच बार मुख्तार को जिताया। उसने जेल से फॉर्म भरा, तब भी हमने वोट दिया। मुख्तार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जिन लोगों की मदद की, वे आज भी उन्हें याद करते हैं। जो मुख्तार का है, मुख्तार का रहेगा। सोने में तौल दोगे तब भी वो मुख्तार की ही जय बोलेगा।

अफजाल मधुबन के बीबीपुर स्थित ब्रिगेडियर उस्मान के पैतृक आवास पहुंचे थे। उनकी 78वीं पुण्यतिथि के 'शहादत दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान सांसद धर्मेंद्र यादव, विधायक अब्बास अंसारी, विधायक राजेंद्र कुमार और सपा जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव भी मौजूद रहे। अफजाल ने कहा कि अब्बास राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट और भारत की वर्ल्ड कप टीम के कप्तान रह चुके हैं। अब्बास के साथ बेईमानी न हुई होती तो वह भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतकर लाते।



### अब्बास के साथ बेईमानी न होती तो ओलंपिक मेडल लाता

अगर समाजवादी पार्टी अब्बास अंसारी को मऊ विधानसभा से उम्मीदवार बनाती है तो जनता उन्हें सिर्फ मुख्तार अंसारी के बेटे के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पहचान वाले खिलाड़ी के रूप में भी जानती है।

### मुख्तार ने हजारों लोगों की मदद की

अफजाल अंसारी ने दावा किया कि मुख्तार अंसारी ने हजारों लोगों के घर बनवाए, लेकिन अपने बेटों के लिए घर नहीं बनवाया। उन्होंने कहा कि अगर पुश्तैनी हवेली नहीं होती तो उनके परिवार के पास रहने के लिए भी जगह नहीं होती। मुख्तार अंसारी की जमीन, खेत, बाग, गोदाम, होटल और दुकानें बुलडोजर कार्रवाई में नष्ट कर दी गईं। लेकिन लोगों के दिलों से उनका नाम नहीं मिटाया जा सकता।



ब्रिगेडियर उस्मान के पैतृक आवास पर 78वीं पुण्यतिथि का कार्यक्रम हुआ।

**अफजाल ने कहा कि अब्बास अंसारी ने कभी जुल्म के सामने घुटने नहीं टेके। उनके अंदर मुख्तार अंसारी, ब्रिगेडियर उस्मान और डॉ. एम.ए. अंसारी की विरासत का खून है और समय आने पर वह गरीबों के लिए उसी तरह काम करेंगे, जैसा उनके पिता करते थे।**

# अयोध्या में दो हजार किसानों ने खरीदे बीज

## कृषि विश्वविद्यालय में वर्षाकालीन बीजों की बिक्री तेज

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या के कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में वर्षाकालीन सब्जियों के उन्नत किस्म के बीजों की बिक्री तेजी से हो रही है। अब तक लगभग 2,000 किसान इन बीजों की खरीदारी कर चुके हैं। विश्वविद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय स्थित सब्जी एवं बीज विक्रय केंद्र पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे हैं। यहां उन्हें बीज उपलब्ध कराने के साथ ही वैज्ञानिक विधि से सब्जी उत्पादन की तकनीकी जानकारी भी दी जा रही है, ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। सब्जी विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सी.एन. राम ने बताया कि बीज विक्रय केंद्र प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है। किसानों के लिए लौकी, करेला, भिंडी, लोबिया, कद्दू, नैनवा और तोरई सहित कई वर्षाकालीन सब्जियों की उन्नत प्रजातियों के बीज उपलब्ध हैं। प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. आस्तिक झा ने 4 जुलाई शनिवार जानकारी दी कि वर्षाकालीन सब्जियों की बुवाई का यह सबसे उपयुक्त समय है। अभी बुवाई करने पर किसानों को बेहतर उत्पादन और अधिक लाभ मिल सकता है। उन्होंने बताया कि जून माह से बीजों की बिक्री शुरू हुई थी और तब से अब तक करीब 2,000 किसान उन्नत किस्म के मौसमी सब्जी बीज खरीद चुके हैं। विभिन्न जनपदों से किसान प्रतिदिन विश्वविद्यालय पहुंच रहे हैं।



**विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रमुख किस्मों में लौकी की 'नरेंद्र रश्मि' और 'माधुरी शिवानी', करेला की 'नरेंद्र बारहमासी', लोबिया की 'काशी कंचन', कद्दू की 'नरेंद्र उपकार', तोरई की 'पूसा चिकनी' तथा भिंडी की 'नरेंद्र-10' और 'काशी ललमा' शामिल हैं। ये बीज खेतों के साथ-साथ किचन गार्डन के लिए भी उपयुक्त हैं।**

www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 104 || अम्बेडकरनगर
रविवार
05 जुलाई 2026 || पृष्ठः 12 || मूल्यः ₹2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:17
सूर्यास्तः 07:04
अधिकतमः 36:00
न्यूनतमः 29:00



पेज 11

विशेष समाचार | नए भारत के शिल्पकार... » पेज 06 | लखनऊ-मथुरा समेत 3... » पेज 10 | पीएम नरेंद्र मोदी के हमशक्ल ...

## भाजपा अध्यक्ष बोले- जीतने के लिए पब्लिक के बीच जाना होगा, लखनऊ में किया रोड शो

# ‘बड़े जुलूसों से कुछ नहीं होगा’

बड़ी संख्या में बुर्का पहने मुस्लिम महिलाएं और टोपी पहने मुस्लिम पुरुष भी रोड शो में शामिल हुए। वहीं, पादरियों और ननों ने भी उनका स्वागत किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा ने उन्हें क्रेन की मदद से 25 फीट की विशालकाय माला पहनाई।

**दौरा**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार को लखनऊ पहुंचे। यहां शाम को पार्टी मुख्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को किसी भी स्थिति में 2027 का यूपी विधानसभा चुनाव जीतने का लक्ष्य दिया।

कहा- कि बड़े-बड़े जुलूस से कुछ नहीं होगा। चुनाव जीतने के लिए जनता के बीच जाकर बात करनी होगी। उनकी समस्याओं का समाधान कराएंगे, तो जनता का दिल जीत लेंगे। राजनीति में जनता का दिल जीतना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आ रहा है, टीम भावना से चुनाव के लिए काम करना है। आपस में लड़ने की जगह विपक्षी दलों से लड़ना है। अपनी ताकत को विपक्षी पर आजमाएं।

इससे पहले नितिन नवीन ने लखनऊ में रोड शो किया। एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक 18 किलोमीटर लंबा यह रोड शो सुबह 11:20 बजे शुरू हुआ और दोपहर 1:55 बजे समाप्त हुआ।

» (शेष पेज 10 पर)



### एयरपोर्ट पर सीएम योगी ने वेलकम किया



नितिन नवीन शनिवार सुबह 11 बजे लखनऊ पहुंचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, महामंत्री धर्मपाल सिंह, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान सहित राज्य सरकार के मंत्रियों और भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उनके स्वागत के लिए राजधानी में एक लाख से अधिक पोस्टर-बैनर लगाए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह नितिन नवीन का पहला लखनऊ दौरा है। वह करीब 36 घंटे लखनऊ में रहेंगे। इस दौरान सांसदों, विधायकों और मंत्रियों के साथ बैठक के अलावा आरएसएस पदाधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले वह 25 जनवरी 2026 को मथुरा गए थे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बांके बिहारी जी के दर्शन किए थे।

### प्रदेश संगठन की बैठक कर रहे नितिन नवीन

भाजपा प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन प्रदेश संगठन की मीटिंग कर रहे। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, सभी प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री शामिल हैं।

इसके अलावा बैठक में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के अलावा सभी 6 क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्ष भी शामिल हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार को लखनऊ की मशहूर शर्माजी की चाय की दुकान पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ चाय की चुस्की ली। बन-मक्खन और समोसा खाया। उन्होंने कहा, “आज हम शर्माजी की चाय-मक्खन का लुत्फ उठाने आए हैं। चाय घर-घर से जुड़ा विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे चाय बेचने वाले के बेटे को देश की जनता ने प्रधानमंत्री बनाया। जिन्होंने कभी उनका मजाक उड़ाया था, आज वे राजनीतिक हाशिये पर हैं। इसलिए अब कोई चाय वाले का मजाक नहीं बनाता।”




### सीएम योगी की मौजूदगी में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारियों की मीटिंग करेंगे

भाजपा प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कई दौर में बैठकें करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, सभी प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री शामिल होंगे। » (शेष पेज 10 पर)

## दावा- ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले पीएम मोदी को धमकी

कैनबरा । पीएम मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जान से मारने की धमकी मिली है। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस मोदी को दी गई धमकी की जांच कर रही है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की शनिवार की रिपोर्ट में दावा किया गया कि धमकी फेसबुक पर ‘मेलबर्न मीट्स मोदी’ कार्यक्रम के प्रचार से जुड़ी एक पोस्ट के नीचे लिखी गई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पोस्ट के नीचे अबू मुस्तफा नाम के फेसबुक अकाउंट से लिखा गया, ‘स्टेडियम की छत कार्यक्रम के दौरान बंद रहनी चाहिए, नहीं तो वह ऑस्ट्रेलिया अपनी मौत के लिए आएगा।’ मोदी 8 जुलाई से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। 'मेलबर्न मीट्स मोदी' कार्यक्रम 9 जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में होना है। मोदी के इसमें शामिल होने की संभावना है।

# गुजरात में तेज बारिश से बाढ़, 19 लोगों का रेस्क्यू

## महाराष्ट्र के भिवंडी में 3 फीट पानी भरा, दुकानें बंद

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। मानसून देश के सभी राज्यों में पहुंच चुका है। गुजरात में शुक्रवार रात और शनिवार सुबह तेज बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है।

गुजरात के मेंदरडा इलाके में समधियाला गांव के पास बाढ़ के पानी में चार गाड़ियां फंस गईं। जिसमें से 19 लोगों का रेस्क्यू किया गया। उधर, महाराष्ट्र के भिवंडी में बाजार में करीब 3 फीट तक पानी भर गया। दुकानें बंद हो गईं। लोग कमर तक डूबकर सड़क पार कर रहे हैं। राजस्थान के जयपुर में तेज बारिश के बाद सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के माइनर ओटी में पानी भर गया। यहां से मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया। मध्य प्रदेश के भोपाल-इंदौर समेत 26 से ज्यादा जिलों में शुक्रवार को तेज बारिश हुई।

» (शेष पेज 10 पर)



- आईपी एड्रेस की पहचान, कोई गिरफ्तारी नहीं
- विदेश दौरे पर पीएम की सुरक्षा में मेजबान भी शामिल

# सरकार का दावा : ई-20 पेट्रोल से गाड़ियों को नुकसान नहीं

## बेचने से पहले टेस्टिंग कराई, सुप्रीम कोर्ट में कहा था- अभी एक्सपेरिमेंट


टेस्टिंग में गाड़ियों को नुकसान पहुंचने का कोई सबूत नहीं मिला

हाई परफॉर्मेंस फार्मूला वन कारों में भी इस्तेमाल हो रहा एथेनॉल

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने को लेकर हो रहे विरोध के बीच शनिवार को सरकार ने कहा कि एथेनॉल ब्लेंडिंग का काम रातों-रात नहीं हुआ। यह एक जांची-परखी, साइंटिफिक और स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस और इससे गाड़ियों को कई नुकसान नहीं है। इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई है और टॉप एजेंसियां भी इसकी टेस्ट कर चुकीं हैं। एथेनॉल ब्लेंडिंग पर दिल्ली में हुई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की ओर से शामिल एक्सपर्ट वर्तिका शुक्ला ने यह बात कही।

» (शेष पेज 10 पर)



2013 और 2014 के दौरान पेट्रोल में 1.5% एथेनॉल मिलाया जा रहा था। अब 20% ब्लेंडिंग की जा रही।

- एक्सपर्ट्स का कहना है कि बड़े पैमाने पर हुई टेस्टिंग में गाड़ियों को नुकसान पहुंचने का कोई सबूत नहीं मिला है। सोशल मीडिया पर गाड़ी के परफॉर्मेंस को लेकर चल रहे दावों के बीच एक्सपर्ट्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की है।

**फास्ट न्यूज**

### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर बुजुर्ग का मर्डर

टीकमगढ़ । मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में CM हेल्पलाइन में शिकायत करने पर यूपी के झोलाछाप डॉक्टर ने बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पत्नी, बेटा, बहू और 5 साल के नाती को भी बेरहमी से पीटा गया।

घटना | रेस्क्यू

### चंडीगढ़ में 54 साल पुरानी 2 मंजिला बिल्डिंग गिरी

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में शनिवार को अचानक 54 साल पुरानी 2 मंजिला बिल्डिंग गिर गई। जिससे अंदर काम कर रहे बिल्डिंग मालिक और मजदूर मलबे में दब गए। इसका पता चलते ही पुलिस की टीमें तुरंत इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में पहुंची। बिल्डिंग के मलबे में दबे 5 लोगों को निकाल लिया गया है। मलबे से जिंदा बचे रमेश नाम के व्यक्ति ने कहा कि हम अंदर 20 से 25 लोग थे। शाम में करीब 4.20 बजे अचानक भूकंप जैसा झटका लगा और बिल्डिंग नीचे गिर गई। जिसमें सारे लोग दब गए।

### 40 दिन में घटकर 4 फीट के हुए बाबा बर्फानी

पहलगाम/बालटाल। अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार 4 फीट रह गया है। 23 मई को BSF के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था।

29 जून को प्रथम पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी।

# ममता की करीबी चंद्रिमा ने बंगाल टीएमसी अध्यक्ष पद छोड़ा

## ममता बोलीं- पार्टी छोड़ने की तैयारी पहले से थी

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । तृणमूल कांग्रेस (TMC) की सीनीयर लीडर चंद्रिमा भट्टाचार्य ने नियुक्ति के महज एक महीने बाद शनिवार को पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के अन्य सभी पद भी छोड़ दिए हैं। उनके बागी गुट में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं। चंद्रिमा ने कहा कि उन्होंने यह फैसला ममता बनर्जी की फोन पर की गई नाराजगी के बाद लिया। शुक्रवार को बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता में पार्टी हेडक्वार्टर पर कब्जा कर लिया था। उस समय चंद्रिमा भवन में मौजूद थीं, लेकिन कुछ देर बाद वहां से चली गईं। ममता ने चंद्रिमा पर बागी गुट का साथ देने का आरोप लगाया था। चंद्रिमा के इस्तीफे के बाद ममता ने खुद राज्य इकाई की कमान संभालने का ऐलान किया है। उन्होंने मदन मित्रा और कुणाल घोष को पार्टी समिति में शामिल किया है। बनर्जी ने कहा कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया है।

» (शेष पेज 10 पर)



- ममता बोलीं- पार्टी के दम पर चुनाव जीते, अब उसी से गद्दारी कर रहे

### सिया ने दोस्त से कहा था- शादी जो होने नहीं वाली

पुणे। पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में आरोपी मंगेतर सिया की स्नैपचैट पर एक दोस्त से की गई बातचीत वायरल हो रही है, जिसमें लिखा है- ये शादी नहीं होने वाली है। इस लाइन ने केतन हत्याकांड की जांच में नया मोड़ ला दिया है। हालांकि पुलिस इस चैट की जांच कर रही है।

25 मई की चैट में सिया अपनी एक दोस्त से शादी की बुकिंग के लिए आधार कार्ड मांगती है। लेकिन इसके बाद लिखा गया एक मैसेज सबसे ज्यादा चर्चा में है- 'शादी की टिकट के लिए आधार कार्ड फ्रंट-बैक भेज दे, जो होने नहीं वाली लेकिन फिर भी भेज दे।

सिया और चेतन पर आरोप है कि उन्होंने केतन को 18 जून को पुणे के लोहगढ़ फोर्ट से धक्का देकर मार डाला था। केतन और सिया की शादी इस साल नवंबर में होने वाली थी।

# भारत सबसे बड़े ऊर्जा संकट से उबरा

## पीएम बोले- 2 हजार तक पहुंच सकती थी घरेलू सिलेंडर की कीमत

**उद्घाटन**

तमसा संकेत, एजेंसी

बालोतरा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पश्चिमी एशिया में हुए युद्ध के कारण 21वीं सदी का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट पैदा हो गया था। इस दौरान भारत की दृढ़ शक्ति के कारण सबसे बड़ा संकट भी छोटा हो गया। भारत ने अपने संसाधनों का सही इस्तेमाल किया।

युद्ध के कारण जो हालात पैदा हुए, उसके कारण घरेलू गैस के दाम 2 हजार रुपए तक जा सकते थे। सरकार ने इसको लेकर बेहतर मैनजमेंट किया। इसी का परिणाम है, सिलेंडर 950 रुपए के करीब मिल रहा है। PM आज (शनिवार) राजस्थान के दौरे पर रहे। दोपहर करीब 12 बजे वह बालोतरा के पचपदरा पहुंचे। यहां देश की सबसे आधुनिक रिफाइनरी के कंट्रोल रूम को देखा और एक्सपर्ट्स से बात की। इसके बाद रिफाइनरी का उद्घाटन किया।

» (शेष पेज 10 पर)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राजस्थान दौरे पर थे। जोधपुर में एयरपोर्ट टर्मिनल के नए भवन और बालोतरा में पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन किया।

राजस्थान रिफाइनरी का उद्घाटन किया



कांग्रेस की सरकारों ने राजस्थान के जल संकट को दूर करने के लिए ठोस काम नहीं किया। भाजपा क्षेत्रवाद और बंट-वारे की सियासत नहीं करती। भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना पर चलती है। हमने जब गुजरात में पानी पहुंचाने की योजनाओं पर काम किया था। राजस्थान को पानी देने की बात आई थी।-पीएम मोदी

### ‘युद्ध के समय भारत की डिप्लोमेसी का जलवा दिखा’

अप्रैल से जून के बीच पेट्रोल-डीजल से ही कंपनियों को 75 हजार करोड़ रुपए का घाटा हुआ। ये इतना बड़ा था कि एक नई रिफाइनरी बन जाए। ये घाटा सरकारी खजाने से भरा गया। युद्ध के समय भारत की दूसरे देशों से दोस्ती बहुत काम आई।

» (शेष पेज 10 पर)

## आरोप : पूर्व आईएएस बोले- 5 करोड़ कीमत थी, चंपत राय ने रसीद नहीं दी, कहा- मैं कुछ नहीं कर सकता

# राममंदिर विवाद : सोने से मढ़ी रामचरितमानस चोरी होने का दावा

“ पूर्व आईएएस ने कहा- मैंने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा और ट्रस्ट मेंबर गोपाल राव से संपर्क किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। फिर मैं दोबारा अयोध्या गया। 4 घंटे इंतजार के बाद चंपत राय मिले। उन्होंने मुझसे कहा- मैं कुछ नहीं कर सकता, आपको जहां जाना है, जाइए।

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बीच पूर्व केंद्रीय गृह सचिव लक्ष्मी नारायण ने दावा किया है कि उनकी सोने से मढ़ी रामचरित-मानस चोरी हो गई है। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल 2024 को राम मंदिर ट्रस्ट को सवा क्विंटल की रामचरित-मानस भेंट की थी, लेकिन आज तक उन्हें इसकी रसीद नहीं मिली। इतना ही नहीं, 3-4 महीने बाद मंदिर से रामचरितमानस गायब हो गई। इस रामायण के 1000 पन्नों पर 24 कैरेट सोने की परत चढ़ाई गई है। इसकी कीमत 5 करोड़ थी। उन्होंने एक मीडिया चैनल से बातचीत में कहा-मैं अयोध्या पहुंचा, तो चंपत राय ने 9 घंटे तक इंतजार करवाया। मैंने उनसे हाथ जोड़कर कहा- सर, मेरी पूरी जिंदगी की पूंजी है। » (शेष पेज 10 पर)




पूर्व IAS लक्ष्मी नारायण

### कल्कि पीठाधीश्वर बोले- सीबीआई जांच हो

संभल में श्रीकल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने चढ़ावे में हुई चोरी की सीबीआई जांच की मांग की। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। ट्रस्ट उस भरोसे को पूरा नहीं कर पाया, जिसके साथ उसका गठन हुआ था। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रद्धा, आस्था और सनातन से कोई सरोकार नहीं है। विपक्ष केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाना और उनकी प्रतिष्ठा को खत्म कर राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है।



### भाजपा सांसद बोले- राममंदिर पर सियासत न हो

भाजपा सांसद गुलाम अली खटाना ने राम मंदिर चोरी विवाद पर कहा- यह आस्था से जुड़ा मुद्दा है। सबको दुख हुआ है, जिन लोगों की आस्था जुड़ी है। लेकिन इसके साथ एक बहुत महत्वपूर्ण बात यह है कि इस पर सियासत नहीं करनी चाहिए।

» (शेष पेज 10 पर)

# 2027 में सहयोग मिला तो भाजपा का होगा सफाया

## मुंबई प्रवासियों से अखिलेश यादव की अपील

**संकल्प**

अरमान

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, विक्रमादित्य मार्ग पर मुंबई में रह रहे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के प्रमुख लोगों ने मुलाकात की। इस दौरान प्रवासी प्रदेशवासियों ने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का तन-मन-धन से सहयोग करने और पार्टी को जीत दिलाने का संकल्प लिया। यह बैठक समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव के संयोजन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में Abu Asim Azmi सहित बड़ी संख्या में मुंबई में रहने वाले उत्तर प्रदेश के लोग मौजूद रहे।

» (शेष पेज 10 पर)



- लखनऊ में सपा मुख्यालय पर हुई बैठक, प्रवासी उत्तर प्रदेशवासियों ने विधानसभा चुनाव में तन-मन-धन से साथ देने का लिया संकल्प

## बायोमेट्रिक के दौरान पकड़ा, आर्यकन्या इंटर कॉलेज में देने पहुंचा था परीक्षा

# दो बार हाईस्कूल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

फर्जीवाड़ा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के दौरान अंतिम दिन शनिवार को एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। शहर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज केंद्र पर बायोमेट्रिक केवाईसी के दौरान एक युवक को पकड़ा गया। उसने पुलिस भर्ती में शामिल होने के लिए अपनी उम्र कम करने की कोशिश में दो बार हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी। यह घटना शनिवार सुबह की है, जब कन्नौज निवासी अमित कुमार



यादव परीक्षा देने आर्य कन्या इंटर कॉलेज केंद्र पहुंचा। परीक्षा शुरू होने से पहले बायोमेट्रिक केवाईसी के दौरान उसका डेटा सिस्टम से मेल नहीं खाया। केंद्र व्यवस्थापक ने तुरंत उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। लखनऊ मुख्यालय स्तर पर आरोपी के क्रेडेंशियल्स की जांच की गई, जिससे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। फर्जीवाड़े की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। एडीएम दीपाली भार्गव, एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह और सीओ अजीत सिंह, शहर कोतवाल संजय त्यागी मौके पर पहुंचे।आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी ने पहली बार 2012 में मेरठ से हाईस्कूल किया था, जिसमें उसका नाम आकाश यादव (पिता कैलाश चंद्र यादव) और जन्मतिथि 15 जून 1995 दर्ज थी। इसके बाद उसने 2018 में कन्नौज से दोबारा हाईस्कूल की परीक्षा दी।



**"एडीएम ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी ने दो बार अलग-अलग पहचान से हाईस्कूल किया है। उसने दोनों बार अपना नाम, जन्मतिथि और पिता के नाम की स्पेलिंग में भी बदलाव किया था। इसी कारण उसका बायोमेट्रिक डेटा मेल नहीं खाया और वह पकड़ा गया।**

इस बार उसने अपना नाम अमित कुमार यादव (पिता कैलाश चंद यादव) और जन्मतिथि 4 अप्रैल 2002 दर्ज कराई। उसने टीईटी परीक्षा के लिए 'अमित' नाम से ही आवेदन किया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने की निर्धारित आयु सीमा में आने के लिए अपनी उम्र कम की थी। शहर कोतवाल ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर आरोपी पर धोखाधड़ी, जालसाजी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मेडिसिटी अस्पताल में परिजनों का हंगामा, लापरवाही का आरोप

## उन्नाव में इलाज में लापरवाही और लाखों रुपए ठगने का आरोप

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव के मेडिसिटी अस्पताल में शनिवार दोपहर मरीज के परिजनों ने इलाज में लापरवाही और अत्यधिक शुल्क वसूलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। अचलगंज सुपासी निवासी सुल्खान पहलवान को लगभग 14 दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज के भाई ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन ने भर्ती के समय 48 से 72 घंटे के भीतर मरीज की हालत में सुधार होने और आंखें खुलने का आश्वासन दिया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल ने इलाज के नाम पर लगातार पैसे मांगे, जिसमें कभी 35 हजार तो कभी 40 हजार



रुपये जमा कराने को कहा गया। परिवार ने अब तक करीब साढ़े सात लाख रुपये अस्पताल को दिए हैं, लेकिन मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों का कहना है कि अब अस्पताल ने मरीज को कहीं और ले जाने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। मरीज के भाई ने बताया कि उनका परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है और उन्होंने अस्पताल से ली गई रकम वापस करने की मांग की है। एक महिला परिजन ने भी अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पैसे लेने के बावजूद मरीज की हालत में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई और जमा कराई गई धनराशि लौटाने की मांग की। मामले की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। फिलहाल, इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का पक्ष सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि यदि परिजनों की ओर से लिखित शिकायत दी जाती है तो आरोपों की जांच कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फास्ट न्यूज

### 115 रुपये के बंटवारे पर मारपीट

बाराबंकी। बाराबंकी के सफदरगंज थाना क्षेत्र के कंधईपुर गांव में 115 रुपये के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। इस खूनी संघर्ष में एक व्यक्ति का सिर फट गया, जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। जानकारी के अनुसार, कंधईपुर गांव के शहजादे आलम (पुत्र शराफत अली), मुन्ना (पुत्र खैराती) और सानू (पुत्र कल्लू) जामुन तोड़कर बाजार में बेचने गए थे।

### कोटेदारों ने कमीशन बढ़ोतरी समेत मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

रामसनेही घाट। बाराबंकी के रामसनेहीघाट में कोटेदारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय को सौंपा। इसमें कमीशन बढ़ोतरी सहित वर्षों से लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई है। ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन, बाराबंकी की तहसील रामसनेहीघाट इकाई के पदाधिकारियों और कोटेदारों ने यह ज्ञापन सौंपा। कोटेदार एसोसिएशन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार गौतम के नेतृत्व में कोटेदार तहसील पहुंचे।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट

बाराबंकी। बाराबंकी के त्रिवेदीगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत रामनगर के कोरीना गांव में पुरानी रंजिश और खेत के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए,जानकारी के अनुसार, कोरीना गांव निवासी विक्रम सिंह पुत्र हरवंश सिंह अपने भाइयों कल्याण सिंह पुत्र राम बक्श सिंह, ब्रजेश सिंह पुत्र रामबक्श सिंह और पंकज सिंह के साथ अपने खेत की साफ-सफाई कर रहे थे।

# देव सिंह ने राज्य स्तरीय शूटिंग में जीते दो पदक

## उन्नाव के लिए रजत और कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन किया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव शहर के युवा निशानेबाज देव सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित 49वीं उत्तर प्रदेश राज्य शॉटगन शूटिंग प्रतियोगिता-2026 में दो पदक जीते हैं। उन्होंने एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता नई दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। देव सिंह ने कड़े मुकाबलों के बीच अपनी सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। देव सिंह ने एस-16 क्ले पिजन डबल ट्रैप शूटिंग (एनआर) पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एस-24 क्ले पिजन ट्रैप शूटिंग (एनआर) पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम



किया। अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए देव सिंह ने कहा कि यह तीन वर्षों की लगातार मेहनत, अभ्यास और धैर्य का परिणाम है। उन्होंने इसे अपने लिए एक सपने के सच होने जैसा बताया और कहा कि यह उनके खेल जीवन की सिर्फ शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा, मैं बेहद खुश हूं कि तीन साल की कड़ी मेहनत रंग लाई। यह सिर्फ शुरुआत है, अभी और ऊंचे लक्ष्य हासिल करने हैं। देव सिंह ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच, परिवार और मित्रों को दिया।

### लड़की की तालाब में डूबकर मौत

हरदोई। हरदोई के देहात कोतवाली क्षेत्र के फूल बेहटा गांव में लड़की की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने करीब 15 घंटे की मशक्कत के बाद शनिवार की सुबह करीब 7 बजे शव को तालाब से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फूल बेहटा निवासी सियाराम की साधना शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थी। शुक्रवार की दोपहर उसने एक बच्चे को जन्म दिया, जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। सियाराम अपनी पत्नी के साथ साधना को देखने अस्पताल गए हुए थे। घर पर उनकी 22 वर्षीय बड़ी बेटी अनीता अकेली थी। शाम करीब 4 बजे अनीता गांव के बाहर स्थित एक तालाब के किनारे गई थीं । बताया गया कि वहां अचानक पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में समा गईं। जब अनीता काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने तालाब की झाड़ियों में एक शव फंसा हुआ देखा।

# जर्जर खतरनाक भवनों का सर्वे शुरू

## एक जर्जर मकान का छज्जा गिरने से दो लोग हुए थे घायल, प्रशासन एक्शन मोड में

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में एक जर्जर मकान का छज्जा गिरने से दो लोगों के घायल होने के बाद नगर पालिका प्रशासन अलर्ट हो गया है। बरसात के मौसम में संभावित हादसों को रोकने के लिए शहरभर में जर्जर और खतरनाक भवनों का विशेष सर्वे अभियान शुरू कर दिया गया है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि सर्वे के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। यह टीम वार्डवार पुराने मकानों, व्यावसायिक भवनों और लंबे समय से बंद पड़े भवनों का निरीक्षण कर रही है। भवनों की दीवारों में दरार, झुके हुए हिस्से, कमजोर छत और जर्जर छज्जों जैसी संरचनात्मक कमियों की जांच की जा रही है। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके क्षेत्र में कोई भवन अत्यधिक जर्जर अवस्था



में है तो उसकी सूचना तत्काल नगर पालिका कार्यालय को दें। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर खतरनाक भवनों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। इसके बाद भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार मरम्मत, सुरक्षा उपाय या आवश्यक होने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई जाएगी।



***डॉ. राजेश कुमार के अनुसार, गिरने की अधिक आशंका वाले भवनों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की जाएगी। मुख्य मार्गों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों के पास स्थित जर्जर भवनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई होगी। आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा बैरिकेडिंग लगाकर लोगों की आवाजाही भी नियंत्रित की जाएगी, ताकि जनहानि रोकी जा सके।***

### खतरनाक भवनों पर होगी कार्रवाई

*अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि सर्वे अभियान सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर खतरनाक भवनों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। इसके बाद भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार मरम्मत, सुरक्षा उपाय या आवश्यक होने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई जाएगी। नगर पालिका का उद्देश्य बरसात के दौरान जर्जर भवनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है। साथ ही बारिश के दौरान ऐसे भवनों के आसपास अनावश्यक रूप से खड़े न हों और किसी भी आपात स्थिति की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।*

# 89.55 किलो मादक पदार्थ नष्ट

## 77 लाख रुपए के ड्रग्स जलाए गए, 85.35 किलोग्राम गांजा बरामद

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में पुलिस ने 'ऑपरेशन दहन' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार दोपहर 89.55 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किए गए, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत 77 लाख रुपये है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी (डीडीसी) द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, यह निस्तारण न्यायालय से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में किया गया।

ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज 37 मामलों में जब्त मादक पदार्थों को नष्ट कराया। यह कार्रवाई दही थाना क्षेत्र स्थित डी-1 साइट नंबर-1, एओबी प्राइवेट लिमिटेड के बॉयलर (इन्सिनरेटर) में सुरक्षा मानकों और निर्धारित



कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 85.35 किलोग्राम गांजा, 3.85 किलोग्राम चरस, 100 ग्राम स्मैक और 250 ग्राम मॉर्फिन शामिल थे। इन सभी का कुल वजन 89.55 किलोग्राम था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब्त मादक पदार्थों का सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया गया, ताकि इनका दुरुपयोग न हो सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर विनी सिंह की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई।

ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अन्य सदस्य, संबंधित थाना प्रभारी और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी और आवश्यक अभिलेखीय प्रक्रिया भी पूरी की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि अवैध मादक पदार्थों की बिक्री या तस्करी की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समाज को नशा मुक्त बनाने के प्रयासों को प्रभावी बनाया जा सके।

# हरदोई में 210 आंगनबाड़ी केंद्रों को मिले नए एजुकेटर

## भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित, 234 अभ्यर्थियों को सफलता मिली

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई में बेसिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित 210 कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में एजुकेटर भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने शनिवार दोपहर करीब 3 बजे इसकी आधिकारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुल 210 पदों के लिए 234 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। सफल अभ्यर्थियों की पूरी सूची विभिन्न सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई है। मेरिट सूची एनआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, यह सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, डायट



(DIET) और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की गई है। सफल हुए सभी 234 अभ्यर्थियों के लिए 15 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे से कलेक्ट्रेट हरदोई के स्वामी विवेकानंद सभागार में काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को विद्यालय चयन का अवसर उनकी मेरिट के क्रम में दिया जाएगा। प्रशासन ने काउंसलिंग में



शामिल होने वाले सभी सफल अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित समय पर अपने समस्त मूल शैक्षणिक अभिलेखों के साथ उपस्थित हों। उन्हें अपने सभी दस्तावेजों की फोटोकॉपी का एक सेट और एक वैध पहचान पत्र भी साथ लाना अनिवार्य होगा। समय पर न पहुंचने या दस्तावेज अधूरे होने की स्थिति में काउंसलिंग प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

# बाराबंकी में स्वामी दिव्यानंद आश्रम में सत्संग-भंडारा

## 3 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। बाराबंकी के रामसनेहीघाट क्षेत्र में स्थित स्वामी दिव्यानंद आश्रम में सत्संग और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परम श्रद्धेय स्वामी दिव्यानंद जी महाराज की कृपा और उनके आध्यात्मिक उत्तराधिकारी परम पूज्य देवेंद्र मोहन भैयाजी महाराज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। दिव्यानंद योग साधना समिति द्वारा आयोजित इस आयोजन में बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, बरेली, पीलीभीत समेत विभिन्न जिलों से तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। सत्संग के दौरान परम पूज्य देवेंद्र मोहन भैयाजी महाराज ने श्रद्धालुओं को



संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सत्संग से मन को शांति मिलती है और सेवा से जीवन सार्थक बनता है। भैयाजी महाराज ने प्रेम, करुणा और मानव सेवा को जीवन का मूल आधार बताया। उन्होंने यह भी कहा कि सच्ची भक्ति वही है, जिसमें व्यक्ति गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण और विश्वास रखता है। अपने प्रवचन में उन्होंने स्पष्ट किया कि जानबूझकर किसी को कष्ट पहुंचाना ही वास्तविक पाप है, जबकि अज्ञानवश हुई भूलों को उसी दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, विवाह में जल्दबाजी से बचने तथा बेटियों और बेटों को समान रूप से शिक्षित एवं योग्य बनाने का आह्वान किया। भैयाजी महाराज ने सत्संग, सेवा और गुरु-स्मरण को जीवन की सफलता का सर्वोत्तम मार्ग बताया। सत्संग के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र सिंह, शत्रोहन सिंह, अमर सिंह, जय सिंह, दिलीप यादव सहित कई सेवादारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 000: फौजी पिता की राइफल से किया फायर, 5 दिन पहले आई थी घर

# डीयू की छात्रा ने गोली मारकर किया सुसाइड

**तमसा संकेत, एजेंसी**

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में शुक्रवार रात दिल्ली विश्विद्यालय की छात्रा ने लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर के अंदर बेड पर मिला। बॉडी के पास में ही फौजी पिता की लाइसेंसी राइफल पड़ी थी। जिस समय छात्रा ने सुसाइड किया, वह घर पर अकेली थी। परिवार के सभी लोग काम से बाहर गए थे। वह 5 दिन पहले ही दिल्ली से घर आई थी। घर का मेन गेट अंदर से बंद था। परिवार वाले छत के रास्ते घर में घुसे तो छात्रा की बॉडी देखी। पिता के पंजाब से आने के बाद पुलिस ने शनिवार दोपहर पंचनामा के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस सुसाइड के कारण का पता लगा रही है। मामला फतेहगढ़




कोतवाली क्षेत्र का है। धन्सुआ गांव की निवासी अंजलि (20) दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन कर रही थी। वह 5 दिन पहले घर आई थी। अंजलि के पिता राजेश कुमार पाल सेना में हैं। उनकी पंजाब के भटिंडा में पोस्टिंग है। घर पर उनकी पत्नी और बेटा ललित रहते हैं। परिजन पड़ोस के एक घर के रास्ते छत पर पहुंचे। जीने का गेट खुला था। अंदर जाकर देखा तो अंजलि बेड पर पड़ी थी और पास में राइफल भी थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

**पिता राजेश पाल ने बताया- बेटी डीयू से ग्रेजुएशन कर रही है। लाइसेंसी राइफल से गोली मारी है। जिस समय घटना हुई उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। पत्नी और बेटा दुकान पर थे। सीओ सिटी अभय वर्मा ने बताया- युवती ने खुद को ही राइफल से गोली मारकर आत्महत्या की है। परिजनों औद पड़ोसियों से पूछताछ कर सुसाइड के कारण का पता लगाया जा रहा है।**

### भाई जनरल स्टोर चलाता है

अंजलि का भाई ललित फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में मछली मंडी के पास एक जनरल स्टोर चलाता है। उसकी मां भी दुकान पर ललित का सहयोग करती हैं। शुक्रवार की सुबह ललित दुकान पर चला गया था। दोपहर में उसकी मां भी दुकान पर चली गईं। अंजलि घर पर अकेली थी। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे ललित अपनी मां के साथ घर लौटा। उन्होंने दरवाजा खटखटाया और आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मोबाइल पर कॉल करने पर भी अंजलि ने फोन नहीं उठाया। घर का गेट अंदर से बंद था।



**"सिटी अभय वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। मामले को लेकर फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। इस दौरान फॉरेंसिक टीम ने भी सैंपल भी लिए। दोपहर करीब 2 बजे पिता भटिंडा से घर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।**

## जिलाधिकारी की कार्यशाला में सुरक्षा मानकों, पंजीकरण प्रक्रिया और बुनियादी सुविधाओं पर दिया गया जोर

# बिना पंजीकरण नहीं चलेंगे कोचिंग सेंटर



**पहल**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी के संचालन को व्यवस्थित बनाने की दिशा में प्रशासन ने नई पहल की है। बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में कोचिंग और लाइब्रेरी संचालकों को पंजीकरण, सुरक्षा मानकों और शासन की गाइडलाइन की विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने स्पष्ट किया कि शासन का उद्देश्य संस्थानों पर दंडात्मक कार्रवाई करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना है। कार्यशाला में बताया गया कि अब कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण छात्र संख्या के आधार पर होगा। एक से 10 विद्यार्थियों तक 250 रुपये, 11 से 20 तक 1000 रुपये, 21 से 40 तक 4000 रुपये, 41 से 50 तक 5000 रुपये, 51 से 100 तक 10 हजार रुपये, 100 से 200 तक 20 हजार रुपये तथा 200 से अधिक विद्यार्थियों वाले संस्थानों के लिए 25 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। पंजीकरण की वैधता तीन वर्ष होगी। इसके नवीनीकरण के लिए निर्धारित अवधि समाप्त होने से दो माह पहले आवेदन करना होगा। यदि किसी संस्थान की एक से अधिक शाखाएं हैं तो प्रत्येक शाखा का अलग पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ सिंह ने पंजीकरण प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेखों और नियामक प्रावधानों की जानकारी देते हुए संचालकों की शंकाओं का समाधान किया।

> जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी कोचिंग संस्थान का संचालन बेसमेंट में नहीं किया जाएगा। जो संस्थान वर्तमान में बेसमेंट में चल रहे हैं, उन्हें अन्य भवनों में स्थानांतरित करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आवासीय भवन में संचालित कोचिंग संस्थान नियमानुसार इंपैक्ट फीस जमा कर व्यावसायिक उपयोग के लिए आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करें।

- छात्र संख्या के आधार पर तय होगा पंजीकरण शुल्क
- बेसमेंट में कोचिंग संचालन पर स्पष्ट रोक
- गाइडलाइन का पालन करने की अपील

### सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष जोर

कार्यशाला में कोचिंग संस्थानों के लिए अग्नि सुरक्षा, भवन सुरक्षा, पर्याप्त रोशनी और वेंटिलेशन, स्वच्छ पेयजल, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे तथा छात्र-छात्राओं के लिए अलग शौचालय जैसी सुविधाओं को अनिवार्य बताया गया। साथ ही अग्निशमन विभाग के मानकों के अनुसार फायर एक्सटिंग्विशर और अन्य सुरक्षा उपकरण स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

# एसपी का प्रशासनिक दांव कई थानों की बदली तस्वीर

## सम्मनपुर-अहिरौली की कमान बदली, उपनिरीक्षक समेत 15 आरक्षियों को नई तैनाती

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जिले के पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो थाना प्रभारियों की अदला-बदली के साथ एक उपनिरीक्षक और 15 आरक्षियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। आदेश जारी होते ही पुलिस विभाग में नई तैनातियों को लेकर हलचल तेज हो गई। कई थानों और शाखाओं में नई जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। तबादला सूची में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सम्मनपुर और अहिरौली थानों में हुआ है। अहिरौली के थाना प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी को सम्मनपुर की कमान सौंपी गई है। वहीं सम्मनपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह को अहिरौली थाने का प्रभारी बनाया गया है। दोनों अधिकारियों की अदला-बदली को प्रशासनिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

पुलिस लाइंस में तैनात उपनिरीक्षक महाबल सिंह को बेवाना थाने भेजा गया है। इसके अलावा महरुआ से शैलेश कुमार द्विवेदी को पैरोकार अयोध्या न्यायालय, पुलिस लाइंस से विनय कुमार मिश्र को बसखारी, भीटी से योगेंद्र सिंह को गणना कार्यालय पुलिस लाइंस, इब्राहिमपुर से प्रेमप्रकाश सिंह को राजेसुल्तानपुर तथा मालीपुर से करुणाशंकर मिश्र को बेवाना थाने में नई तैनाती दी गई है। महिला आरक्षी पुष्पा देवी को पुलिस लाइंस से अभियोजन कार्यालय भेजा गया है। दीपचंद्र यादव को बसखारी से कटका, पारुल चौधरी को पुलिस लाइंस से क्षेत्राधिकारी कार्यालय भीटी, रोहित कुमार सिंह को अहिरौली से मालीपुर तथा प्रीती यादव को अकबरपुर से एएचटीयू थाने भेजा गया है। इसी क्रम में अमृता सिंह को जलालपुर से क्षेत्राधिकारी कार्यालय जलालपुर, प्रमोद बिंद को हंसवर से सम्मन सेल डेस्क, समीर अहमद को जलालपुर से आंकिक शाखा तथा सोनू कुमार चौरसिया को मालीपुर से जैतपुर थाने में तैनाती मिली है।

**फास्ट न्यूज**

### न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर कब्जे का आरोप

अंबेडकरनगर। आलापुर तहसील क्षेत्र के तेन्दुआई कला गांव में न्यायालय में विचाराधीन भूमि पर कथित अवैध कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने उपजिलाधिकारी आलापुर को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। साथ ही आशंका जताई है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो विवाद गंभीर रूप ले सकता है।

### सड़क सुरक्षा की कमान अब महिलाओं के हाथ

अंबेडकरनगर। जिले में सड़क सुरक्षा को जनभागीदारी से जोड़ने की दिशा में नई पहल शुरू की गई है। जिला प्रशासन और आईआईटी मद्रास के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी (CoERS) के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को लगभग आठ हजार महिलाओं को 'सड़क सुरक्षा सखी' के रूप में वर्चुअल प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 7 से 21 जुलाई तक प्रस्तावित 'शून्य दुर्घटना दिवस' अभियान की पहली प्रमुख गतिविधि रहा। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सड़क सुरक्षा के मूल नियम, सुरक्षित यातायात व्यवहार, प्रभावी संवाद और सामुदायिक जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के अवध प्रवास की तैयारियां तेज

अंबेडकरनगर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रस्तावित अवध क्षेत्र प्रवास को लेकर संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जलालपुर नगर में शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक जिम्मेदारियों और विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## कलम की संसद में महासंग्राम आज, किसके सिर सजेगा प्रेस क्लब का ताज

### महासचिव पद पर समर्थन से बदले चुनावी समीकरण

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर। प्रेस क्लब अंबेडकरनगर की नई प्रबंधकारिणी के गठन के लिए रविवार को मतदान होगा। जिले के पत्रकार अपने मताधिकार का प्रयोग कर संगठन की नई टीम चुनेंगे। चुनाव को लेकर शनिवार देर शाम तक प्रत्याशियों ने जनसंपर्क तेज रखा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य सहित कुल 22 पदों के लिए मतदान कराया जाएगा, जबकि ऑडिटर पद पर फखरे आलम खान पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं।

चुनाव संचालन समिति के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। इसके बाद अपराह्न 3 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान को लेकर पत्रकारों में पूरे दिन उत्साह का माहौल रहा। विभिन्न पदों के प्रत्याशी अंतिम समय तक अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे रहे। अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला बना आकर्षण का केंद्र

चुनाव का सबसे बड़ा मुकाबला अध्यक्ष पद पर माना जा रहा है। इस पद पर शैलेन्द्र तिवारी, काजिम हुसैन फैजी और कार्तिकेय द्विवेदी आमने-सामने हैं। तीनों प्रत्याशियों ने मतदान से पहले व्यापक जनसंपर्क किया। ऐसे में अध्यक्ष पद का परिणाम सबसे अधिक चर्चा में बना हुआ है। महासचिव पद का मुकाबला अंतिम समय में और दिलचस्प हो गया है। इस पद के लिए अहमद मेंहदी और वेद प्रकाश पाठक मैदान में हैं।

# मंगेतर पर युवती के चेहरे पर हंसिये से ताबड़तोड़ वार करने का आरोप

## सात फेरे से पहले खून से लाल हुआ रिश्ता

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। शादी से महज दो दिन पहले एक युवती पर उसके मंगेतर द्वारा धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवती के चेहरे पर कई गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। घटना मालीपुर थाना क्षेत्र के अल्लीपुर कोड़रा गांव की रहने वाली 24 वर्षीय ज्योति से जुड़ी है। उसकी शादी छह जुलाई को इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के बराहिमपुर निवासी मृत्युंजय के साथ होनी थी। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। परिजनों के अनुसार, दोनों ने पहले कोर्ट मैरिज भी कर ली थी। बाद में दोनों परिवारों की सहमति से सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह की तिथि तय की गई थी और तैयारियां अंतिम चरण में थीं। परिजनों का आरोप है कि शनिवार को मृत्युंजय ने ज्योति को फोन कर शादी से पहले फेशियल कराने के बहाने बुलाया। वह उसे अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर ककरडीला के पास ले गया। वहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान मृत्युंजय ने हंसिये से युवती के चेहरे पर लगातार कई वार कर दिए। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग निकला।

**स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस**

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवती को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई।

## स्वास्थ्य सेवाओं ने बदली रफ्तार रैंकिंग में जिले की बड़ी उड़ान

### तीन महीने में 12वें से पांचवें स्थान पर पहुंचा जिला

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की रैंकिंग में अंबेडकरनगर ने तीन महीने के भीतर बड़ी छलांग लगाई है। अप्रैल में 12वें स्थान पर रहने वाला जिला अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न मानकों पर बेहतर प्रदर्शन के चलते जिले ने टॉप-5 में जगह बनाई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि योजनाओं की नियमित निगरानी, स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रियता और सेवाओं की बेहतर मॉनिटरिंग का असर अब रैंकिंग में भी दिखाई दे रहा है। नई रैंकिंग में शिशुओं के नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की निगरानी, टीबी रोग खोज अभियान, एचआईवी जांच, मरीजों के पंजीकरण और नवजात शिशुओं की देखभाल जैसे प्रमुख मानकों पर जिले ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। आशा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन में भी पहले की तुलना में बेहतर प्रगति दर्ज हुई है। जिले की ब्लॉकवार रैंकिंग में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर ने पहला स्थान बरकरार रखा है। टांडा दूसरे और रामनगर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। पिछली रैंकिंग में टॉप-3 में शामिल भीटी इस बार चौथे स्थान पर खिसक गया। वहीं, निचले प्रदर्शन वाले ब्लॉकों में बसखारी, भियांव और अकबरपुर शामिल रहे। पिछली रैंकिंग में निचले तीन में रहने वाले जहांगीरगंज की स्थिति में इस बार सुधार दर्ज किया गया है।

## भीटी के राकेश वर्मा ने ड्रिप सिंचाई और इंटरक्रॉपिंग मॉडल अपनाया

# ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी की खेती से बदली तस्वीर

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले में आधुनिक बागवानी किसानों के लिए आय बढ़ाने का नया विकल्प बन रही है। भीटी विकासखंड के जैतपुर निधियांवा गांव के किसान राकेश कुमार वर्मा ने ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी की संयुक्त खेती कर इसकी मिसाल पेश की है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन और माइक्रो इरिगेशन योजना के सहयोग से शुरू की गई यह खेती अब बेहतर उत्पादन और अधिक आय का आधार बन रही है।

राकेश कुमार वर्मा ने एक हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रैगन फ्रूट का बाग लगाया है। इसके साथ इंटरक्रॉपिंग तकनीक अपनाते हुए आधा हेक्टेयर क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की खेती की। ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक के उपयोग से पानी की बचत हुई, खरपतवार पर नियंत्रण मिला और पौधों को आवश्यक पोषक तत्व समय पर उपलब्ध हुए। इससे उत्पादन की गुणवत्ता और लागत नियंत्रण, दोनों में लाभ मिला।

राकेश बताते हैं कि पहले पारंपरिक खेती से सीमित आय होती थी। एकीकृत बागवानी विकास मिशन और 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' माइक्रो इरिगेशन योजना के तहत ड्रिप सिंचाई की सुविधा मिलने के बाद उन्होंने आधुनिक बागवानी की ओर कदम बढ़ाया। इससे पानी की बचत हुई और उत्पादन क्षमता में भी सुधार आया।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि जिले में बड़े स्तर पर ड्रैगन फ्रूट की खेती का यह पहला प्रमुख मॉडल है। उद्यान विभाग किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री उपलब्ध करा रहा है। विभाग का मानना है कि आधुनिक तकनीक और योजनाओं के बेहतर उपयोग से जिले में बागवानी आधारित खेती को नई गति मिल सकती है।

### स्ट्रॉबेरी से आठ लाख की आय, ड्रैगन फ्रूट से बढ़ी उम्मीदें

किसान के अनुसार स्ट्रॉबेरी की फसल को बाजार में 350 से 400 रुपये प्रति किलोग्राम का भाव मिला। अब तक इससे लगभग आठ लाख रुपये की आय हो चुकी है। वहीं ड्रैगन फ्रूट की फसल भी तैयार हो गई है। उद्यान विभाग का अनुमान है कि दोनों फसलों से इस वर्ष 10 से 12 लाख रुपये तक की शुद्ध आय प्राप्त हो सकती है।

# मासूम पर हैवानियत के मामले में इंसाफ की राह तकता परिवार

## 12 वर्षीय बालक को बंधक बनाकर भाला घोंपने और सिगरेट से दागने का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता



राजेसुल्तानपुर (अम्बेडकरनगर)। राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के खरुवावं गांव में 12 वर्षीय बालक के साथ कथित रूप से हुई बर्बरता का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने बालक को बंधक बनाकर उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के पिता मान सिंह के अनुसार उनका 12 वर्षीय पुत्र सूरज सिंह गांव के ही दुर्गविजय सिंह के घर में मिला। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि दुर्गविजय सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर बालक को बंधक बनाया। उसके पैर में भाला घोंपा गया, शरीर पर सिगरेट से दागा गया और डंडों से मारपीट की गई। इससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों का कहना है कि काफी तलाश के बाद जब वे आरोपी के घर पहुंचे तो बालक घायल अवस्था में पड़ा मिला। आरोप है कि विरोध करने पर दुर्गविजय सिंह, शिव नंदन सिंह, आशीष सिंह, सत्यम सिंह समेत अन्य लोगों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया।

घायल बालक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के बाद परिजन राजेसुल्तानपुर थाने पहुंचे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेडिकल परीक्षण कराने के साथ मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परिजनों का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उनका आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे परिवार में भय बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

## न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर कब्जे का आरोप

### तेन्दुआई कला में गाटा संख्या 244 ख को लेकर विवाद

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। आलापुर तहसील क्षेत्र के तेन्दुआई कला गांव में न्यायालय में विचाराधीन भूमि पर कथित अवैध कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने उपजिलाधिकारी आलापुर को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। साथ ही आशंका जताई है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो विवाद गंभीर रूप ले सकता है। गांव निवासी लालमन और सौरभ ने बताया कि गाटा संख्या 244 ख (रकबा 0.095 हेक्टेयर) में उनका मालिकाना हक दर्ज है। इस भूमि से संबंधित नक्शा तरमीम का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष जमीन पर कब्जा कर निर्माण कराने का प्रयास कर रहा है।

प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव के गिरजाशंकर, अखिलेश और दुर्गेश न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद विवादित भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कराना चाहते हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जब उन्होंने न्यायालय में चल रही कार्यवाही का हवाला देकर निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया तो आरोपितों ने विरोध करते हुए अभद्रता की। पीड़ितों का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। उनका कहना है कि विवाद को लेकर गांव में तनाव का माहौल है और किसी भी समय अप्रिय घटना हो सकती है।

**घोषणा :** अब समय से पहले तय होंगे परीक्षा केंद्र, 20 जुलाई से शुरू होगी ऑनलाइन प्रक्रिया

# 2027 बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज ने वर्ष 2027 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण की समय-सारिणी जारी कर दी है। इस बार परीक्षा केंद्रों का चयन पिछले वर्षों की तुलना में पहले किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जिससे केंद्र निर्धारण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा सके।

जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ कुमार सिंह ने बताया कि परिषद के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को 20 जुलाई 2026 तक परिषद की वेबसाइट पर विद्यालय के भौतिक संसाधनों और आधारभूत सुविधाओं का विवरण ऑनलाइन अपलोड करना होगा। इसी आधार पर परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यदि किसी विद्यालय की मान्यता, भवन या अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कोई आपत्ति होती है तो ऐसे विद्यालयों की सूची 18 अगस्त को सार्वजनिक की जाएगी। इसके बाद 22 अगस्त से एक सितंबर तक प्रधानाचार्य, छात्र और अभिभावक ऑनलाइन माध्यम से अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। इन आपत्तियों का निस्तारण जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर पर किया जाएगा। आपत्तियों के निस्तारण के बाद सात सितंबर को संशोधित परीक्षा केंद्रों की सूची प्रकाशित की जाएगी। अंतिम स्तर पर प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के बाद 18 सितंबर 2026 तक परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची परिषद की वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ कुमार सिंह ने बताया कि परिषद ने सभी जिलों को निर्धारित समय-सारिणी का पालन करने के निर्देश दिए हैं। इससे वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों का निर्धारण समय से पूरा होगा और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न की जा सकेगी।

**18 सितंबर तक जारी होगी हाईस्कूल-इंटर की अंतिम केंद्र सूची**

> ऑनलाइन विवरण अपलोड होने के बाद तहसील स्तरीय समिति तीन अगस्त तक विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करेगी। सत्यापन रिपोर्ट 10 अगस्त तक परिषद के पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इसके आधार पर परिषद 17 अगस्त को प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की पहली सूची जारी करेगी।

## दोना-पत्तल उद्योग को मिलेगी नई रफ्तार

### 15 दिन में सभी मशीनें चलाने का अल्टीमेटम

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों के बीच विकासखंड भीटी की ग्राम पंचायत चाचिकपुर में संचालित दोना-पत्तल उद्योग का जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उत्पादन व्यवस्था, मशीनों के संचालन और तैयार उत्पादों के विपणन की समीक्षा की गई। सभी मशीनों के पूर्ण क्षमता से संचालित न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और ब्लॉक मिशन मैनेजर को 15 दिनों के भीतर सभी मशीनों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गंगा महिला आजीविका स्वयं सहायता समूह और रोशनी महिला आजीविका स्वयं सहायता समूह की ओर से संयुक्त रूप से संचालित इस इकाई में जिलाधिकारी ने उत्पादन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मशीनों के नियमित संचालन से उत्पादन बढ़ेगा और अधिक महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होगा। इसके लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तैयार उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग को और बेहतर बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यदि उत्पाद आकर्षक पैकेजिंग और बेहतर गुणवत्ता के साथ बाजार में पहुंचेंगे तो उनकी मांग बढ़ेगी।

## सम्पादकीय

# घटिया निर्माण



इससे शर्मनाक और कुछ नहीं हो सकता कि जिस दिल्ली-देहरादून इकोनमिक कारिडोर का उद्‌घाटन इसी अप्रैल में प्रधानमंत्री ने किया था, उसकी सड़क पहली बरसात में ही धंस गई। यह सड़क इतनी बुरी तरह धंसी कि कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। यह गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई, लेकिन यह प्रश्न तो उठेगा ही कि आखिर कोई नई बनी सड़क ढाई माह में ही पहली बरसात का सामना क्यों नहीं कर पाई? इस प्रश्न का संभावित उत्तर यही हो सकता है कि या तो सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया या फिर जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई। कारण कुछ भी हो, इस तरह के मामले सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की ही कहानी कहते हैं। यह कोई पहला मामला नहीं, जब कोई नई बनी सड़क धंस गई हो। इस तरह की घटनाएं रह-रहकर सामने आती रहती हैं।

कभी नई बनी सड़क धंस जाती है तो कभी नया बना पुल क्षतिग्रस्त हो जाता है। कुछ मामले तो ऐसे भी सामने आए हैं कि कोई पुल उद्‌घाटन के पहले ही गिर गया। समस्या केवल यही नहीं कि सड़कों और पुलों के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जाता। समस्या यह भी है कि कई बार उनकी डिजाइन में तमाम खामियां होती हैं, जिसके चलते दुर्घटनाएं होती हैं। यह ठीक है कि दिल्ली-देहरादून इकोनमिक कारिडोर की सड़क धंसने के मामले को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गंभीरता से लिया और संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर एवं टीम लीडर को निलंबित करने के साथ कारिडोर का रखरखाव करने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन यदि इस मामले में कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाती तो आगे भी ऐसे शर्मनाक मामले देखने को मिलेंगे। यह ध्यान रहे कि निलंबन या स्थानांतरण कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती।


ज्यादातर मामलों में निलंबित अधिकारी कुछ समय बाद या तो बहाल हो जाते हैं या फिर उनका स्थानांतरण कर दिया जाता है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार कंपनियां यदि कभी काली सूची में डाली भी जाती हैं तो कुछ समय बाद वे इस सूची से बाहर आ जाती हैं या फिर नाम बदलकर नए सिरे से सक्रिय हो जाती हैं। यदि सड़कों, पुलों और बुनियादी ढांचे संबंधी अन्य निर्माण की गुणवत्ता में अनदेखी के सिलसिले को रोकना है तो संबंधित अधिकारियों को कठोर दंड का भागीदार बनाना होगा। अपने देश की समस्या यह है कि घटिया निर्माण या फिर सार्वजनिक सुरक्षा उपायों की अनदेखी के चलते होने वाले बड़े से बड़े हादसों के दोषी किसी अधिकारी की नौकरी मुश्किल से ही जाती है, क्योंकि जांच नौकरशाह करते हैं और वे येन-केन-प्रकारेण अपने साथी नौकरशाहों का बचाव ही करते हैं। इसका ही नतीजा है कि घटिया निर्माण का सिलसिला थम नहीं रहा है।


# लड़ाईं से मित्रता की ओर

जीवन में आपसी मतभेद में थोड़ा गम खींच लीजिये और जबान पर लगाम लगा कर देखिये। मनभेद नहीं होगा। हमारा जीवन एक दूसरे पर आश्रित है एक का प्रभाव दूसरे पर निश्चित ही पड़ता है । विचारों के आदान-प्रदान में मतभेद तो हो सकता हैं , हर के भिन्न विचार होना भी ग़लत नहीं हैं परन्तु यह दोगला पन असली-नक़ली की परत तन-मन-वचन-जीवन की एकरूपता आदि- आदि को खंडित करता है। वह जिसके मन में गठबंधन ही मनभेद का सृजन करते है। यही मनभेद नीचता व क्रूरता में भी बदल जाता है जिसके कारण विघटन की कारगुज़ारी होती है। जंहा दो बरतन होंग़े,वंहा खड़-खड़ की आवाज आयेगी।ठीक वैसे ही जंहा दो विचार वाले व्यक्ति होंग़े वंहा मतभेद होना निश्चित है। मतभेद होना कोई ग़लत नहीं है।हर व्यक्ति का अपने सोच का अलग नज़रिया होता है।पर कभी-कभी हम उस मतभेद को अपनी प्रतिष्ठा मान कर सामने वाले व्यक्ति से मनभेद कर लेते हैं।आप सोच कर देखना कि जब मनभेद होगा वंहा नफ़रत के बीज भी अंकुरित होंग़े।वो ही नफ़रत धीरे-धीरे एक पेड़ जैसे बढ़ता है ठीक वैसे ही वो मनभेद दुश्मनी का रूप धारण कर लेता है।हम उस इंसान से नफ़रत करना शुरू कर देते हैं।जिसके कारण मन की शांति खोने के साथ कर्मों का बंधन भी बांधना शुरू कर लेते हैं। इसलिये जीवन में कभी किसी के साथ मतभेद हो जाये तो या तो बात को आयी-गयी कर दो,या सामने वाले से खमत-खामणा करके अपने दिल को हल्का कर लीजिये।जीवन में शांति और आनंद की अनुभूति रहेगी। बहस और मदभेद हर रिश्तें में आतें हैं, पर उसमें कटुता नहीं पनपने दें । हम मित्रता का भाव बनाए रखें क्योंकि मित्रता हर तूफान में रिश्तें को संभालने की ताकत देती हैं । आदमी की अपनी-अपनी सोच है, अपना-अपना विचार है। ऐसे में जब कोई समझ लेता है मेरा ही सर्वश्रेष्ठ विचार है और यही सही सोच का आधार है तो स्वाभाविक भिन्न चिन्तन वाले के साथ मतभेद है। धीरे धीरे मतभेद मनभेद का रूप ले लेता है जो व्यक्तिगत से बढ़ते-बढ़ते सामाजिक आशांति का स्वरूप ले लेता है । मतभेद को मनभेद मत होने दो। शांति उलझते रहने में नहीं मिटाने में ही है । शांति का भी एक ही तरीका क्षमायाचना है ।या तो कर लो और भूल जाओ या सामने वाला न भी मांगे तो भी शुद्ध मन से कर दो और भूल जाओ।

> प्रदीप छाजेड़

# नए भारत के शिल्पकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी





> डॉ. मुखर्जी लोकतंत्र को केवल चुनावों तक सीमित नहीं मानते थे। उनके लिए लोकतंत्र का अर्थ था- नागरिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी, समान अधिकार और राष्ट्रहित सर्वोपरि। उन्होंने सत्ता के विरोध में भी वही कहा जिसे वे राष्ट्रहित में उचित मानते थे। नेहरू मंत्रिमंडल से उनका त्यागपत्र सिद्धांतों की राजनीति का उत्कृष्ट उदाहरण है।

भारत का इतिहास केवल उन व्यक्तियों को याद नहीं रखता जिन्होंने सत्ता संभाली, बल्कि उन महापुरुषों को भी स्मरण करता है जिन्होंने राष्ट्र के भविष्य की दिशा निर्धारित की। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही राष्ट्रपुरुष एवं राष्ट्र-निर्माता थे, जिनकी दृष्टि तत्कालीन राजनीति की सीमाओं से कहीं आगे जाकर एक शक्तिशाली, आत्मनिर्भर, सांस्कृतिक रूप से जागृत और अखण्ड भारत के निर्माण पर केन्द्रित थी। उनकी 125वीं जयंती ऐसे समय में मनाई जा रही है जब भारत 'विकसित भारत-2047' के राष्ट्रीय संकल्प के साथ विश्व की अग्रणी शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह केवल एक संयोग नहीं, बल्कि इतिहास का वह बिंदु है जहाँ डॉ. मुखर्जी के विचार और वर्तमान भारत की विकास यात्रा एक-दूसरे से मिलते दिखाई देते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन केवल एक राजनेता का जीवन नहीं था, वे एक विलक्षण शिक्षाविद्, दूरदर्शी चिंतक, निर्भीक राष्ट्रवादी, कुशल प्रशासक और लोकतांत्रिक मूल्यों के सजग प्रहरी थे। उन्होंने राष्ट्रवाद को कभी संकीर्ण राजनीतिक विचारधारा नहीं माना, बल्कि उसे भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय एकता और जनकल्याण का आधार बताया। उनका मानना था कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं का नाम नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की सांस्कृतिक चेतना से निर्मित एक जीवंत राष्ट्र है।

आज जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत', 'आत्मनिर्भर भारत', 'विकसित भारत-2047' और 'विश्वगुरु भारत' की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में जुटे हैं, तब डॉ. मुखर्जी की वैचारिक विरासत और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी अनेक अवसरों पर उन्हें आधुनिक भारत के महान निर्माताओं में स्थान दे चुके हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय केवल एक संवैधानिक परिवर्तन नहीं था, बल्कि डॉ. मुखर्जी के उस अधूरे संकल्प की ऐतिहासिक पूर्णता थी जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन तक न्योछावर कर दिया था। डॉ. मुखर्जी ने स्पष्ट कहा था' 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।' यह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि भारत की अखण्ड राष्ट्रीय चेतना का उद्‌घोष था। उन्होंने यह सिद्ध किया कि राष्ट्रीय एकता किसी समझौते का विषय नहीं हो सकती। आज जम्मू-कश्मीर का पूर्ण संवैधानिक एकीकरण उनके बलिदान का जीवंत स्मारक है। डॉ. मुखर्जी का व्यक्तित्व जितना राजनीतिक था, उससे कहीं अधिक बौद्धिक और शैक्षणिक था। मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बनना उनकी असाधारण प्रतिभा का प्रमाण था। उन्होंने शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार माना। उनका विश्वास था कि ऐसी शिक्षा, जिसमें विज्ञान की आधुनिकता और अध्यात्म की संवेदनशीलता का समन्वय हो, वही भारत को पुनः विश्वगुरु बना सकती है। आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परम्परा, मातृभाषा, अनुसंधान और नवाचार पर जो बल दिया जा रहा है, उसमें भी कहीं न कहीं डॉ. मुखर्जी की शिक्षा-दृष्टि की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को भी आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और उत्पादन-आधारित विकास से जोड़कर देखा। उनका मानना था कि आर्थिक स्वतंत्रता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता अधूरी है। आज भारत विनिर्माण, डिजिटल तकनीक, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, रक्षा उत्पादन और वैश्विक निवेश के क्षेत्र में जो नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है, वह उसी आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करता है जिसका बीजारोपण स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों में अनेक राष्ट्रनिर्माताओं ने किया था। आज जब राजनीति में मूल्य, नैतिकता और वैचारिक प्रतिबद्धता की चर्चा होती है, तब उनका जीवन आदर्श प्रेरणा बनकर सामने आता है। भारत के विभाजन के समय उन्होंने बंगाल के हिंदू-बहुल क्षेत्रों को भारत में बनाए रखने के लिए जो संघर्ष किया, वह उनके दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण था। यदि उनका हस्तक्षेप न होता तो आज का पश्चिम बंगाल भी भारत का हिस्सा न होता। उन्होंने विभाजन को ऐतिहासिक विवशता माना, लेकिन सांस्कृतिक भारत की एकता को कभी खंडित नहीं माना। उनका अखण्ड भारत का विचार किसी भू-राजनीतिक विस्तार का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता, साझा विरासत और सभ्यतागत एकात्मता का विचार था। डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने ऐसी राजनीतिक संस्कृति की नींव रखी जिसमें राष्ट्र सर्वोपरि हो, शासन पारदर्शी हो और राजनीति सेवा का माध्यम बने। आज भारतीय लोकतंत्र जिस परिपक्वता के साथ विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में प्रतिष्ठित है, उसमें उनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। उन्होंने वैचारिक विपक्ष को लोकतंत्र की आवश्यक शक्ति माना और स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद का समर्थन किया। आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का राष्ट्रीय लक्ष्य केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक आत्मविश्वास, तकनीकी नेतृत्व, पर्यावरणीय संतुलन, सुशासन और वैश्विक उत्तर-दायित्व का समेकित संकल्प है। इस संकल्प की वैचारिक भूमि पर यदि किसी राष्ट्रपुरुष की छाप स्पष्ट दिखाई देती है, तो उनमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका विश्वास था कि भारत अपनी सांस्कृतिक आत्मा को सुरक्षित रखते हुए ही आधुनिकता का नेतृत्व कर सकता है। यही आज के नए भारत की मूल पहचान भी बन रही है। भारत की युवा पीढ़ी के लिए डॉ. मुखर्जी का जीवन विशेष प्रेरणा है। उन्होंने सिद्ध किया कि आयु नहीं, दृष्टि राष्ट्र निर्माण करती है। युवा कुलपति, युवा सांसद, युवा केंद्रीय मंत्री और एक नए राजनीतिक आंदोलन के संस्थापक के रूप में उन्होंने युवाओं को नेतृत्व, साहस और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। आज जब भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है, तब उनके विचार युवाओं को केवल सफल नहीं, बल्कि उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

**ललित गर्ग**

## बनारस में समाजवादी...

अशोक त्रिपाठी

# सपा कार्यकर्ताओं का अति उत्साह




उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अब नजदीक आ रहे हैं। सभी राजनीतिक दल जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दल भी अपने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक की तैयारी करने को कह रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का लखनऊ दौरा इसी संदर्भ में देखा जाता है। उनकी सहयोगी अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने भी गत 2 जुलाई को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जन स्वाभिमान दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में जुट जाने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि हमारे दल को राजनीतिक विरोधी कभी वोट कटवा कहकर उपहास उड़ाते थे लेकिन आज वह 13 विधायकों के साथ सरकार में साझेदार है। इसी प्रकार कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र गौतम अपने कार्यकर्ताओं से कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्फ कांग्रेस ही हरा सकती है। हालांकि इस संदेश का निशाना समाजवादी पार्टी की तरफ ज्यादा है जो 2027 में प्रदेश में सरकार बनाने की प्रबल संभावनाएं देख रही है। इसका कारण 2024 के लोकसभा चुनाव हैं जिनमें अखिलेश यादव के पीडीए समीकरण ने भाजपा को पछाड़ दिया था। सपा कार्यकर्ताओं में अति उत्साह देखा जा रहा है। अभी गत 1 जुलाई को सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर बनारस में सपा कार्यकर्ताओं ने एक ऐसा पोस्टर जारी किया जिसमें उन्हें भगवान विष्णु (कृष्ण रूप) के अवतार में दिखाकर उनकी पूजा-अर्चना की गयी। सपा कार्यकर्ताओं का यह अति उत्साह अखिलेश यादव के लिए भारी पड़ सकता है। बिहार में तेजस्वी यादव के लिए इसी तरह का अति उत्साह राजद कार्यकर्ता भी दिखा रहे थे जिसका मतदाताओं पर गलत असर पड़ा था। हालांकि सपा नेताओं ने अखिलेश यादव के जन्मदिन से ही गांव-गांव डिजिटल ऐप के जरिए सदस्य बनाने की शुरुआत की है। अखिलेश यादव को यह याद रखना होगा कि योगी आदित्यनाथ समाजवादी पार्टी की गुण्डागर्दी की याद अक्सर दिलाते रहते हैं।

बनारस में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिन पर एक विवादित पोस्टर जारी किया गया था। इस पोस्टर में अखिलेश यादव को भगवान विष्णु (कृष्ण रूप) के अवतार में दिखाकर उनकी पूजा-अर्चना की गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस घटना के बाद से सनातन धर्म के अनुयायियों, संतों, महंतों और ब्रजवासियों में गहरा रोष व्याप्त है। मामले पर आपत्ति जताते हुए फलाहारी महाराज दिनेश शर्मा ने कहा है कि किसी भी इंसान की तुलना भगवान से नहीं की जा सकती। उन्होंने इसे सनातन धर्म का उपहास उड़ाने वाला कृत्य बताते हुए सरकार से दोषी कार्यकर्ताओं पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के मुख्य पक्षकार फलाहारी महाराज दिनेश शर्मा ने कहा कि किसी भी राजनीतिक व्यक्ति या सामान्य इंसान की तुलना भगवान से करना धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य है। उन्होंने कहा कि भगवान के स्वरूप का इस प्रकार राजनीतिक प्रचार या व्यक्तिपूजा के लिए उपयोग करना सनातन परंपरा का अपमान है। इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आस्था से जुड़े विषयों पर सभी राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं को संयम बरतना चाहिए। इस घटना के बाद ब्रज क्षेत्र के कई संतों और धर्माचार्यों ने भी नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि धार्मिक आस्था का सम्मान बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार का ऐसा कृत्य, जिससे समाज में विवाद या धार्मिक भावनाएं आहत हों, उससे बचना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन ऐसे समय पर आया है, जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो चुकी हैं। माना जा रहा है कि अखिलेश यादव के जन्मदिन के साथ ही समाजवादी पार्टी ने अपने चुनावी अभियान का औपचारिक आगाज कर दिया है। जन्मदिन के अवसर पर अखिलेश यादव ने प्रदेशव्यापी डिजिटल सदस्यता अभियान की शुरुआत की है और समाजवादी पार्टी ऐप भी लांच किया है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के जरिए पार्टी बड़े स्तर पर लोगों तक पहुंचेगी और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि आज से पार्टी का चुनावी अभियान शुरू हो गया है। पार्टी जनता के बीच बेरोजगारी, महंगाई, किसानों को समय पर खाद न मिलना, किसानों की समस्याओं का समाधान न होना, नीट पेपर लीक और राम मंदिर के चढ़ावे में गड़बड़ी जैसे मुद्दों को लेकर जाएगी।

## भारत में पेट्रोल...

वीपी राहुल

# इथेनॉल मिश्रित ईंधन की बढ़ती भूमिका

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में इथेनॉल मिश्रित ईंधन का समर्थन करते हुए कहा कि इथेनॉल का उपयोग केवल सामान्य वाहनों में ही नहीं, बल्कि रेसिंग कारों में भी किया जाता है। उनके अनुसार, इथेनॉल इंजन की गति बढ़ाने, बेहतर एक्सेलरेशन देने और नॉकिंग (इंजन में होने वाली अनियमित कंपन) को कम करने में सहायक होता है।

भारत में पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने की सरकारी नीति एक बार फिर चर्चा में है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में इथेनॉल मिश्रित ईंधन का समर्थन करते हुए कहा कि इथेनॉल का उपयोग केवल सामान्य वाहनों में ही नहीं, बल्कि रेसिंग कारों में भी किया जाता है। उनके अनुसार, इथेनॉल इंजन की गति बढ़ाने, बेहतर एक्सेलरेशन देने और नॉकिंग (इंजन में होने वाली अनियमित कंपन) को कम करने में सहायक होता है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अधिक इथेनॉल मिश्रण से माइलेज में थोड़ी कमी आ सकती है, लेकिन इसके कई अन्य लाभ इस कमी की भरपाई करते हैं। मंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई, जिसका सीधा असर भारत की सरकारी तेल विपणन कंपनियों पर पड़ा। सरकार के अनुसार, जून 2026 तक पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस को लागत से कम कीमत पर बेचने के कारण तेल कंपनियों को लगभग 74,781 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। अप्रैल से जून 2026 की अवधि में कुल अंडर-रिकवरी 1.88 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गई। ऐसी परिस्थितियों में सरकार का मानना है कि पेट्रोल में इथेनॉल का अधिक मिश्रण भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। भारत अपनी पेट्रोलियम आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था, विदेशी मुद्रा भंडार और आम उपभोक्ताओं पर पड़ता है। यदि पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा बढ़ाई जाती है तो कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगी और आयात बिल में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। इथेनॉल मुख्य रूप से गन्ने, मक्का तथा अन्य कृषि उत्पादों से तैयार किया जाता है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह एक नवीकरणीय और अपेक्षाकृत स्वच्छ ईंधन है। इसके उपयोग से कार्बन डाइऑक्साइड सहित कई प्रदूषक गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है।हरदीप सिंह पुरी ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार इथेनॉल मिश्रण बढ़ाने का कोई भी निर्णय व्यापक वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद ही लेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत में ई-20 यानी 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल उपलब्ध है। यदि भविष्य में इसे बढ़ाकर ई-25 किया जाएगा तो उससे पहले भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग , ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया तथा अन्य संबंधित संस्थाओं से व्यापक परामर्श और तकनीकी परीक्षण किए जाएंगे।

## जरा हटके

## यूएफओ और एलियन...

अशोक त्रिपाठी

# आदमी अब बनाएगा जीव !



आदमी अथवा उसकी मशीनों से बनाए गये खिलौने आज्ञा पालक रोबोट तो आप सभी ने देखे हैं लेकिन तैयार रहिए उस जीव को देखने के लिए जो इंसान प्रयोगशाला में बनाएगा। यह जीव खूबसूरत होगा अथवा बंदर जैसा डरावना होगा अथवा शेर जैसा खूंखार भी हो सकता है। जुरासिक पार्क फिल्म को सच्चाई में देखने का समय आ गया है। मिनेसोटा यूनिवर्सिटी में सिंथेटिक बायोलाजिस्ट और प्रोफेसर केट अडमाला ने बेजान केमिकल कम्पाउंड को आपस में मिलाकर सेल (कोशिका) बनाया है जो प्राकृतिक सेल की तरह ही खाना खा सकता है और अपने जैसी दूसरी कोशिकाएं भी बना सकता है। किसी भी जीव के निर्माण की यही प्रक्रिया होती है। ये सेल एक वैक्टीरिया जैसा दिखता है और विज्ञान के क्षेत्र में बहुत बड़ी क्रांति ला सकता है। चिकित्सा में जीवन रक्षक दवाओं से लेकर अंतरिक्ष की उड़ानों और स्मार्टफोन के जरिए वैश्विक सम्पर्क तक विज्ञान के चमत्कार भरे पड़े हैं। अब तो अमेरिका ने दूसरे ग्रहों पर संभावित एलियन पर अध्ययन के लिए खगोल वैज्ञानिकों की एक टीम ही गठित कर दी है। अमेरिका के पेंटागन में एलियन के बारे में जो जानकारी वर्षों से गुप्त रखी गयी थी, उसे ट्रम्प प्रशासन ने सार्वजनिक कर दिया है। यह भी पता चला है कि अमरिका के पास चार प्रकार के एलियन हैं। हमारा भारतीय दर्शन कहता है कि सभी जीवों को भगवान ने बनाया है। इंसान अब विज्ञान के कंधे पर सवार होकर जीवन बनाने की दहलीज पर खड़ा हो गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने पहली बार बिल्कुल शुरू से एक ऐसा सेल (कोशिका) बनाया है जो नेचुरल सेल की तरह ही खाना खा सकता है, खुद बढ़ सकता है और अपने जैसे दूसरे सेल बना सकता है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हुई यह बड़ी कामयाबी है क्योंकि अब इससे भविष्य में जरूरत के हिसाब से जीवों को बनाने का दौर आ सकता है जो जीवित मशीनों की तरह काम करेंगे। हो सकता है यही रिसर्च आधार बने और भविष्य में ऐसे आर्टिफिशियल जीव बने जिन्हें दवाएं, भोजन, ईंधन और दूसरी चीजें बनाने के लिए डिजाइन और तैयार किया गया हो। उससे भी बड़ी बात कि इससे इस सवाल का जवाब भी मिल सकता है कि कैसे बेजान चीजें आपस में मिलकर एक सीमा से आगे जाकर जीवन का रूप ले लेती हैं, यह कमाल मिनेसोटा यूनिवर्सिटी में सिंथेटिक बायोलॉजिस्ट और प्रोफेसर केट अडमाला और उनकी टीम ने किया है। उन्होंने बेजान केमिकल कंपाउंड को आपस में मिलाकर जीवित सेल बनाया है और इसे नाम दिया स्पडसेल्स। यह एक सीमित और नाजुक प्रोटोटाइप है, लेकिन इससे वैज्ञानिकों को जीवन की शुरुआत को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिल सकती है और इसे दुनिया की कुछ सबसे बड़ी बायोलॉजिकल समस्याओं को कम करने के लिए प्रोग्राम भी किया जा सकता है। यह सेल किसी खास तरह का नहीं है यानी यह न तो किसी पौधे का और न ही जानवर का है लेकिन यह काफी हद तक एक साधारण बैक्टीरिया जैसा दिखता है। इस रिपोर्ट के अनुसार प्रोफेसर केट अडमाला ने कहा कि मुझे सेल में इस्तेमाल होने वाली सभी चीजों की पूरी लिस्ट पता है, मुझे ठीक-ठीक पता है कि कौन से केमिकल, कौन से मॉलिक्यूल और कितनी मात्रा में इस्तेमाल हुए हैं। यह पूरी तरह से परिभाषित है, जिसका मतलब है कि हम इसे इंजीनियर कर सकते हैं। यानी खुद बना सकते हैं। वैज्ञानिक दशकों से इंसानी समस्याओं को हल करने के लिए नेचुरल सेल को बायो-इंजीनियरिंग करते रहे हैं। यानी उसी सेल में बदलाव किया गया। इसका एक सशक्त उदाहरण यह है कि कैसे इंसानी इंसुलिन जीन को ईए कोली बैक्टीरिया सेल में डालकर इंसुलिन बनाया जा सकता है और डायबिटीज का इलाज किया जा सकता है।

लेकिन नेचुरल सेल्स में बदलाव करने के बजाय, प्रोफेसर केट अडमाला की टीम ने स्पडसेल्स को बिल्कुल शुरू से बनाया ताकि हर हिस्से की जानकारी और समझ हो। उन्होंने पानी से भरे छोटे गोलों से शुरुआत की, जिन्हें लिपोसोम कहा जाता है और जो मिलीमीटर के कुछ हजारवें हिस्से जितने चौड़े होते हैं। उन्होंने इनमें थोड़ा सिंथेटिक डीएनए भी जोड़ा ताकि ये बुनियादी काम कर सकें। अब सिंथेटिक सेल को अगला बड़ा कदम माना जा रहा हैं। इनसे कैंसर के नए इलाज और कार्बन को पकड़ने या केमिकल बनाने के नए तरीके विकसित हो सकते हैं। ध्यान रहे कि सेल जीवन की बुनियादी इकाई हैं, लेकिन वे बिल्कुल भी सरल नहीं हैं। इंसानी शरीर में 37 लाख करोड़ सेल होते हैं, जो आसमान में मौजूद तारों की संख्या से भी ज्यादा हैं, और वैज्ञानिक अभी भी नहीं जानते कि हर अलग तरह का सेल कैसे काम करता है या उनमें असल में क्या होता है। सिंथेटिक बायोलॉजी का क्षेत्र स्टेम सेल रिसर्च से अलग है। स्टेम सेल में वैज्ञानिक बायोलॉजिकल स्रोतों से मिले मौजूदा सेल को रीप्रोग्राम और उनमें बदलाव करते हैं।

यूएफओ और एलियन को लेकर अक्सर चर्चा होती है। अमेरिका पर एलियन के रहस्य को छिपाने के वर्षों से आरोप लगते आ रहे हैं। अमेरिका ने हाल ही में यूएफओ और एलियंस से जुड़ी फाइलें जारी की हैं। इनमें सैकड़ों नए वीडियो, फोटो और पुराने सरकारी रिकॉर्ड शामिल हैं। अब इस बीच सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) से जुड़े और शोधकर्ता हैल पुटहॉफ ने चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने बताया कि अमेरिका को क्रैश हुए अनआइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट (यूएफओ) से चार अलग-अलग प्रजाति के एलियन मिले हैं। अमेरिकी मीडियो रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने द डायरी ऑफ ए सीईओ पॉडकास्ट में फिल्ममेकर डैन फराह के साथ बातचीत में यह खुलासा किया है। इनमें एक है ग्रेज।

## बिजली का बिल कम हो जाएगा, आप ये सुनिश्चित कर लें कि पैनल क्वॉलिटी अच्छी है या नहीं

# यूपी में सोलर लगवाने पर मिल रहे 1.08 लाख रुपए

**सुविधा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। आप अपने घर का बिजली का बिल 'शून्य' कर सकते हैं। यानी बिजली तो उतनी ही इस्तेमाल करेंगे, लेकिन बिल नहीं चुकाना पड़ेगा। इसके लिए आपको अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने होंगे। खर्च भी ज्यादा नहीं आता है, क्योंकि सरकार 1.08 लाख रुपए तक की सब्सिडी देती है। आपको अपने घर के बिजली के लोड के हिसाब से सोलर पैनल लगवाना होगा। जरूरी है कि आप ये सुनिश्चित कर लें कि पैनल क्वॉलिटी अच्छी है या नहीं। पुराने



शहर में रहने वाले आलोक श्रीवास्तव हर महीने 3 से 4 हजार रुपए बिजली का बिल चुका रहे थे। उन्होंने अपने घर की छत पर 4 KW का सोलर पैनल लगवा लिया। वह बताते हैं- धूप अच्छी निकलने पर हर दिन पैनल करीब 25 यूनिट बिजली बनाते हैं। महीने में यह 750 यूनिट होता है। अब अगर वो 750 यूनिट तक बिजली खर्च करते हैं, तो बिल में केवल मीटर चार्ज जुड़ता है। जो 300 रुपए के आसपास होता है। अगर 750 यूनिट से ज्यादा खर्च करते हैं, तब 7 यूनिट के हिसाब से बिल चुकाना पड़ता है। रूफटॉप सोलर यानी घर की छत पर सोलर प्लांट लगाने के मामले में यूपी देश में पहले नंबर पर है। यहां रोजाना करीब 2 हजार रूफटॉप सोलर लगाए जा रहे हैं। इसके लिए 6 हजार से ज्यादा रजिस्टर्ड वेंडर काम कर रहे हैं। फरवरी, 2024 से जून 2026 तक करीब 5.57 लाख से ज्यादा सोलर लगाए जा चुके हैं। इनमें 9200 सरकारी और 691 निजी कॉमर्शियल बिल्डिंगों और जल जीवन मिशन के तहत बनने वाली पानी की टंकियों और ट्यूबवेल/पंपिंग स्टेशनों की जमीन पर भी सोलर प्लांट इंस्टॉल किए गए हैं।

### सोलर पैनल लगाने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

घर में सोलर पैनल लगवाने से पहले कुछ जरूरी बातों की जांच करनी जरूरी है। 1 किलोवाट के सिस्टम के लिए करीब 100 वर्गफीट जगह की जरूरत होती है। वहीं, 3 किलोवाट के लिए 300 वर्गफीट जगह जरूरी होती है। सोलर ऐसी जगह लगवाएं, जहां दिनभर अच्छी धूप आए। पेड़ या इमारत की छाया से बिजली उत्पादन 30-40% तक घट सकता है। पैनल काफी वजनी होते हैं, इस लिए छत की मजबूती की जांच भी जरूरी है। समय-समय पर सफाई और मेंटेनेंस भी होती रहना चाहिए, जिससे सिस्टम बेहतर बिजली देता रहे।

> यह सिस्टम बिजली विभाग के ग्रिड से जुड़ा नहीं होता। इसके लिए बैट्री लगानी जरूरी होती है। यह घर में लगने वाले इन्वर्टर सिस्टम की तरह ही काम करती है। बस फर्क इतना होता है कि यह सरकारी ग्रिड (बिजली विभाग) से आने वाली बिजली के बजाय सोलर से बनने वाली बिजली बैट्री में स्टोर करता है। बिजली कटने पर यह सिस्टम सप्लाई चालू रखता है।

### सोलर पैनल के लिए बैंक देता है लोन

3 kW का सोलर सिस्टम लगवाने पर अलग-अलग ब्रांड के हिसाब से 1.68 लाख से 1.93 लाख तक का खर्चा आता है। इसमें सोलर पैनल, इन्वर्टर, स्ट्रक्चर, वायरिंग और इंस्टॉलेशन का खर्च शामिल होता है।

अगर आपके पास पूरे पैसे नहीं हैं, तो किसी भी सरकारी या प्राइवेट बैंक से सोलर लोन भी ले सकते हैं। सरकारी बैंक की ब्याज दरें 7% के आसपास होती हैं। वहीं, प्राइवेट बैंक 9% से 12% तक ब्याज लेते हैं। सब्सिडी मिलने पर उसे लोन अकाउंट में जमा कर सकते हैं। इससे महीने की EMI घट जाएगी और आपका कुल खर्च 60 हजार से 85 हजार के आसपास होगा।



### ऑन-ग्रिड सोलर सिस्टम क्या है

यह सिस्टम बिजली विभाग के ग्रिड से जुड़ा होता है। दिन में सोलर से बनी बिजली का इस्तेमाल घर में होता है। बची हुई बिजली नेट मीटर के जरिए ग्रिड में चली जाती है। रात में बिजली ग्रिड से मिलती है। महीने के आखिर में ग्रिड को भेजी गई और ली गई बिजली के हिसाब से बिल बनता है।

बैट्री की वजह से इसकी लागत ऑन-ग्रिड सिस्टम से ज्यादा होती है। नॉर्मल बैट्री को हर 5-7 साल में बदलना पड़ता है। लिथियम-आयन बैट्री 10-12 साल तक चल सकती है।

**फास्ट न्यूज**

### दिव्यांग खिलाड़ी 150 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी

दुबग्गा। लखनऊ में शनिवार को एक दिव्यांग खिलाड़ी 150 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गई। उसका आरोप है कि साथी दिव्यांग खिलाड़ी ने उसके साथ रेप किया है। उसके (आरोपी के) साथ उसकी शादी कराई जाय या फिर रेप की FIR लिखी जाए। पुलिस ने उस दिव्यांग खिलाड़ी को करीब 2 घंटे तक मनाया तब वह नीचे उतरी।

मामला पारा थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर का है।

### बहू से रेप करने वाला रेलवे का सेक्शन इंजीनियर गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकी और दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी ससुर को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रेलवे में सेक्शन इंजीनियर है। आरोपी के खिलाफ पहले दर्ज मुकदमे में विवेचना के दौरान दुष्कर्म की धारा भी बढ़ाई गई थी। गायत्री नगर निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 23 नवंबर 2023 को सेक्टर-ए महानगर निवासी अभिषेक तिवारी पुत्र मुकेश कुमार से हुई थी। शादी में करीब 55 लाख रुपए खर्च हुआ था।

### लखनऊ में नितिन नबीन ने शर्माजी की चाय पी

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन शनिवार को लखनऊ की मशहूर शर्माजी की चाय की दुकान पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ चाय की चुस्की ली और कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। उन्होंने कहा, "आज हम शर्माजी की चाय-मक्खन का लुत्फ उठाने आए हैं। चाय घर-घर से जुड़ा विषय है।

## जनता की अपेक्षाओं को पूरा करें विधायक : सतीश महाना

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ/कोलकाता। उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा का उपयोग केवल चर्चा के मंच के रूप में नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने तथा अपने सार्वजनिक जीवन की विश्वसनीयता और जनस्वीकार्यता को बढ़ाने के सशक्त माध्यम के रूप में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जितना अधिक जनता का विश्वास अर्जित करेगा, उतनी ही सहजता और प्रभावशीलता से वह अपने क्षेत्र तथा प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर सकेगा।

श्री महाना पश्चिम बंगाल विधानसभा में लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (PRIDE) तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों के दो



दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधायक का दायित्व है कि वह संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप कार्य करे। संविधान केवल अधिकारों का दस्तावेज नहीं, बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन की भी प्रेरणा देता है। जनप्रतिनिधियों को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी समुचित ज्ञान होना चाहिए।

विधानसभा समितियों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए श्री महाना ने कहा कि सदन की विभिन्न समितियां जनहित के अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरतापूर्वक कार्य करती हैं।

# 'यह मेरा अंतिम आम महोत्सव है'

## मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के एक बयान से बढ़ीं राजनीतिक अटकलें

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। 'मेरे लिए यह अंतिम आम महोत्सव है ' उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के इस बयान ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी।

शनिवार को लखनऊ में आयोजित आम महोत्सव के मंच से दिए गए इस बयान के बाद उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गईं। हालांकि, उन्होंने अपने इस बयान का कोई स्पष्ट राजनीतिक आशय नहीं बताया, लेकिन इसे 2027 के विधानसभा चुनाव और रायबरेली की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा-मुझे गर्व है कि मंत्री रहते हुए उद्यान विभाग के माध्यम से मैंने उत्तर प्रदेश के किसानों की पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सेवा करने का प्रयास किया।



### रायबरेली में बदला पावर सेंटर

दिनेश प्रताप सिंह विधान परिषद सदस्य (MLC) कोटे से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। वहीं रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा से विधायक मनोज कुमार पांडेय के भाजपा में आने के बाद उन्हें सीधे कैबिनेट मंत्री बनाया गया। इसके बाद से रायबरेली की राजनीति में दो प्रभावशाली शक्ति केंद्र बनने की चर्चा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कैबिनेट मंत्री होने के कारण मनोज पांडे का राजनीतिक कद अपेक्षाकृत बड़ा माना जा रहा है। ऐसे में दिनेश प्रताप सिंह के बयान को इसी बदलते राजनीतिक समीकरण से जोड़कर भी देखा जा रहा है।



### मंत्री पद के समीकरण भी चर्चा में



राजनीतिक जानकार यह भी मानते हैं कि वर्तमान सरकार में जिस सामाजिक और राजनीतिक संतुलन के आधार पर दिनेश प्रताप सिंह को मंत्री बनाया गया था, उसी दौरान मनोज पांडे को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया। यदि 2027 के बाद नई सरकार बनती है तो मंत्रिमंडल के गठन में नए राजनीतिक और सामाजिक समीकरण बनेंगे। ऐसे में दिनेश प्रताप सिंह की भविष्य की भूमिका को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं।

### 2027 के विधानसभा चुनाव का संकेत?

उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं और उसके बाद नई सरकार तथा नया मंत्रिमंडल बनेगा। ऐसे में कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिनेश प्रताप सिंह का बयान भविष्य की राजनीतिक परिस्थितियों और संभावित भूमिका को लेकर भी संकेत हो सकता है। हालांकि इस संबंध में मंत्री की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

### खुद भी घायल हो गया था, मृतक के परिजनों ने थाने के सामने प्रदर्शन किया

# लाठी-डंडों से हत्या करने वाला 24 घंटे में गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

मोहनलालगंज। पीजीआई थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव में हथियार, लाठी-डंडों, लोहे पटले से हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अखिलेश रावत को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर आरोप है कि उसने अन्य साथियों के साथ मिलकर 23 वर्षीय अभिषेक रावत को पीटकर मार डाला था।

पुलिस ने आरोपी अखिलेश रावत को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर से डिस्चार्ज होते ही हिरासत में ले लिया। वह भी शुक्रवार की घटना में घायल हो गया था। पुलिस ने बताया कि मामले में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं, शाम करीब 6:30 बजे मृतक



अभिषेक के परिजनों ने पीजीआई थाने के सामने सड़क जाम करने की कोशिश की।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अखिलेश रावत के खिलाफ पहले से ही लूट, डकैती, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार, मृतक की मां पुष्पा रावत की तहरीर पर बेटे की हत्या करने के मामले में आठ नामजद और कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि अभिषेक को सरथुआ गांव बुलाया गया और धारदार हथियारों, लाठी-डंडों और लोहे के पलटे से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल अभिषेक की इलाज के दौरान पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई थी।

### दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था

पूछताछ के दौरान आरोपी अखिलेश रावत ने पुलिस को बताया कि उसका और मृतक अभिषेक का लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश के चलते दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई थी।पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अखिलेश रावत के खिलाफ पहले से ही लूट, डकैती, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राजेंद्र चौधरी का हाल जानने लोहिया अस्पताल पहुंचे अखिलेश यादव

### दिल का दौरा पड़ने पर सिविल में कराया गया था भर्ती, रेफर के बाद चल रहा इलाज



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंचे। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सिविल अस्पताल के निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता के अनुसार, राजेंद्र चौधरी को शुक्रवार 3 जुलाई को करीब 11:40 बजे बेहोशी की



हालत में अस्पताल लाया गया था। उन्हें कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में भर्ती किया गया। डॉक्टरों की टीम ने लगभग एक घंटे तक सीपीआर, वेंटिलेटर सपोर्ट और अन्य आपातकालीन उपचार देकर उनकी धड़कन और रक्तचाप सामान्य किया। शनिवार को अखिलेश यादव लोहिया संस्थान पहुंचे और राजेंद्र चौधरी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों से उपचार की प्रगति पर चर्चा की और परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की। अस्पताल में सपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। राजेंद्र चौधरी का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में जारी है।

**प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति में सुधार होने पर दोपहर करीब पौने दो बजे एंबुलेंस से उन्हें लोहिया संस्थान के आईसीयू में शिफ्ट किया गया। वहां कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।**

# जन भवन में 'मैंगो बायर-सेलर मीट' का आयोजन किया गया

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा तीन दिवसीय "उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026" के दूसरे दिन शनिवार को जन भवन, लखनऊ में 'मैंगो बायर-सेलर मीट' का आयोजन किया गया।

जिसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

इस मीट में आम निर्यातकों और उत्पादकों के बीच अनुबंध (MoU) हुए, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के किसानों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों से सीधे जोड़कर आमों को वैश्विक बाजार और सही मूल्य दिलाना था।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश की भारत के कुल आम उत्पादन में 26% हिस्सेदारी है। उन्होंने उद्योगपतियों





से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ लगाने का आग्रह किया और योगी सरकार द्वारा 50% तक सब्सिडी का उल्लेख किया। उद्यान मंत्री ने जेवर एयरपोर्ट बनने से आमों के निर्यात में आसानी और किसानों की आय में वृद्धि की संभावना पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि राज्य की कुल कृषि भूमि में उद्यान फसलों का क्षेत्रफल केवल 9% होने के बावजूद, उनका उत्पादन में 42% और मूल्य में 52% योगदान है।

**घटना :** बोली- बाथरूम में पैर फिसल गया, शरीर पर मिले चोट के निशान

# बच्चे की मौत, मां हॉस्पिटल में छोड़कर भागी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । मड़ियांव थाना क्षेत्र में साढ़े चार साल के एक मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मां का कहना है कि 3 जुलाई को शाम 6 बजे वह बाथरूम में नहा रहा था। तभी पैर फिसलने से उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन उसे तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मौत की जानकारी मिलने के बाद महिला बच्चे को अस्पताल में छोड़कर चली गई थी और सुबह वापस आई। बच्चे के शरीर पर कई चोटों के निशान मिलने से मामला संदिग्ध हो गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही



अहम, मृतक

है। कुछ दिन बाद उन्नाव वापस लौटकर बच्चों को ससुराल में छोड़कर खुद बंधु खेड़ा उन्नाव स्थित अपने मायके चली गई। अप्रैल महीने में अचानक से बीघापुर थाने पहुंची और बच्चों की कस्टडी मांगने लगी। इस पर पुलिस के सामने समझौता होने के बाद पूनम बेटे अहम को लेकर साथ चली आई। वह लखनऊ में बेटे के साथ रहने लगी। इस दौरान मौसी ने वापस जाने के लिए कहा तो उसको छोड़कर अलग किराए का कमरा लेकर रहने लगी। शुक्रवार रात अचानक से बेटे की मौत की खबर मिली। वहीं अस्पताल सूत्रों की मानें तो महिला मौत की जानकारी होते ही बच्चे को अस्पताल में छोड़कर भाग गई थी। इसके बाद काफी संपर्क करने के बाद सुबह आई। बच्चे के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। वहीं मामले में मां का कहना है डॉक्टर ने सुबह आने के लिए कहा था। इस वजह से चली गई थी।

### पत्नी छोटे बेटे के साथ लखनऊ में रहती थी

मूल रूप से बीघापुर उन्नाव निवासी दिनेश कुमार मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया उनकी पत्नी पूनम सबसे छोटे बेटे अहम के साथ लखनऊ में रहती हैं। शुक्रवार रात लालगंज गांव के शिव शंकर ने आकर बताया बेटे की मौत हो गई है। इस पर परिवार के साथ लखनऊ पहुंचे। दिनेश ने बताया उनकी शादी पूनम से करीब 15 साल पहले हुई थी। दोनों के तीन बेटे प्रदीप, अभिषेक और अहम हैं। दिसंबर महीने में पत्नी पूनम तीनों बच्चों के साथ लखनऊ के मड़ियांव इलाके में अपनी बहन के पास आकर रहने लगी।



ये तस्वीर तब की है। जब मां बीघापुर थाने में बेटे अहम की कस्टडी लेने हुए पहुंची थी।

## जवान पकड़े था, अचानक फायर हुए, गोली सड़क पर लगी, पत्थर उखड़कर लगने से 3 जखमी

# काशी-विश्वनाथ मंदिर गेट पर कार्बाइन से गोलियां चलीं

- पीएसी जवान ने हाथ में कार्बाइन पकड़ रखी थी। अचानक गोली चलने के बाद वहां अफरातफरी मच गई। जवान खुद नहीं समझ पाया कि गोली कैसे चली।
- घटना के समय माला फूल की दुकान पर लोग खरीदारी कर रहे थे। तभी सिपाही के हाथ से गोली चल गई।

**फायरिंग**

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट पर शनिवार सुबह 6:44 बजे पर पीएसी जवान की कार्बाइन से फायरिंग हो गई। दो गोलियां चलीं। गनीमत रही कि गोलियां सीधे सड़क पर लगीं। इसके बाद सड़क की गिट्टी उखड़कर लगने से 3 लोग घायल हो गए। अचानक भीड़ के बीच गोलियां चलने से वहां भगदड़ जैसा माहौल हो गया। कुछ देर किसी को समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ। गोलियों की आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो गए। मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। लोगों को बताया कि गलती से गोलियां चल गई हैं। बाकी, सब ठीक है। घटना का 57 सेकेंड का सीसीटीवी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि पीएसी जवान बाएं हाथ में कार्बाइन पकड़े हुए था। फिर दाहिने हाथ में पकड़ ली।कार्बाइन का मुंह सड़क की तरफ था। तभी अचानक फायरिंग होती है। आवाज सुनकर खुद जवान चौंक जाता है। वो अपने कार्बाइन को देखने लगता है और फिर वहां से निकल जाता है। मौके पर पहुंचे पुलिस-कर्मियों ने तीनों घायल निक्की गुप्ता, रामबाबू और विकास यादव को अस्पताल पहुंचाया। ये सभी मंदिर के बाहर माला-फूल बेचते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, सभी ठीक हैं। दो के हाथ में और तीसरे को कमर में पत्थर के टुकड़े लगे हैं। हादसा काशी विश्वनाथ मंदिर के वीआईपी गेट नंबर-4 पर हुआ।

### घायल निक्कू ने कहा- सिपाही कार्बाइन को इधर-उधर कर रहे थे

*घायल हुए निक्कू गुप्ता ने बताया- काशी विश्वनाथ मंदिर के पास बालाजी की दुकान है। वहां पर एक पुलिस वाले अपनी कार्बाइन लेकर खड़े थे। उनसे गोली चल गई। वो कार्बाइन को इधर-उधर कर रहे थे। तीन लोग घायल हुए हैं। इसके बाद दूसरे पुलिसकर्मियों ने हालात को संभाला।*

"विकास यादव ने बताया- हम बालाजी की दुकान पर काम करते हैं। वहां पुलिस वाले खड़े थे। तभी दुकान के पास बंदूक लेकर खड़े पुलिस वाले से गोली चल गई।

तभी पुलिस वाले आए और सिपाही को हटा दिया। मौके से गोली, छर्रा सब उठा ले गए। मुझे हाथ और कमर में लगा है।"

### डीआईजी बोले- भीड़ को हटाते समय घटना हुई, जांच की जा रही

डीआईजी शिव हरि मीणा कबीरचौरा अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने बताया- काशी विश्वनाथ धाम के पास नंदू फेरी वाली गली में पीएसी का जवान श्रद्धालुओं की भीड़ को हटा रहा था। तभी कार्बाइन से एक्सीडेंटल फायर हुआ। सभी चीजों की जांच की जा रही है। घायलों को डॉक्टरों ने दवा दी है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। जिस जवान की कार्बाइन से फायर हुई, उसका नाम अमरनाथ चौहान है। 48वीं वाहिनी पीएसी में तैनाती थी। 1987 बैच का जवान है। 2027 में रिटायर-मेंट है। फिलहाल, पुलिस उसे थाने ले गई है।

# डेलॉयट में एमआईईटी के 60 छात्रों का प्लेसमेंट

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के 60 छात्र-छात्राओं का चयन बहुराष्ट्रीय कंपनी डेलॉयट में एनालिस्ट- टेक्नोलॉजी एंड ट्रांसफॉर्मेशन पद पर हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को 7.60 लाख रुपये वार्षिक पैकेज मिलेगा।

चयन प्रक्रिया के तहत कंपनी ने प्री-प्लेसमेंट प्रेजेंटेशन, एप्टीट्यूड टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और एचआर इंटरव्यू आयोजित किए। सभी चरण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 60 विद्यार्थियों का अंतिम चयन किया गया।

एमआईईटी के वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक तकनीकों, अत्याधुनिक इंडस्ट्री टूल्स एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है। यही कारण है कि एमआईईटी के छात्र न केवल प्रतिष्ठित कंपनियों में बेहतर रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि भविष्य में उद्यमिता एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं।

संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, बरखा अग्रवाल तथा कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।



**7.60 लाख का पैकेज**

**फास्ट न्यूज़**

### सुल्तानपुर में जर्जर स्कूल, सुविधाओं के अभाव पर सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर। सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट में शनिवार को जनस-मस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को एक मांग पत्र सौंपा गया। शिवा यादव ने अधिकारियों से मुलाकात के बाद मीडिया को बताया कि रंकेडी गांव में स्थित 'पूर्व शहीद स्मारक जूनियर हाई स्कूल' (कक्षा 6 से 8 तक) की इमारत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इस खतरनाक भवन में लगभग 130 बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

### महिला आयोग की अध्यक्ष 9-जुलाई को जनसुनवाई करेंगी

कानपुर। महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर 9 जुलाई को कानपुर आएंगी। वह सुबह 11 बजे सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस के नवीन सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी और संबंधित अधिकारियों को मामले का निस्तारण के लिए निर्देशित करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों और शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### कारखाने से लाखों की सिलाई मशीनें चोरी

नरवल। कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र में हाथीपुर मोड़ स्थित एक कारखाने से चोरों ने लाखों रुपये की सिलाई मशीनें और जनरेटर चोरी कर लिए। यह घटना बीती रात हुई। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। हाथीपुर गांव निवासी आस्ताफ अहमद का हाथीपुर मोड़ हाईवे किनारे 'जोया फैशन' नाम से एक कारखाना है।

## तीसरे दिन सख्ती बढ़ी, ताबीज तक उतरवाए, अब तक 26 नकचली पकड़ाए

# टीईटी महिला अभ्यर्थी की कार नहर में गिरी

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज। यूपी में शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP-TET) 2026 का शनिवार को तीसरा और आखिरी दिन है। सुबह 7:15 बजे से 8:45 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की एंट्री दी गई। इस दौरान एडमिट कार्ड की जांच, बायोमेट्रिक मिलान और रेटिना स्कैन किया गया। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। गोरखपुर में महिला अभ्यर्थियों के बालों के क्लचर, हेयरपिन और ज्वेलरी उतरवाई गई। हाथरस में बेल्ट और जूते उतरवाकर चेकिंग की गई। कानपुर में महिलाओं की चूड़ियां उतरवाई गईं। ललितपुर में महिला के गले से ताबीज और माला उतरवा ली गई। हाथरस में अलीगढ़ से आई एक महिला अभ्यर्थी को 2 मिनट देरी से पहुंचने पर एंट्री नहीं मिली। गेट नहीं खुला तो मायूस होकर लौट गई। रायबरेली में परीक्षा देने जा रही एक छात्रा की कार के सामने अचानक कुत्ता आ गया। उसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई।

"गोरखपुर में यूपी टेट की तीसरे और अंतिम दिन की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच पूरी हो चुकी है।"



### तेजस्विनी बोलीं- मैथ्स कठिन लगा, पर्यावरण घुमावदार था

गोरखपुर में जगदीशपुर से पेपर देने आईं तेजस्विनी ने बताया कि मैथ्स थोड़ा कठिन लगा। पर्यावरण में भी कुछ प्रश्न घुमावदार थे। बाकी सब अच्छा था। गोरखपुर में पेपर देकर बाहर निकलीं बागपत की तोशी ने बताया कि पर्यावरण बहुत अच्छा सेक्शन था। मैथ्स में थोड़ा टाइम कम लगा। CDP भी समझ पर आधारित था। उन्होंने बताया कि प्याजी की सिद्धांत का प्रश्न घुमावदार था।

# मेडिसिटी अस्पताल में परिजनों का हंगामा, लापरवाही का आरोप

## उन्नाव में इलाज में लापरवाही और लाखों रुपए ठगने का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी



उन्नाव। उन्नाव के मेडिसिटी अस्पताल में शनिवार दोपहर मरीज के परिजनों ने इलाज में लापरवाही और अत्यधिक शुल्क वसूलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। अचलगंज सुपासी निवासी सुल्खान पहलवान को लगभग 14 दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज के भाई ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन ने भर्ती के समय 48 से 72 घंटे के भीतर मरीज की हालत में सुधार होने और आंखें खुलने का आश्वासन दिया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल ने इलाज के नाम पर लगातार पैसे मांगे, जिसमें कभी 35 हजार तो कभी 40 हजार रुपये जमा कराने को कहा गया। परिवार ने अब तक करीब साढ़े सात लाख रुपये अस्पताल को दिए हैं, लेकिन मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों का कहना है कि अब अस्पताल ने मरीज को कहीं और ले जाने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। मरीज के भाई ने बताया कि उनका परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है और उन्होंने अस्पताल से ली गई रकम वापस करने की मांग की है। एक महिला परिजन ने भी अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पैसे लेने के बावजूद मरीज की हालत में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई और जमा कराई गई धनराशि लौटाने की मांग की।

मामले की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

फिलहाल, इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का पक्ष सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि यदि परिजनों की ओर से लिखित शिकायत दी जाती है तो आरोपों की जांच कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सहारनपुर में रेलवे क्वार्टर में कुश्ती कोच छात्रा संग मिला

## विरोध करने पर तमंचा दिखाया, रेलवे कर्मचारी ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग

तमसा संकेत, एजेंसी



सहारनपुर। सहारनपुर में एक रेलवे कर्मचारी ने अंबेडकर स्टेडियम के कुश्ती कोच पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारी का दावा है कि कोच उनके सरकारी क्वार्टर में एक छात्रा के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिला था। विरोध करने पर उसे तमंचा दिखाकर धमकाया गया और बाद में जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। पीड़ित ने शनिवार दोपहर 2 बजे एसएसपी से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। रेलवे में असिस्टेंट के पद पर कार्यरत निखिल खाजियान ने बताया कि यह घटना लगभग तीन-चार महीने पुरानी है। उन्होंने कहा कि शादी के बाद वे करीब एक महीने तक अपने सरकारी क्वार्टर से बाहर थे।जब वे ड्यूटी पर लौटे और क्वार्टर पहुंचे, तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। निखिल दीवार फांदकर अंदर गए,जहां उन्हें एक युवक और युवती आपत्तिजनक स्थिति में मिले। निखिल के अनुसार, जब उन्होंने दोनों से उनकी पहचान पूछी,तो युवक ने कथित तौर पर तमंचा दिखाकर उन्हें धमकाया और घटना के बारे में किसी को न बताने की चेतावनी दी।पीड़ित ने यह भी बताया कि दोनों के क्वार्टर से निकलते समय उन्होंने मोबाइल से फोटो और वीडियो रिकॉर्ड कर लिए थे,जो उनके पास सबूत के तौर पर मौजूद हैं। पीड़ित ने साथी कर्मचारियों की मदद से युवक की पहचान की। पता चला कि वह शहर के अंबेडकर स्टेडियम में कुश्ती कोच है और युवती उसकी छात्रा है। निखिल का आरोप है कि यह जानकारी स्टेडियम तक पहुंचने के बाद से उन्हें लगातार निशाना बनाया जा रहा है। उन्हें कई बार रास्ते में रोककर धमकियां दी गईं और कहा गया कि उन्होंने कोच को बदनाम किया है। निखिल ने बताया कि उन्होंने पहले सिविल लाइन चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी,जिसके बाद कुछ समय के लिए धमकियां बंद हो गई थीं। हालांकि,पिछले एक महीने से उन्हें फिर से धमकियां मिलनी शुरू हो गई हैं।

## यूपी के झोलाछाप डॉक्टर ने 5 को पीटा, मासूम को भी नहीं छोड़ा, चीखता-चिल्लाता रहा परिवार

# सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर बुजुर्ग का मर्डर

- टीकमगढ़ में बुजुर्ग की हत्या के बाद घर के बाहर शव फेंककर भागे आरोपी।
- मर्डर के दूसरे दिन ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जुट गई।
- पुलिस ने हत्या के आरोप में 5 लोगों को गिरफ्तार किया।

तमसा संकेत, एजेंसी



टीकमगढ़। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में CM हेल्पलाइन में शिकायत करने पर यूपी के झोलाछाप डॉक्टर ने बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पत्नी, बेटा, बहू और 5 साल के नाती को भी बेरहमी से पीटा गया। परिवार चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन आरोपियों ने किसी को नहीं छोड़ा। मोहनगढ़ पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान कंचनपुरा गांव निवासी घनसू प्रजापति (60) के रूप में हुई है। घायलों में उनकी पत्नी, बेटा, बहू और 5 साल का नाती शामिल हैं। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार, 1 जुलाई की रात आरोपी प्रकाश कुशवाहा अपने 4 साथियों के साथ घर पहुंचा। उसने कहा कि CM हेल्पलाइन में मेरी शिकायत क्यों की गई। शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया और धमकी दी। इसके बाद विवाद बढ़ा और आरोपियों ने घनसू प्रजापति पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए परिवार के सदस्यों को भी पीटा गया। आरोपियों ने पत्नी, बेटे, बहू और 5 साल के नाती को भी नहीं छोड़ा। सभी को एक-एक कर पीटा गया।

### अलग-अलग ठिकानों से 5 आरोपियों की गिरफ्तारी

*जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि शिकायत के आधार पर FIR दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई थी। टीम ने अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। वारदात में शामिल सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में मास्टरमाइंड प्रकाश कुशवाहा (36) और चंद्रभान कुशवाहा (42) ललितपुर (UP) के रहने वाले हैं। अन्य आरोपी खुशीराम यादव (48), रामराजा यादव (25) और विद्याधर यादव (58) मध्य प्रदेश के अलग-अलग इलाकों के निवासी हैं। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने जेल भेज दिया है।*

## हत्या : सांसद अफजाल बोले- अब्बास के साथ भी बेईमानी हुई, वरना ओलंपिक जीतकर लाता

# मुख्तार को जेल में यातना दी, जहर देकर मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

मऊ। गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी ने मऊ में कहा कि मेरे भाई मुख्तार को जेल में यातना दी गई। जहर देकर जेल में उनकी हत्या कर दी गई। जनता जानती है कि मेरे भाई को जालिम हुकूमत ने 18 साल तक जेल में रखा, वो शहीद हो गया। शुक्रवार का ये वीडियो शनिवार को सामने आया। अफजाल ने कहा कि हमने पांच बार मुख्तार को जिताया। उसने जेल से फॉर्म भरा, तब भी हमने वोट दिया। मुख्तार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जिन लोगों की मदद की, वे आज भी उन्हें याद करते हैं। जो मुख्तार का है, मुख्तार का रहेगा। सोने में तौल दोगे तब भी वो मुख्तार की ही जय बोलेगा। अफजाल मधुबन के बीबीपुर स्थित ब्रिगेडियर उस्मान के पैतृक आवास पहुंचे थे। उनकी 78वीं पुण्यतिथि के 'शहादत दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान सांसद धर्मेंद्र यादव, विधायक अब्बास अंसारी, विधायक राजेंद्र कुमार और सपा जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव भी मौजूद रहे।

### मुख्तार ने हजारों लोगों की मदद की

*अफजाल अंसारी ने दावा किया कि मुख्तार अंसारी ने हजारों लोगों के घर बनवाए, लेकिन अपने बेटों के लिए घर नहीं बनवाया। उन्होंने कहा कि अगर पुश्तैनी हवेली नहीं होती तो उनके परिवार के पास रहने के लिए भी जगह नहीं होती। मुख्तार अंसारी की जमीन, खेत, बाग, गोदाम, होटल और दुकानें बुलडोजर कार्रवाई में नष्ट कर दी गईं। लेकिन लोगों के दिलों से उनका नाम नहीं मिटाया जा सकता।*







### अब्बास ने जुल्म के सामने घुटने नहीं टेके

अफजाल ने कहा कि अब्बास अंसारी ने कभी जुल्म के सामने घुटने नहीं टेके। उनके अंदर मुख्तार अंसारी, ब्रिगेडियर उस्मान और डॉ. एम.ए. अंसारी की विरासत का खून है और समय आने पर वह गरीबों के लिए उसी तरह काम करेंगे, जैसा उनके पिता करते थे।

*अफजाल ने कहा कि अब्बास राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट और भारत की वर्ल्ड कप टीम के कप्तान रह चुके हैं। अब्बास के साथ बेईमानी न हुई होती तो वह भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतकर लाते। अगर समाजवादी पार्टी अब्बास अंसारी को मऊ विधानसभा से उम्मीदवार बनाती है तो जनता उन्हें सिर्फ मुख्तार अंसारी के बेटे के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पहचान वाले खिलाड़ी के रूप में भी जानती है।*

# अफेयर के शक में बहन की गोली मारकर हत्या की

## मेरठ में मां बोली- गिरने से चोट लगी, डॉक्टरों ने गनशॉट देख पुलिस बुलाई

तमसा संकेत, एजेंसी



मेरठ। मेरठ में अफेयर से नाराज भाई ने 21 साल की बहन की शनिवार सुबह 6 बजे हत्या कर दी। उसने बहन के सिर में गोली मारी। वारदात के बाद भाई घर में छिप गया। गोली की आवाज सुनकर मां दौड़कर पहुंची तो बेटी खून से लथपथ फर्श पर पड़ी थी। घरवाले लड़की को लेकर जगदंबा अस्पताल गए। बेटे को बचाने के लिए मां ने डॉक्टरों को बताया कि बेटी के गिरने से चोट लगी है, लेकिन गनशॉट होने पर डॉक्टरों ने पुलिस को सूचना दे दी। हालांकि इलाज के दौरान अक्सा की मौत हो गई। इधर, पुलिस जांच-पड़ताल में पता चला कि भाई आरिश (23) ने ही वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। वह घर में छिपकर बैठा था। उसकी निशानदेही पर 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में हत्या करना कबूल कर लिया है। वारदात लोहिया नगर थाना क्षेत्र की जाकिर कॉलोनी की है। एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि शनिवार सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर जगदंबा अस्पताल से फोन आया। सूचना मिली कि एक घायल युवती को अस्पताल लाया गया है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जांच में यह गनशॉट का मामला निकला। लड़की को गोली लगी थी। इसके बाद सीओ लड़की के घर गए। पूछताछ और जांच में पता चला कि लड़की को उसके अपने भाई आरिश ने गोली मारी थी। अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि अक्सा पड़ोस के एक युवक से बातचीत करती थी। इसकी जानकारी घरवालों को हो गई थी, इसलिए परिवार उसका निकाह कराना चाहता था। लेकिन अक्सा ने शादी से इनकार कर दिया था और वह उस युवक से बातचीत करती रही। शुक्रवार रात भी इसी बात को लेकर परिवार में झगड़ा हुआ था। आशंका है कि इसी कारण शनिवार सुबह भाई ने उसकी हत्या कर दी।

## उसी पर नहाती रही, 45 दिन बाद खुलासा, बोली- पीटता था, इसलिए मार डाला

# पति की हत्या करके बाथरूम में दफनाया, फर्श बनवाई

**वरदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में महिला ने पति की हत्या कर शव को घर के बाथरूम में दफना दिया। ऊपर से फर्श बनवा दी और उसी बाथरूम में रोजाना नहाती रही। 45 दिनों तक पुलिस और घरवालों को गुमराह किया। जांच के दौरान महिला पुलिस के साथ CCTV फुटेज देखती रही और रोने का नाटक करती रही।

महिला के जेठ को उसके व्यवहार से शक हो गया। उसने महिला से कहा कि अगर कोई परेशानी हो तो वह साथ देगा। इसके बाद महिला ने जुर्म कबूल कर




लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बाथरूम का फर्श तोड़ा, जहां से केवल कंकाल बरामद हुआ। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। इसी वजह से उसने खीर में 18 से ज्यादा नींद की गोलियां मिलाकर पति को खिला दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। मैंने जेठ को फोन कर राजस्थान से बुलाया, लेकिन उन्हें घर के अंदर नहीं आने दिया।

**रूबी ने यह भी कहा कि घर मत आना, मैंने तीनों को पास की दुकान पर बैठा दिया है, वहीं से ले जाना। मैं भरतपुर से आनन-फानन में आगरा पहुंचा और बच्चों और मां को लेकर आगरा आ गया। मैं तीनों को लेकर घर पहुंचने वाला था, तभी रूबी का फिर से फोन आया। तब उसने कहा कि सुरेंद्र जबरदस्ती ताला खुलवाकर पैसे लेकर और लड़ाई करके चले गए हैं। 5 हजार रुपये ले गए हैं। यह कह गए हैं कि 2-3 दिन में फोन करके बताएंगे कि वह कहां हैं।**



इसी घर के बाथरूम में पुलिस को लाश मिली। इसके लिए पुलिस को बाथरूम की फर्श तुड़वानी पड़ी।



लाश गल चुकी थी, पुलिस को सिर्फ कंकाल मिला।

### पति की हत्या करके बच्चों-सास को राजस्थान भेजा

राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले सुरेंद्र कुमार शर्मा (44) सिकंदरा के दहतोरा स्थित रेणुका धाम कॉलोनी में रहते थे। उनकी शादी साल 2010 में रूबी से हुई थी। रूबी इटावा की रहने वाली है। उनकी दो बेटियां रिद्धी (13) और सिद्धी (9) हैं। सुरेंद्र के साथ उनकी मां कमला भी रहती थीं। उन्हें आंखों से कम दिखाई देता है। उनके पिता राधेश्याम शर्मा शिक्षक थे। उनकी कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। बड़े भाई अनिल शर्मा ने बताया कि सुरेंद्र और रूबी के बीच अनबन रहती थी। 18 मई की सुबह 9-10 बजे रूबी का उनके पास फोन आया था। वह कह रही थी कि घर में पुलिस का कोई केस बन गया है, आप मम्मी और दोनों बच्चों को यहां से ले जाओ। मैंने उससे पूरी बात पूछी, लेकिन उसने कुछ बताया नहीं, बस तीनों को ले जाने के लिए कहा।

# उचहरा-पाल्हनपुर नहर पटरी सड़क गड्ढों में तब्दील

## स्कूली छात्राएं व राहगीर चोटिल, निर्माण कार्य दो विभागों के बीच अटका

तमसा संकेत, एजेंसी

सुलतानपुर। भदैयां विकासखंड क्षेत्र में प्राइमरी स्कूल उचहरा से जंजीरादास शंभूनाथ सिंह इंटर कॉलेज नरहरपुर और पाल्हनपुर पुल तक जाने वाली नहर पटरी सड़क की हालत जर्जर हो गई है। यह सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे स्कूली छात्राओं और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रामगंज राजबहा से नरहरपुर व पाल्हनपुर गांव तक जाने वाले इस संपर्क मार्ग का नवीनीकरण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पांच साल पहले किया गया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई, जिसके परिणाम-स्वरूप साधारण बारिश में ही सड़क गड्ढों में बदल गई और जगह-जगह जलभराव होने लगा। हाल ही में, जंजीरादास शंभूनाथ सिंह कॉलेज नरहरपुर जा रही दो साइकिल सवार



छात्राएं आरती और पूनम गड्ढों से बचने के प्रयास में खेत में जा गिरीं। गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोटें नहीं आईं। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि कोई स्कूल वाहन होता, तो निश्चित तौर पर बड़ा हादसा हो सकता था। इस मार्ग के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च हुए थे, लेकिन अब यह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। स्थानीय निवासी बृजभान सिंह, राजेश कुमार, रायदीन, अशोक कुमार, अनुराग और जयप्रकाश सहित अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सड़क के तत्काल निर्माण की मांग की है।

**फास्ट न्यूज**

### मथुरा में बिजली विभाग का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

मथुरा। मथुरा के कृष्णा नगर बिजली घर में शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने बिजली विभाग के एक बाबू को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी उपभोक्ता का बिजली लोड कम करने के एवज में रिश्वत मांग रहा था। आगरा को गिरफ्तार किया गया। टीम ने आरोपी को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

### शराबी ने दरोगा की कार पर पत्थर फेंका

मथुरा। मथुरा के भूतेश्वर चौराहे पर शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक नशेड़ी युवक ने जाम से परेशान होकर दरोगा की कार पर पत्थर फेंक दिया। इस घटना में कार का शीशा टूट गया, हालांकि दरोगा, उनकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्य बाल-बाल बच गए। किसी को चोट नहीं आई। दरोगा अपनी पत्नी को डॉक्टर को दिखाकर वृंदावन लौट रहे थे। श्रीजी बाबा मंदिर के सामने भारी जाम लगा हुआ था, जिससे वाहनों की लंबी कतारें थीं। इसी दौरान जाम में फंसे एक युवक ने अपना आपा खो दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक नशे में था और उसने गुस्से में दरोगा की कार पर पत्थर फेंक दिया, जिससे शीशा टूट गया।

### बंद पड़ी गौशाला में फंदे से लटका मिला शव

आगरा। आगरा के पिनाहट थाना क्षेत्र के जोधपुरा गांव में शुक्रवार को 25 वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर बंद पड़ी गौशाला में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान विष्णु पुत्र गौरी शंकर के रूप में हुई है। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, तो गौशाला के भीतर उसका शव लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आजम के करीबी यूसुफ मलिक पर भी केस दर्ज, 1.27 करोड़ हड़पे

# पूर्व सपा विधायक रिजवान और बेटे-बहू पर एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद में कुंदरकी से पूर्व सपा विधायक हाजी रिजवान, उनके बेटे हाजी जुबैर, बहू शमा परवीन और सपा नेता आजम खां के करीबी यूसुफ मलिक के खिलाफ शुक्रवार रात करीब 11 बजे धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। यह केस एक ग्रामीण की शिकायत पर दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने स्कूल की जमीन और साढ़े तीन बीघा भूमि मुझे बेची थी। मुझसे करीब 1.27 करोड़ रुपए भी ले लिए। रुपए लेने के बाद भी जमीन का बैनामा नहीं किया। आरोपियों ने उसी जमीन को किसी अन्य महिला के नाम बेच दिया।



पीड़ित का यह भी आरोप है कि लैंड यूज चेंज कराने के नाम पर 10 लाख रुपए लेकर मुझे शासन के नाम की फर्जी रसीद दे दी। शिकायत के बाद एसएसपी के निर्देश पर कुंदरकी पुलिस ने पूर्व विधायक समेत चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व विधायक और फैमिली पर 1.27 करोड़ रुपए हड़पने का आरोप

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसके बाद उन्होंने विभिन्न माध्यमों से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कैश के जरिए पूर्व विधायक हाजी रिजवान व अन्य आरोपियों को कुल 1,27,86000 रुपए दिए। लेकिन इसके बाद भी न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई गई और न ही लैंडयूज चेंज कराया गया।

**अब्दुल मुस्तफा ने कहा- आरोपियों ने मुझसे स्कूल की जमीन का लैंडयूज चेंज कराने के नाम पर 10 लाख रुपए लिए। बदले में एक फर्जी रसीद उत्तर प्रदेश भू-उपयोग विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के नाम से बनाकर दे दी। बताया कि 6,11,390.65 रुपए खर्च हुए हैं। बाकी रुपए के बारे में पूछने पर आरोपियों ने कह दिया कि रकम रिश्वत में चले गए। पीड़ित अब्दुल मुस्तफा का कहना है कि मैंने आरोपियों पर भरोसा करके जमीन का सौदा 4.80 करोड़ रुपए में कर लिया। बतौर बयाना 25 लाख रुपए ऑनलाइन और बाकी रुपए कैश में दे दिए। जिसका इकरारनामा, स्वीकृति रसीद 8 जनवरी 2024 और नोटरी 27 अगस्त 2024 को जुबैर की पत्नी शमां परवीन ने अपने हस्ताक्षर के साथ की थी।**

# चॉक लेकर खुद बच्चों को पढ़ाने लगे आगरा डीएम

## मिड-डे मील भी चखा, व्यवस्थाएं ठीक न मिलने पर एक स्कूल इंचार्ज सस्पेंड

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। प्राथमिक स्कूलों के औचक निरीक्षण पर निकले आगरा डीएम मनीष बंसल एक स्कूल में चॉक लेकर खुद बच्चों को पढ़ाने लगे। उन्होंने ब्लैक बोर्ड पर विलेज लिखा और बच्चों से इसक मतलब पूछा। इतना ही नहीं, इसके बाद उन्होंने मिड-डे मील भी चखा। इस बीच एक प्राथमिक स्कूल में व्यवस्थाएं ठीक न मिलने पर स्कूल इंचार्ज प्राधानाध्यपक को सस्पेंड भी कर दिया। उनके खिलाफ चार्जशीट देने तथा शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने शुक्रवार को छीपीटोला और रोहता स्थित प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में बच्चों के नामांकन, शिक्षकों की उपस्थिति,



मिड-डे मील, स्कूलों में पठन पाठन आदि की व्यवस्थाओं को देखा। कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के बाद डीएम मनीष बंसल सीधे छीपीटोला स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। यहां व्यवस्थित रूप से कक्षाएं चलती हुई मिलीं। डीएम ने कक्षा-3 का निरीक्षण किया तथा नन्हे बच्चों से संवाद कर सवाल पूछे। सही जवाब सुनकर डीएम ने पीठ थपथपाई। इसके बाद डीएम ने बच्चों से उन्हें प्रदान की गई नई किताबें, ड्रेस, खाने में मिली सामग्री आदि की जानकारी ली। बलदेव, तन्वी तथा अन्य बच्चों ने डीएम को हिंदी अंग्रेजी की किताब पढ़ के सुनाई। थोड़ी ही देर में बच्चे डीएम से घुल-मिल गए। अन्य बच्चों ने अपने नाम लिख के दिखाया। गिनती और पहाड़े सुनाये। यहां डीएम बच्चों में शिक्षा के स्तर से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने यहां खुद चॉक लेकर ब्लैकबोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया। कक्षा -5 व कक्षा-2 के बच्चों ने अपनी मनपसंद कहानी, खिलाड़ी, जीके के सवालों को बताया। डीएम ने यहां मिड-डे मील भी चखा। स्कूल में 146 बच्चे नामांकित हैं। 2 क्षक व 3 शिक्षा मित्र तैनात हैं। डीएम लाइब्रेरी में और अच्छी प्रकाश व्यवस्था के लिए गुणवत्ता की एलईडी लाइट लगवाने के निर्देश दिए।

# मुरादाबाद में टीईटी परीक्षा केंद्र से युवक गिरफ्तार

## फर्जी आधार कार्ड लेकर परीक्षा देने आया था, बायोमेट्रिक जांच में पकड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद में टीईटी परीक्षा के दौरान फर्जी आधार कार्ड के जरिए परीक्षा में शामिल होने की कोशिश कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान उसकी पहचान संदिग्ध मिलने पर उसे परीक्षा केंद्र पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार, मामला 3 जुलाई का है। हिन्दू मॉडल इंटर कॉलेज में आयोजित टीईटी परीक्षा के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य नन्हे सिंह को एक अभ्यर्थी के दस्तावेजों पर संदेह हुआ। बायोमेट्रिक सत्यापन के समय उसकी पहचान मेल नहीं खाने पर जांच की गई, जिसमें



फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल सामने आया। घटना के बाद प्रधानाचार्य ने कोतवाली नगर थाने में लिखित शिकायत दी। उनकी तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के साथ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत मुकदमा दर्ज किया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी नकुल पुत्र श्याम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वह मुजफ्फ-रनगर जिले के तितावी थाना क्षेत्र के ग्राम खेरी दूधाधारी का निवासी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह स्वयं परीक्षा देने आया था या किसी दूसरे अभ्यर्थी की जगह बैठने की कोशिश कर रहा था।

# यूपीटीईटी परीक्षा का आज तीसरा दिन

## 9,792 अभ्यर्थी दे रहे परीक्षा, इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाने पर रोक

तमसा संकेत, एजेंसी

कोल। अलीगढ़ में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET)-2026 के तीसरे दिन शनिवार को प्रथम पाली की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। जिले के सभी 20 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9:30 बजे से परीक्षा आयोजित की गई। केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की पहचान पत्रों का सत्यापन और गहन जांच की गई। सासनी गेट स्थित माहेश्वरी इंटर कॉलेज सहित सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन, कैलकुलेटर, पेन ड्राइव, कैमरा, किताबें, खाद्य सामग्री, ज्वेलरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर रोक रही। इन सामानों को सुरक्षित रखने के




सेंटर पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की पहचान पत्रों का सत्यापन और गहन जांच की गई।

लिए केंद्रों पर अलग से स्टोर और टोकन की व्यवस्था भी की गई। जिला प्रशासन का कहना है कि अब तक तीनों दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### पहले दो दिन 34,781 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

जिला प्रशासन के अनुसार, 2 जुलाई को दोनों पालियों में 19,582 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,493 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 3,089 अनुपस्थित रहे। 3 जुलाई को भी दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। पहले सत्र में 9,792 में से 9,251 और दूसरे सत्र में 9,792 में से 9,037 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दूसरे दिन कुल 18,288 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 1,296 अनुपस्थित रहे।

### तीसरे दिन पहली पाली में 9,792 अभ्यर्थी पंजीकृत

शनिवार को प्रथम पाली की परीक्षा के लिए 9,792 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई और सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कराई गईं। परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार की जा रही है।



## 28 में अलर्ट, हाथरस में सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा, कानपुर में 15 साल का रिकॉर्ड टूटा

# लखनऊ-मथुरा समेत 3 शहरों में बारिश

**राहत**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, लखनऊ। यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। शनिवार दोपहर साढ़े 12 बजे लखनऊ में अचानक मौसम बदल गया और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। इससे पहले, सुबह मथुरा में 2 घंटे तक बारिश हुई। इससे निचले इलाकों में जलभराव हो गया। वहीं, हाथरस में 45 मिनट तक हुई बारिश से सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई।

आज प्रदेश के 28 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आंधी के साथ बिजली गिरने की भी संभावना है। शुक्रवार को प्रदेश के 20 जिलों में बारिश हुई। कानपुर में बारिश ने 15 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 3 जुलाई को यहां 108 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे पहले, 1 जुलाई 2011 को 101 मिमी बारिश हुई थी।

पिछले 24 घंटे में प्रदेश में औसतन 6.2 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 5.7 मिमी से 9 फीसदी ज्यादा है। वहीं, 1 जून से अब तक 64.5 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य 112.5 मिमी से 43 प्रतिशत कम है। कानपुर में सुबह से मौसम साफ है और तेज धूप निकली हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक शाम तक बादल छा सकते हैं। बारिश भी हो सकती है।

मथुरा में शनिवार सुबह दो घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे निचले इलाकों में जलभराव हो गया। तापमान में 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।



### हाथरस में 45 मिनट तक तेज बारिश, सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा

हाथरस में शनिवार सुबह 45 मिनट तक तेज बारिश हुई। इससे सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई। आज का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया।

### यूपी में जून से सितंबर के बीच 8% बारिश कम होगी

सीनियर साइंटिस्ट अतुल सिंह बताते हैं- इस साल यूपी समेत पूरे देश में सामान्य से कम बारिश का अनुमान है। आमतौर पर यूपी में जून से सितंबर के बीच करीब 820 से 840 मिलीमीटर बारिश होती है। लेकिन, इस साल 8% कम यानी लगभग 754 से 773 मिलीमीटर तक ही पानी बरसेगा।

**लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-यूपी में मानसून सक्रिय हो गया है। अब लगातार बारिश की संभावना बनी रहेगी। तापमान में 8 डिग्री तक की गिरावट हुई है। अगले एक हफ्ते तक मौसम ऐसा ही रहेगा। हालांकि, मानसून के दौरान लखनऊ समेत प्रदेश में सामान्य से कम बारिश के आसार हैं।**



### पूर्वांचल के रास्ते यूपी में पहुंचा मानसून

मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून सबसे पहले केरल तट से भारत में प्रवेश करता है। इसके बाद यह दो शाखाओं में विभाजित हो जाता है। पहली शाखा अरब सागर के रास्ते केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान की ओर बढ़ती है, जबकि दूसरी शाखा बंगाल की खाड़ी से पश्चिम बंगाल, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर आगे बढ़ती है।

## बहू से रेप करने वाला रेलवे का सेक्शन इंजीनियर गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी



**एक साल से फरार चल रहा था, तीन दिन तक बंधक बनाकर किया गलत काम**

लखनऊ । लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकी और दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी ससुर को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रेलवे में सेक्शन इंजीनियर है। आरोपी के खिलाफ पहले दर्ज मुकदमे में विवेचना के दौरान दुष्कर्म की धारा भी बढ़ाई गई थी।

गायत्री नगर निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 23 नवंबर 2023 को सेक्टर-ए महानगर निवासी अभिषेक तिवारी पुत्र मुकेश कुमार से हुई थी। शादी में करीब 55 लाख रुपए खर्च हुआ था। पीड़िता ने बताया कि विदाई के बाद घर पहुंची तो पार्टी के दौरान छोटी ननद सोना व मोना ने जबरन शराब पिला दी और मुंह में सिगरेट जबरदस्ती लगा दी। मना करने पर गला दबाकर सिगरेट मुंह में घुसेड़ दिया। इससे पीड़िता की तबियत खराब हो गई। पति अपनी और ननद अपने दोस्तों को बुलाकर रोजाना अय्याशी करते थे। ससुर से शिकायत करने पर बोला कि तुम छोटे घर से आई हो, ये बड़े लोगों के शौक हैं। यह सब इसी तरह चलता रहा।

पीड़िता अपने मायके चली गई। वहां से लौटने पर 20 अप्रैल 2024 को पीड़िता को जबरदस्ती शराब पिला दी। इसका फायदा उठाकर ससुर मुकेश तिवारी ने कमरे में देर रात को जबरदस्ती गलत काम किया। उसमें पूरे परिवार ने ससुर का साथ दिया। इसके बाद कमरे में बंद कर दिया।

**फास्ट न्यूज**

### गोरखपुर में अपहरण कर मासूम की हत्या

गोरखपुर । गोरखपुर के सहजनवा कस्बे के वार्ड नंबर-9 पिपरा नई कॉलोनी से लापता 6 साल के मासूम अंशुमान सिंह की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में घर में किराये पर रहने वाले आरोपी कल्पेश को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी संलिप्तता का पता चला। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा करते हुए बताया कि करीब एक माह पहले उसकी नौकरी छूट गई थी।

### प्रयागराज में सनातन पाण्डेय बाले- ब्राह्मण सत्ता के लोभी नहीं

प्रयागराज। समाजवादी विचारक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. जनेश्वर मिश्र उर्फ छोटे लोहिया की जयंती पर आगामी 5 अगस्त को लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में प्रदेश भर से समाजवादी जुटने वाले हैं। शनिवार को प्रयागराज पहुंचे बलिया सांसद सनातन पाण्डेय ने जानकारी देते हुए कहा कि जयंती का उद्देश्य लोकतंत्र और संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय तथा आपसी सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि विविध भाषा, संस्कृति और जीवनशैली वाले भारत का विकास केवल समाजवादी विचारधारा पर चलकर ही संभव है।

### गाजियाबाद से वैष्णो देवी जा रहे दो युवकों की मौत

मोदीनगर। गाजियाबाद में शनिवार सुबह 3 बजे सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, एक 10 साल का बच्चा घायल हो गया। युवक अपनी कार का पंचर टायर बदल रहे थे। इसी दरौन एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, दोनों शुक्रवार रात अपने परिवार के साथ माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जा रहे थे।

## हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रा निक्की को किया गया पुरस्कृत

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। ग्राम गांगरौली स्थित पंडित देवदत्त मेमोरियल स्कूल में शुक्रवार को हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा निक्की के सम्मान में समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया गया। उपज महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान ने कहा कि छात्रा निक्की पुत्री श्यामसुंदर ने जनपद मथुरा की हाईस्कूल परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी,उपज के जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान मौजूद रहे। नरदेव चौधरी ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों का सम्मान समाज को शिक्षा के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया। विद्यालय के प्रबंधक राधाकृष्ण शर्मा ने कहा कि निक्की की उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। प्रधानाचार्य हरिओम शर्मा ने कहा कि छात्रा की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए छात्र-छात्राओं से कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के कोषाध्यक्ष कृष्णगोपाल शर्मा, व्यवस्थापक हरिओम शर्मा,यदुवीर सिसौदिया, छीतर सिंह, बिहारीलाल, बिहारीराम, बंटी सिसोदिया, हरेंद्र सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



## तीसरे दिन सख्ती बढ़ी, ताबीज तक उतरवाए, अब तक 26 नकचली पकड़ाए

# रायबरेली में टीईटी महिला अभ्यर्थी की कार नहर में गिरी

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। यूपी में शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP-TET) 2026 का शनिवार को तीसरा और आखिरी दिन है। सुबह 7:15 बजे से 8:45 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की एंट्री दी गई। इस दौरान एडमिट कार्ड की जांच, बायोमेट्रिक मिलान और रेटिना स्कैन किया गया। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।

गोरखपुर में महिला अभ्यर्थियों के बालों के क्लचर, हेयरपिन और ज्वेलरी उतरवाई गई। हाथरस में बेल्ट और जूते उतरवाकर चेकिंग की गई। कानपुर में महिलाओं की चूड़ियां उतरवाई गईं। ललितपुर में महिला के गले से ताबीज और माला उतरवा ली गई। हाथरस में अलीगढ़ से आई एक महिला अभ्यर्थी को 2 मिनट देरी से पहुंचने पर एंट्री नहीं मिली। गेट नहीं खुला तो मायूस होकर लौट गई।




रायबरेली में परीक्षा देने जा रही एक छात्रा की कार के सामने अचानक कुत्ता आ गया। उसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। छात्रा और उसके पिता को आसपास के लोगों ने बाहर निकाला। इसके बाद दोनों दूसरी कार से परीक्षा केंद्र के लिए रवाना हुए। आज अंतिम दिन 3,78,655 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दो दिनों में प्रदेश भर से 26 नकलची पकड़े गए हैं। इनमें पहले दिन 15 और दूसरे दिन 9 अभ्यर्थी पकड़े गए। प्रदेश के 60 जिलों में 955 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### तेजस्विनी बोलीं- मैथ्स कठिन लगा, पर्यावरण घुमावदार था

गोरखपुर में जगदीशपुर से पेपर देने आईं तेजस्विनी ने बताया कि मैथ्स थोड़ा कठिन लगा। पर्यावरण में भी कुछ प्रश्न घुमावदार थे। बाकी सब अच्छा था। गोरखपुर में पेपर देकर बाहर निकलीं बागपत की तोशी ने बताया कि पर्यावरण बहुत अच्छा सेक्शन था। मैथ्स में थोड़ा टाइम कम लगा। CDP भी समझ पर आधारित था। उन्होंने बताया कि प्याजी की सिद्धांत का प्रश्न घुमावदार था।

### संतकबीर नगर के मारुति नंदन मिश्रा बोले- पेपर लीक होने का डर है

गोरखपुर में संतकबीर नगर से आए मारुति नंदन मिश्रा ने बताया कि EVS के प्रश्न लेंदी थे। मैथ्स थोड़ा घुमावदार था। उन्होंने कहा कि पेपर लीक होने का डर है।



हाथरस में अलीगढ़ से आई परीक्षार्थी देर से पहुंची, इसके चलते उसे एंट्री नहीं मिली। वह काफी देर तक गेट पर ही खड़ी रही, फिर मायूस होकर लौट गई।

### महिला ने बताया- मैं टीचर हूं, मेरे साथ बहू ने भी पेपर दिया है

फतेहपुर से आई महिला परीक्षार्थी निर्मला ने बताया कि परीक्षा का स्तर तो ठीक था, लेकिन उनके जैसे पुराने शिक्षकों के लिए यह काफी चुनौतीपूर्ण है। बोलीं, मैं टीचर हूं। मेरे साथ बहू भी पेपर देने आई है।

## मुरादाबाद में पीड़ित बोला- 1.27 करोड़ हड़पे, आजम खान के करीबी यूसुफ पर भी केस

# पूर्व सपा विधायक हाजी रिजवान और बेटे-बहू पर एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद । मुरादाबाद में कुंदरकी से पूर्व सपा विधायक हाजी रिजवान, उनके बेटे हाजी जुबैर, बहू शमा परवीन और सपा नेता आजम खां के करीबी यूसुफ मलिक के खिलाफ शुक्रवार रात करीब 11 बजे धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। यह केस एक ग्रामीण की शिकायत पर दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने स्कूल की जमीन और साढ़े तीन बीघा भूमि मुझे बेची थी। मुझसे करीब 1.27 करोड़ रुपए भी ले लिए। रुपए लेने के बाद भी जमीन का बैनामा नहीं किया। आरोपियों ने उसी जमीन को किसी अन्य महिला के नाम बेच दिया।

लैंड यूज चेंज कराने के नाम पर 10 लाख रुपए लेकर मुझे शासन के नाम की फर्जी रसीद दे दी। शिकायत के बाद एसएसपी के निर्देश पर कुंदरकी पुलिस ने पूर्व विधायक समेत चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसके बाद उन्होंने विभिन्न माध्यमों से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और कैश के जरिए पूर्व विधायक हाजी रिजवान व अन्य आरोपियों को कुल 1 करोड़ 27 लाख 86 हजार रुपए दिए।



पूर्व सपा विधायक हाजी रिजवान पर 1.27 करोड़ रुपए का आरोप।

### जमीन बेची लेकिन, बैनामा नहीं किया

मैनाठेर थाना क्षेत्र के मलकपुर फतेहपुर के रहने वाले अब्दुल मुस्तफा ने शुक्रवार रात करीब 11 बजे कुंदरकी थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा से जुड़े कुछ भू-माफियाओं ने धोखाधड़ी कर पैसे हड़प लिए। तहरीर के अनुसार, पूर्व सपा विधायक हाजी रिजवान, उनके बेटे हाजी जुबैर, पत्नी शमा परवीन और मुरादाबाद की जिगर कॉलोनी के रहने वाले यूसुफ मलिक ने स्कूल की जमीन का सौदा किया। लेकिन, रुपए लेने के बाद भी जमीन का बैनामा नहीं कराया।



शिकायतकर्ता अब्दुल मुस्तफा ने कुंदरकी थाने में शुक्रवार रात करीब 11 बजे को शिकायत दर्ज कराई।

### फर्जी सरकारी रसीद बनाकर दी

अब्दुल मुस्तफा ने कहा- आरोपियों ने मुझसे स्कूल की जमीन का लैंडयूज चेंज कराने के नाम पर 10 लाख रुपए लिए। बदले में एक फर्जी रसीद उत्तर प्रदेश भू-उपयोग विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के नाम से बनाकर दे दी। बताया कि 6 लाख 11 हजार 390.65 रुपए खर्च हुए हैं। बाकी रुपए के बारे में पूछने पर आरोपियों ने कह दिया कि रिश्वत में चले गए। पीड़ित अब्दुल मुस्तफा का कहना है कि मैंने आरोपियों पर भरोसा करके जमीन का सौदा 4.80 करोड़ रुपए में कर लिया। बतौर बयाना 25 लाख रुपए ऑनलाइन और बाकी रुपए कैश में दे दिए। जिसका इकरारनामा, स्वीकृति रसीद 8 जनवरी 2024 और नोटरी 27 अगस्त 2024 को जुबैर की पत्नी शमां परवीन ने अपने हस्ताक्षर के साथ की थी।

## नगर निगम की नाकामी: बारिश में डूबा भूतेश्वर अंडरपास

### निरीक्षण के बाद जागा प्रशासन

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मानसून की पहली तेज बारिश में ही नए बस स्टैंड–भूतेश्वर रेलवे अंडरपास जलमग्न हो गया, जिससे नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। जलभराव के कारण यातायात प्रभावित हुआ और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद शनिवार को नगर आयुक्त जग प्रवेश ने मौके का निरीक्षण कर रेलवे अधिकारियों एवं नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि रेलवे की तीसरी रेल लाइन परियोजना के तहत अंडरपास के निर्माण एवं गहरीकरण के कारण पहले से बनी जल निकासी पाइपलाइन और अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं। वहीं अंडरपास का स्तर अधिक गहरा होने से वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या लगातार बनी रहने की आशंका है। उन्होंने स्वीकार किया कि 3 जुलाई को हुई भारी बारिश के दौरान अंडरपास में पानी भर गया था। सूचना मिलने पर नगर निगम ने अतिरिक्त पंप सेट लगाकर पानी की निकासी कराई, जिसके बाद आवागमन बहाल किया गया। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पहले से समुचित जल निकासी व्यवस्था होती तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने रेलवे अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने, पूर्व की जल निकासी व्यवस्था बहाल करने तथा अतिरिक्त पंप सेट की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'बड़े जुलूसों से...

एयरपोर्ट से निकलने के बाद वह प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ विशेष रथ पर सवार होकर रोड शो के लिए रवाना हुए। पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और जमकर नारेबाजी की। रोड शो के दौरान नितिन नवीन ने समर्थकों का अभिवादन करते हुए तलवार भी लहराई।

नितिन नवीन के बीजेपी कार्यालय पहुंचने के बाद सीएम योगी भी पहुंचे। दोनों डिप्टी सीएम पहले ही पहुंचे।

नितिन नवीन का 18 किमी का रोड शो दोपहर करीब 1.55 बजे भाजपा ऑफिस के पास आकर समाप्त हुआ। यहां कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

लखनऊ पहुंचे नितिन नवीन ने कहा- यूपी की इस धरती को नमन करता हूं। प्रभु श्रीराम की धरती, भोले बाबा की धरती, श्रीकृष्ण की धरती को नमन करता हूं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करता हूं। यह उनका कार्यक्षेत्र रहा है। कहा- कार्यकर्ताओं का उत्साह है, निश्चित रूप से भाजपा की फिर से सरकार बनेगी। इस कार्ययोजना पर हम काम कर रहे।

नितिन नवीन के स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। बंगाली समाज के स्वागत स्थल पर सीतापुर से आए कार्यकर्ता भी पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले।

### सीएम योगी की ...

इसके अलावा बैठक में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। साथ ही अवध, ब्रज, काशी, पश्चिम, गोरखपुर और कानपुर क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्ष भी बैठक में शामिल होंगे।

### गुजरात में तेज बारिश...

उज्जैन में पुलिया पार करने की कोशिश में युवक मोटरसाइकिल समेत बह गया।

यूपी के 20 जिलों में बारिश हुई। कानपुर में GSVM मेडिकल कॉलेज में पानी भर गया। कारें-बाइक आधी डूब गईं। वहीं जम्मू-कश्मीर में शनिवार सुबह लैंडस्लाइड के चलते रामनगर-उधमपुर रोड बंद कर दी गई।

नौसेना ने बताया कि शनिवार को मुंबई के तट पर SCI के कच्चे तेल के टैंकर 'देश शक्ति' से एक घायल नाविक को हेलिकॉप्टर से निकाला गया।

### सरकार का दावा : ई...

वर्तिका शुक्ला ने बताया कि देश में साल 2013 और 2014 के दौरान पेट्रोल में सिर्फ 1.5% एथेनॉल मिलाया जा रहा था। अब इस प्रोग्राम के तहत पेट्रोल में 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग (E20) की जा रही है। 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग के टारगेट को तय समय से पांच साल पहले यानी दिसंबर 2025 तक ही पूरा कर लिया गया है। हालांकि सरकार ने 4 दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने का प्रोग्राम अभी भी एक्सपेरिमेंट है। इसका पूरा असर अगले साल तक पता चलेगा।

### ममता की करीबी ...

चंद्रिमा पहले से पार्टी छोड़ने की तैयारी में थीं, क्योंकि उनका बेटा पहले ही भाजपा में शामिल हो चुका था।

चंद्रिमा भट्टाचार्य तीन बार विधायक रह चुकी हैं, लेकिन 2026 के विधानसभा चुनाव में उन्हें दमदम उत्तर सीट से भाजपा के सौरव सिकदार ने हरा दिया था। इस्तीफे के कुछ ही देर बाद चंद्रिमा को विधानसभा में बागी गुट के नेताओं के साथ देखा गया।

हालांकि उन्होंने कहा कि वह सिर्फ पूर्व विधायक के तौर पर कुछ काम से विधानसभा गई थीं और विपक्ष के कमरे में बैठने का मतलब यह नहीं है कि वह बागी गुट में शामिल हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अभी उन्होंने अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। चंद्रिमा के बेटे और कोलकाता नगर निगम के पूर्व पार्षद सौरव बसु कुछ सप्ताह पहले ही बागी खेमे में शामिल हो चुके हैं। वह भी विधानसभा में बागी नेताओं की बैठक में मौजूद थे।

### भारत सबसे बड़े ...

जयपुर मेट्रो के फेज-2 की आधारशिला (वर्चुअल) भी रखी।

इससे पहले शनिवार सुबह करीब 10:40 बजे जोधपुर पहुंचे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। नए टर्मिनल को देखा। 'उड़ान-2.0' की शुरुआत भी यहीं से की।

देश के हर कोने में कई राज्यों में पानी को लेकर लड़ाई चल रही थी। राजस्थान के लोगों को लग रहा था गुजरात नर्मदा का पानी देगा या नहीं। उस समय मैं गुजरात का सीएम था, यहां बहन वसुंधरा सीएम थीं। हम दोनों ने मिलकर बिना किसी विवाद, संघर्ष और लड़ाई के गुजरात से राजस्थान को नर्मदा का पानी साझा किया। राजस्थान के कई गांवों तक नर्मदा का पानी पहुंच रहा है।

पीएम मोदी ने कहा- गर्मी के इस मौसम में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना यह दिखाता है भाजपा सरकार के प्रयासों पर आपका विश्वास कितना बुलंद है। मैं इस समर्थन के लिए राजस्थान की माटी का ऋणी हूं। आज राजस्थान की इस धरती से भारत ने विकसित होने, आत्मनिर्भर होने की दिशा में बहुत बड़ा कदम उठाया है। आज का दिन साक्षी है कि भाजपा सरकारें परियोजनाओं का शिलान्यास करके नहीं छोड़तीं। हम उनको पूरा करने में दिन-रात एक कर देते हैं।

### 'युद्ध के समय ...

पहले जहां 25-26 देशों से ईंधन खरीदते थे, वह 40 देशों तक पहुंच गया। युद्ध के समय भारत की डिप्लोमेसी का जलवा दिखा।

### राममंदिर विवाद ...

रामचरितमानस को मंदिर में रखवा दीजिए। तब उन्होंने कहा- मेरे पास कई लोगों के आभूषण और कई तरह की चीजें आती हैं, तो क्या मैं सिर्फ इन्हीं सब का डिस्प्ले करता रहूं?

इधर, मंदिर ट्रस्ट ने अपनी 6 जुलाई को होने वाली बैठक का शनिवार को एजेंडा जारी किया। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और न्यासी डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर फैसला होगा। इसके अलावा SIT की शुरुआती रिपोर्ट और मंदिर प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। वहीं, चंपत राय के ट्रस्ट से इस्तीफा देने को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने तंज कसा। कहा- क्या इतने बड़े भगवान के दरबार में चोरी करके इस्तीफा देने से छुट्टी मिल जाएगी? ये क्या नाटक बना रखा है? पीटे जाओगे। अगर सरकार ने इनको जेल में नहीं डाला और सही सजा नहीं दिलवाई, तो जनता इनको पीटेगी।

### भाजपा सांसद ...

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस इस पर सियासत करते हैं। प्रदेश सरकार ने मामले को दबाया नहीं, तुरंत एक्शन लिया। एसआईटी बनाई, गिरफ्तारियां हुईं और उन पर कठोर कार्रवाई होगी।

### 2027 में सहयोग...

बैठक को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने मुंबई में रह रहे प्रदेशवासियों के परिश्रम, साहस और संघर्ष की सराहना की। उन्होंने कहा कि महानगर में रहते हुए भी उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने प्रवासियों से अपील की कि विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश आकर पार्टी का सहयोग करें। उनका दावा था कि ऐसा होने पर भाजपा को चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ेगा। इस पर उपस्थित लोगों ने उन्हें पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

अखिलेश यादव ने कहा कि वर्ष 2027 में प्रदेश में पीडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद अब विधानसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी जीत दर्ज करेगी। इसके लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

### मैनचेस्टर में आज 55% चांस, आर्चर की वापसी, अक्षर 100 विकेट पूरे कर सकते हैं

# भारत-इंग्लैंड दूसरे टी-20 में भी बारिश के आसार

**मुकाबला**

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार शाम 7 बजे मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा।

पहले मैच की तरह इस मुकाबले में भी बारिश खेल बिगाड़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 55% तक बारिश की संभावना है। सीरीज का पहला मुकाबला भी बारिश के कारण बेनतीजा रहा था।



इस मुकाबले में एक बार फिर 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू पर सबकी नजर रहेगी। हालांकि, भारत के गेंदबाजी कोच मॉर्ने मॉर्कल ने संकेत दिए हैं कि युवा बल्लेबाज को अभी कुछ और इंतजार करना पड़ सकता है। मॉर्कल ने कहा- दूसरे मुकाबले से टीम ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहती। अभिषेक शर्मा टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज हैं। संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। कोचिंग स्टाफ के तौर पर खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाना जरूरी है।

ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच तेज और स्पिन दोनों गेंदबाजों की मददगार मानी जाती है। हालांकि, बल्लेबाजों को भी यहां रन बनाने में दिक्कत नहीं होती। पिछले साल इसी मैदान पर इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 304/2 का स्कोर बनाया था। यह फुल मेंबर टीमों के बीच पहला 300+ टी-20 स्कोर था। इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 के लिए अपनी प्लेइंग-11 का ऐलान कर दिया है। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की टीम में वापसी हुई है, जबकि जोश टंग टी-20 डेब्यू करेंगे।

**भारत ने 31 में से 18 मुकाबले जीते**

भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 31 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए हैं। इनमें भारत ने 18 और इंग्लैंड ने 12 मुकाबले जीते हैं, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। इंग्लैंड में दोनों टीमों के बीच 10 मुकाबले हुए हैं। यहां इंग्लैंड ने 5, भारत ने 4 मैच जीते हैं, जबकि एक मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा। दोनों देशों के बीच अब तक 9 टी-20 सीरीज खेली गई हैं। इनमें भारत ने 5, इंग्लैंड ने 3 सीरीज जीती हैं, जबकि एक सीरीज ड्रॉ रही। भारत ने पिछली लगातार पांच टी-20 सीरीज में इंग्लैंड को हराया है।

> भारत के लिए इस साल ईशान किशन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 16 टी-20 मैचों में 545 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 199.63 रहा है। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 15 मैचों में 21 विकेट लेकर भारत के सबसे सफल गेंदबाज का स्थान हासिल किया है।

**पहले मैच में अभिषेक श्रेयस ने संभाली थी पारी**

चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले गए पहले टी-20 में भारत की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम ने सिर्फ 6 रन पर 2 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद अभिषेक शर्मा (59 रन, 24 गेंद) और कप्तान श्रेयस अय्यर (68 रन, 47 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर भारत को 189/7 तक पहुंचाया। हालांकि बारिश के कारण इंग्लैंड की पारी शुरू ही नहीं हो सकी। अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ 7 टी-20 पारियों में 347 रन 219.62 की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं।

**बेथेल ने इस साल 305 रन बनाए**

इंग्लैंड के लिए जैकब बेथेल ने 2026 में 12 टी-20 मैचों में 305 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 143.19 का है और वह एक शतक भी लगा चुके हैं। गेंदबाजी में आदिल रशीद ने सबसे ज्यादा 18 विकेट लिए हैं। वह इस मुकाबले में 2 विकेट लेते ही टी-20 इंटरनेशनल में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे।

# किलियन एमबाप्पे की फ्रांस का मुकाबला पैराग्वे से

### फीफा वर्ल्ड कप में आज से राउंड ऑफ 16 की शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

FIFA वर्ल्ड कप 2026 में राउंड ऑफ 16 के मुकाबले आज रात से शुरु हो रहे हैं। पहले मैच में मेजबान कनाडा का मुकाबला मोरक्को से होगा। यह मैच रात 10:30 बजे से ह्यूस्टन स्टेडियम में खेला जाएगा।

इसके बाद किलियन एमबाप्पे की फ्रांस टीम की भिड़ंत पैराग्वे से होगी। एमबाप्पे इस टूर्नामेंट में 6 गोल के साथ गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे है। टीम को उनसे फिर गोल की उम्मीद होगी। यह मुकाबला फिलाडेल्फिया स्टेडियम में रात 2:30 बजे से शुरु होगा।

कनाडा और मोरक्को के बीच अब तक कुल 2 मुकाबले खेले गए हैं। दोनों ही बार और दोनों में मोरक्को का दबदबा रहा है। मोरक्को ने 1 मैच जीता है, जबकि 1 मुकाबला ड्रॉ रहा है। कनाडा को मोरक्को के खिलाफ अपनी पहली



जीत की तलाश है। FIFA वर्ल्ड कप के इतिहास में दोनों की यह दूसरी भिड़ंत होगी। इससे पहले 2022 के वर्ल्ड कप ग्रुप स्टेज में मोरक्को ने कनाडा को 2-1 से हराया था। कनाडा ने राउंड ऑफ 32 में साउथ अफ्रीका को 1-0 से हराया था। इससे पहले ग्रुप स्टेज में टीम ने कतर को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। बोस्निया से मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। वहीं स्विट्जरलैंड से उसे 2-1 से हार झेलनी पड़ी। दूसरी ओर मोरक्को ने राउंड ऑफ 32 में रोमांचक जीत दर्ज की थी। नीदरलैंड के खिलाफ फुल टाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा।

# वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू का इंतजार होने वाला है खत्म

### मैनचेस्टर में मिलेगा मौका, क्रिकेटर ने खुद किया खुलासा!

नई दिल्ली। पूरा क्रिकेट जगत टकटकी लगाए वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू का इंतजार कर रहा है। आयरलैंड के खिलाफ उनको मौका नहीं मिला था और न ही इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में, लेकिन आज मैनचेस्टर में खेले जाने वाले दूसरे टी20 में वैभव के इंटरेनशनल डेब्यू का इंतजार खत्म हो सकता है। इस बात के संकेत वैभव सूर्यवंशी ने खुद दिए हैं।



वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू की मांग लगातार उठ रही है। संजू सैमसन के फेल होने के बाद तो इसने और तूल पकड़ा है। हालांकि, विश्व क्रिकेट इस बात को लेकर दो भागों में बंटा हुआ है। एक धड़े का मानना है कि वैभव को डेब्यू का मौका मिलना चाहिए तो वहीं एक धड़ा मानता है कि अभी इसमें जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। इन सभी चर्चा के बीच वैभव सूर्यवंशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है जिससे लग रहा है कि मैनचेस्टर में आज उनका डेब्यू हो जाएगा। वैभव ने अपनी इंस्टा स्टोरी में खुद की फोटो पोस्ट करते हुए लिखा है, ₹न्यू चैप्टर₹। इसका अर्थ ये समझा जा रहा है कि आज वैभव टीम इंडिया के साथ डेब्यू करने के बाद अपने जीवन में एक नया अध्याय शुरू करने वाले है। टीम इंडिया के लिए खेलना भारत के हर क्रिकेटर का सपना होता है और वैभव का भी यही सपना है जिसे वो पूरा करने के काफी करीब हैं।

# फेडरर के विंबलडन रिकॉर्ड की बराबरी

### 105वां मैच जीता, 18वीं बार राउंड-4 में पहुंचे, अब सबालेंका-ओसाका की टक्कर

**लंदन, एजेंसी**

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन में रोजर फेडरर के सबसे ज्यादा मेंस सिंगल्स मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी ने फ्रांस के आर्थर रिंडरक-नेच को हराकर ऑल इंग्लैंड क्लब में अपनी 105वीं जीत दर्ज की।


विंबलडन के इतिहास में अब सिर्फ मार्टिना नवरातिलोवा 120 जीत के साथ जोकोविच से आगे हैं। वहीं, महिला वर्ग में आर्यना सबालेंका और नाओमी ओसाका चौथे दौर में आमने-सामने होंगी।

महिला सिंगल्स में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने लातविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच आक्रामक खेल देखने को



मिला। सबालेंका ने पहले सेट में 111 मील प्रति घंटे की रफ्तार से ऐस लगाकर बढ़त बनाई और फिर मैच अपने नाम कर लिया। अब उनका मुकाबला सबालेंका से होगा। दोनों के बीच अब तक पांच मैच खेले गए हैं, जिनमें चार बार सबालेंका ने जीत हासिल की है।

**सिनर ने भी चौथे दौर में बनाई जगह**



डिफेंडिंग चैंपियन और दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने अमेरिका के जेनसन ब्रूक्सबी को 6-4, 6-3, 6-4 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। पहले सेट में शुरुआती बढ़त लेने के बाद सिनर ने पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखा। तीसरे सेट में ब्रूक्सबी ने उनकी सर्विस तोड़ी, लेकिन सिनर ने तुरंत वापसी करते हुए सीधे सेटों में मुकाबला खत्म किया। अब चौथे दौर में सिनर का सामना जापान के क्वालिफायर शिनतारो मोचिजुकी से होगा। मैच के बाद उन्होंने कहा, मैंने उनके खिलाफ पहले कभी नहीं खेला है। चौथे दौर में पहुंचने वाला हर खिलाड़ी मजबूत होता है। फिलहाल मेरा पूरा ध्यान रिकवरी और अगले मुकाबले की तैयारी पर है।

> रिकॉर्ड की बराबरी के बाद जोकोविच ने हंसते हुए कहा, ' मैं रोजर के साथ 106वें मैच का प्रस्ताव रखता हूं। जो जीतेगा, रिकॉर्ड उसी का होगा।' उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक कोर्ट पर इतिहास का हिस्सा बनना उनके बचपन के सपनों में शामिल था।

**पहली बार विंबलडन के अंतिम-16 में पहुंचीं ओसाका**

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने दारिया कसात्किना को सिर्फ 65 मिनट में 6-1, 6-3 से हराकर पहली बार विंबलडन के चौथे दौर में जगह बनाई।

## मनोरंजन

### देखते ही शॉक होकर कहा- ओह मोदी जी, जमकर उड़ा मजाक, बाद में तस्वीरें खिंचवाईं

# पीएम नरेंद्र मोदी के हमशक्ल को ईशा समझ बैठीं असली

नई दिल्ली। एक्ट्रेस और बिग बॉस फेम ईशा मालवीय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में वह एक पल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमशक्ल को पीएम मोदी समझ बैठीं। जिसके बाद वहां मौजूद पैपराजी और दूसरे लोग हंसने लगे। दरअसल, ईशा ब्राइट एंटरटेनमेंट अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंची थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात पीएम मोदी के हमशक्ल से हुई। उन्हें देखते ही ईशा चौंक गईं और मुस्कुराते हुए कहा, ₹ओह, मोदी जी! हालांकि, बाद में उन्हें रियलाइज हुआ कि वे पीएम मोदी के हमशक्ल हैं। इसके बाद उन्होंने हमशक्ल से हाथ मिलाया और कैमरे की ओर देखकर कहा, ₹गाइज, हमारे साथ मोदी जी हैं। एक्टिंग की दुनिया में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई है। वह फिल्म 'हैप्पी न्यू ईयर' में कैमियो रोल कर चुके हैं।

**विकास महांते कौन हैं?**

ईशा ने पीएम मोदी के जिन हमशक्ल से मुलाकात की, वह विकास महांते हैं। विकास महांते मुंबई के जाने-माने बिजनेसमैन, एक्टर और समाजसेवी हैं। उनकी शक्ल, दाढ़ी और बोलने का अंदाज पीएम मोदी से काफी मिलता-जुलता है, जिसकी वजह से लोग उन्हें देखते ही भ्रमित हो जाते हैं।

विकास कई चुनावों के दौरान बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के प्रचार कार्यक्रमों में भी नजर आ चुके हैं। उन्होंने महाराष्ट्र, गुजरात और पंजाब समेत कई राज्यों में चुनावी रैलियों में हिस्सा लिया है।



ईशा ने पीएम मोदी के हमशक्ल के साथ तस्वीरें भी क्लिक करवाईं।

> वहीं, ईशा मालवीय के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने 13 साल की उम्र में मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। साल 2017 में वह मिस मध्य प्रदेश बनीं, जबकि 2019 में मिस टीन इंडिया वर्ल्डवाइड प्रतियोगिता में से-केंड रनर-अप रहीं। ईशा ने 2021 में टीवी शो 'उड़ारियां' से एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इस शो में जैस्मिन कौर संधू का उनका किरदार काफी लोकप्रिय हुआ।



# उर्वशी ढोलकिया के बेटे की कार पर गिरा पेड़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुंबई में लगातार हो रही बारिश के बीच टीवी एक्ट्रेस उर्वशी ढोलकिया के बेटे और एक्टर क्षितिज ढोलकिया हाल ही में एक हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए।

भारी बारिश के दौरान उनकी पार्किंग में खड़ी कार पर अचानक एक बड़ा पेड़ गिर पड़ा, जिससे कार को काफी नुकसान पहुंचा। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय क्षितिज कार के अंदर मौजूद नहीं थे और किसी को चोट नहीं आई।घटना के बाद क्षितिज ने सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो शेयर किए, जिनमें उनकी कार पेड़ के नीचे दबी हुई दिखाई दे रही है। वीडियो में फायर ब्रिगेड और अन्य अधिकारी पेड़ हटाने की कोशिश



करते नजर आए। क्षितिज ने बताया कि उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने मुंबई पुलिस और फायर ब्रिगेड का आभार जताते हुए लिखा कि यह घटना याद दिलाती है कि जिंदगी कितनी अनप्रेडिक्टेबल हो सकती है। उन्होंने कहा कि वह खुद को खुशकिस्मत मानते हैं क्योंकि हादसे के समय वह कार में नहीं थे।

**शहर के कई इलाकों में जलभराव**

पिछले कुछ दिनों से मुंबई में लगातार भारी बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ है और इसका असर बॉलीवुड और टीवी सितारों पर भी दिखा। हाल ही में बिग बॉस 19 फेम अश्नूर कौर के लग्जरी घर में बारिश का पानी घुस गया, जिससे घर के सामान को काफी नुकसान हुआ। अश्नूर ने वीडियो शेयर कर हालात दिखाए।

### तृषा कृष्णन जारा की होम डिलीवरी पर भड़कीं, बोलीं- पैक करने से पहले सूंघकर जरूर देखें

# 'लगातार तीसरी बार शरीर की बदबू वाले कपड़े मिले'

नई दिल्ली। एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने अपैरल ब्रांड ZARA की होम डिलीवरी सर्विस पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर दावा किया कि लगातार तीसरी बार उन्हें ऐसे कपड़े मिले, जिनसे शरीर की बदबू आ रही थी। तृषा ने अपनी पोस्ट में लिखा, प्रिय @zara @zaracare, एक छोटी-सी रिक्वेस्ट है। अगली बार होम डिलीवरी भेजने से पहले कृपया यह सुनिश्चित करें कि कपड़ों से शरीर की बदबू न आ रही हो। लगातार तीसरी बार ऐसा हुआ है। यह बहुत बुरा एक्सपीरियंस है। पैक करने से पहले कम से कम कपड़ों को सूंघकर देख लें।वहीं, अफेयर की खबरों के बीच एक्ट्रेस तृषा ने मुख्यमंत्री विजय के 52वें जन्मदिन के एक दिन बाद सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी थी। उन्होंने केक के साथ दोनों की तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, ₹उस इंसान को जन्मदिन मुबारक, जो हर चीज को मायने देता है। बता दें कि पिछले साल भी तृषा ने विजय के साथ तस्वीर शेयर कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थीं। गौरतलब है कि विजय के तलाक की खबर सामने आने के बाद एक्ट्रेस तृषा का नाम विजय के साथ जुड़ा। हालांकि, विजय और तृषा ने अब तक रिश्ते को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया।



तृषा की पिछले साल की पोस्ट।

**तृषा 'करुप्पु' में नजर आईं थीं**

वर्कफ्रंट की बात करें तो तृषा कृष्णन हाल ही में फिल्म 'करुप्पु' में नजर आईं, जिसमें उनके साथ सूर्या ने अभिनय किया है। फिल्म 'करुप्पु' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। फिल्म ने दुनिया भर में करीब 309 करोड़ रुपए की कमाई की।

फिल्म में आरजे बालाजी ने विलेन की भूमिका निभाई, जबकि इंद्रंस, अनाघा माया रवि, नैट्टी सुब्रमण्यम, शिवादा, स्वासिका और सुप्रीत रेड्डी भी अहम भूमिकाओं में नजर आए।

> 10 मई को तृषा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुई थीं। वहीं, 4 मई को तमिलनाडु चुनाव रिजल्ट के दिन तृषा विजय के घर भी पहुंची थीं।



408 किलो वजन, इसमें व्हेल की हड्डी से एआई की भविष्यवाणी तक, जानकारी नेशनल पार्क सर्विस के आधिकारिक रिकॉर्ड में भी दर्ज की गई

# अमेरिका 250 साल के लिए टाइम कैप्सूल दफन करेगा

तकनीक

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

4 जुलाई को अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने के मौके पर 408 किलो का एक टाइम कैप्सूल जमीन में दफनाया जाएगा। इसे फिलाडेल्फिया के इंडिपेंडेंस नेशनल हिस्टोरिकल पार्क में दफनाया जाएगा और 250 साल बाद यानी 2276 में खोला जाएगा।

इसकी जानकारी नेशनल पार्क सर्विस के आधिकारिक रिकॉर्ड में भी दर्ज की गई है, ताकि 250 साल बाद आने वाली पीढ़ियां इसे ढूंढ़ सकें और इसके बारे में जान सकें।



फिलाडेल्फिया को अमेरिका की आजादी का जन्मस्थान माना जाता है। 4 जुलाई 1776 को यहीं स्वतंत्रता घोषणा पत्र (डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस) को मंजूरी दी गई थी। इसी वजह से टाइम कैप्सूल को दफनाने के लिए इस शहर को चुना गया।

## भारत में भी दफनाया गया था टाइम कैप्शूल

1973 में आजादी के 25 साल पूरे होने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दिल्ली के लाल किले के पास भारत का पहला सरकारी टाइम कैप्सूल दफन कराया था। इसका नाम 'कालपात्र' रखा गया।

इसे 1000 साल बाद खोलने की योजना थी, ताकि भविष्य की पीढ़ियां जान सकें कि आजादी के बाद भारत ने कैसे सफर तय किया। इसमें संविधान की प्रति, स्वतंत्रता आंदोलन और आजादी के बाद के भारत का विस्तृत इतिहास, सरकारी दस्तावेज और उस दौर की अहम जानकारियां रखी गई थीं।

## 250 साल तक न पानी पहुंचेगा, न जंग लगेगी

वैज्ञानिकों के मुताबिक, जमीन के नीचे रखे जाने वाले किसी भी टाइम कैप्सूल का सबसे बड़ा दुश्मन पानी होता है। इसीलिए कैप्सूल के ऊपर एक और स्टील का सिलेंडर लगाया जाएगा। दोनों के बीच हवा की एक परत रहेगी, जो बाहर से आने वाले पानी को रोकने में मदद करेगी।

यह ठीक उसी सिद्धांत पर काम करेगा, जैसे पानी में उल्टी बाल्टी डुबोने पर उसके अंदर हवा फंसी रहती है। अगर भविष्य में भूजल का स्तर बढ़ जाए या बाढ़ आ जाए, तब भी बेल जार के भीतर मौजूद हवा पानी को कैप्सूल तक पहुंचने से रोकेगी।

संग्रहालय की चीजों का रूप-स्वरूप समय के साथ बदल सकता है। लेकिन टाइम कैप्सूल को एक बार सील करने के बाद तय समय तक नहीं खोला जाता। इसलिए 250 साल बाद लोग 2026 के अमेरिका को उसी रूप में देख पाएंगे, जैसा वह आज है। इसका मकसद सिर्फ इतिहास बचाना नहीं, बल्कि यह दिखाना है कि 2026 का अमेरिका कैसा था।


टाइम कैप्सूल के सिलेंडर को प्रिसिजन-माइल्ड स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है। इसका इस्तेमाल जंग से बचाने वाले वैज्ञानिक उपकरणों में होता है।

## कैप्सुल सुरक्षित रखने के लिए अपनाई गई खास तकनीकें

टाइम कैप्सूल बनाना जितना मुश्किल नहीं था, उससे बड़ी चुनौती उसे 250 साल तक सुरक्षित रखना था। वैज्ञानिकों के सामने सबसे बड़ा सवाल था कि जमीन के नीचे रखी चीजें ढाई सौ साल बाद भी सुरक्षित कैसे मिले।

इस वजह से प्रोजेक्ट से जुड़े कई विशेषज्ञों को इसमें शामिल किया गया। कई साल की रिसर्च के बाद ऐसा डिजाइन तैयार किया गया, जो पानी, नमी, जंग और मौसम के असर से कैप्सूल को बचा सके।

यह कैप्सूल चौकोर नहीं, बल्कि बेलन (सिलेंडर) के आकार का है। वैज्ञानिकों के अनुसार चौकोर डिब्बों के कोने समय के साथ कमजोर पड़ जाते हैं और वहीं से पानी अंदर जाने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

# ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर अपनी हरकत से हलचल मचा रहा 1000 किलो का सील

## नील, 1000 किलो का सील, तस्मानिया में वायरल

कैनबरा, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी तस्मानिया के तटीय कस्बों में इन दिनों 'नील' नाम का 5 वर्षीय और 1,000 किलोग्राम वजनी सील चर्चा का विषय बना हुआ है। यह 5 वर्षीय सील हीनों तक समुद्र में भोजन करने के बाद दक्षिणी तस्मानिया राज्य के समुद्रतटीय कस्बों के अपने साल में दो बार होने वाले दौरे के लिए जमीन पर कदम रखा।

इस सील जमीन पर उसने प्रशासन की नाक में दम कर रखा है। एक छोटी कार जितना भारी यह सील कभी सड़क के बीचोंबीच लेटकर ट्रैफिक जाम कर देता है, तो कभी वर्चस्व की लड़ाई के अभ्यास के लिए खड़ी कारों, बैरिकेड्स और बाड़ों को तहस-नहस कर देता है।

नील की इस बढ़ती लोकप्रियता के बीच अधिकारी चिंतित हैं कि इंसानों के बेहद करीब जाने की मूर्खतापूर्ण कोशिशें किसी बड़े खतरे को दावत दे सकती हैं, जिससे इस बेजुबान जानवर की



जान को भी जोखिम हो सकता है।

बुनियादी ढांचे को तहस-नहस करने के कारण इसने कई ट्रैफिक बैरियर, सीलों के बारे में चेतावनी देने वाला एक साइनबोर्ड और एक बाड़ को तोड़ दिया है, जिसे नील के कूदने के प्रयास में वह टिक नहीं पाई। बाकी समय यह जहां चाहे वहां शांति से लेटा रहता है, लेकिन कभी-कभी सड़क के बीचोंबीच भी होता है, जिससे इसके द्वारा देखे जाने वाले कस्बों का यातायात ठप्प हो जाता है। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि उनकी चिंता यह है कि नील की लोकप्रियता के कारण इंसानों और सीलों के बीच खतरनाक मुठभेड़ हो सकती है, यह दोनों पक्षों के लिए हानिकारक है।

फास्ट न्यूज

## अमीर महिलाओं को क्रेडिट कार्ड, ग्रामीणों को कैश पसंद

नई दिल्ली। देश में महिलाएं सिर्फ डिजिटल पेमेंट करने तक सीमित नहीं हैं। वे बिजनेस ऑपरेशन्स, लोन और निवेश के लिए भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल बढ़ा रही हैं।

डीबीएस बैंक इंडिया और डेलॉय इंडिया की स्टडी के मुताबिक, 84% महिला कारोबारियों के साथ डिजिटल पेमेंट टूल्स सबसे लोकप्रिय वित्तीय प्लेटफॉर्म बन गए हैं।

## ब्रिटेन में हिंदू समुदाय को झटका

लंदन। कैम्ब्रिजशायर में रहने वाले ब्रिटिश हिंदुओं की उस कोशिश को झटका लगा है जिसके तहत वे काउंटी में अपनी पहली पूजा-स्थली बनाना चाहते थे। स्थानीय काउंसिल ने नॉर्थस्टो शहर में धार्मिक कार्यों के लिए जमीन का एक टुकड़ा एक हिंदू चैरिटी को देने के बजाय एक चर्च और मुस्लिम समूह को दे दिया। एनसीएन के प्रस्ताव में नॉर्थस्टो के मुसलमानों को एक मुख्य किराएदार (एंकर टेनेंट) के तौर पर शामिल करने की बात है, जिनके लिए अपना इस्लामिक प्रार्थना कक्ष और शिक्षा केंद्र होगा।

## 'हमने ईरान को एक हफ्ते की छुट्टी दी'

वाशिंगटन। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का अंतिम संस्कार कार्यक्रम चल रहा है। इस बीच अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर माउंट रशमोर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर तीखा तंज कसा है। ट्रंप ईरान में चल रहे अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोहों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अमेरिका ने ईरान को एक सप्ताह की छुट्टी दी है क्योंकि हम अच्छे हैं।

# अमेरिका के इंडियन सुपरमार्केट में भारतीय सब्जियों पर बंपर छूट

## सस्ता परवल खरीदने के लिए टूट पड़े लोग

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के न्यू जर्सी में हाल ही में खुले एक नए इंडियन ग्रोसरी स्टोर (सुपरमार्केट) के भव्य उद्घाटन के दौरान भारी भीड़ देखने को मिली। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल, नए इंडियन ग्रोसरी स्टोर पर भारतीय प्रवासियों की पसंदीदा सब्ज़ी 'परवल' पर भारी छूट दी जा रही थी और इसे मात्र 1.99 डॉलर (करीब 189 रुपये) किलो में बेचा जा रहा था।

इस बंपर ऑफर की जानकारी मिलते ही सैकड़ों लोग दुकान खुलने से पहले ही लाइन में लग गए, जिससे स्टोर के अंदर भारतीय सब्जी मार्केट जैसा नजारा बन गया।

कई लोगों ने इन दृश्यों की तुलना ब्लैक फ्राइडे सेल से की, फर्क सिर्फ इतना था कि इस बार बंपर छूट भारतीय सब्जियों और रसोई के



आवश्यक सामानों पर मिल रही थी।

भारतीय मसाले, स्नैक्स और रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले सामान कम कीमत पर मिलने की जानकारी मिलते ही, नए सुपरमार्केट को देखने और उद्घाटन दिवस के ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए सैकड़ों खरीदार पहुंचे, जिससे स्टोर में जबरदस्त भीड़ देखने को मिली।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में चहल-पहल भरी गलियां, भीड़भाड़ वाले चेकआउट काउंटर और ग्राहकों को अपनी कार्ट में किराने का सामान भरते हुए दिखाया गया है। अमेरिकन सब्जी मंडी' अराजक लेकिन हास्यपूर्ण दृश्य तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जहां यूजर्स ने कमेंट सेक्शन को चुटकुलों और मीम्स से भर दिया।

अमेरिका के न्यू जर्सी में एक नए इंडियन ग्रोसरी स्टोर के उद्घाटन के दौरान भारतीय सब्जियों पर बंपर छूट मिली

# अमेरिका के इंडियन सुपरमार्केट में भारतीय सब्जियों पर बंपर छूट

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के न्यू जर्सी में हाल ही में खुले एक नए इंडियन ग्रोसरी स्टोर (सुपरमार्केट) के भव्य उद्घाटन के दौरान भारी भीड़ देखने को मिली। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल, नए इंडियन ग्रोसरी स्टोर पर भारतीय प्रवासियों की पसंदीदा सब्ज़ी 'परवल' पर भारी छूट दी जा रही थी और इसे मात्र 1.99 डॉलर (करीब 189 रुपये) किलो में बेचा जा रहा था।

इस बंपर ऑफर की जानकारी मिलते ही सैकड़ों लोग दुकान खुलने से पहले ही लाइन में लग गए, जिससे स्टोर के अंदर भारतीय सब्जी मार्केट जैसा नजारा बन गया।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में चहल-पहल भरी गलियां,



भीड़भाड़ वाले चेकआउट काउंटर और ग्राहकों को अपनी कार्ट में किराने का सामान भरते हुए दिखाया गया है।

अमेरिकन सब्जी मंडी' अराजक लेकिन हास्यपूर्ण दृश्य तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जहां यूजर्स ने कमेंट सेक्शन को चुटकुलों और मीम्स से भर दिया। कई लोगों ने कहा कि वहां का माहौल बिल्कुल घर के किसी व्यस्त सब्जी बाजार जैसा था, जिसके चलते इसे अमेरिकन सब्जी मंडीका उपनाम मिला। कुछ अन्य लोगों ने चुटकी लेते हुए कहा कि भारतीय चाहे किसी भी देश में रहते हों, उन्हें किराने के

## भारतीय सब्जियों पर बंपर छूट

कई लोगों ने इन दृश्यों की तुलना ब्लैक फ्राइडे सेल से की, फर्क सिर्फ इतना था कि इस बार बंपर छूट भारतीय सब्जियों और रसोई के आवश्यक सामानों पर मिल रही थी। भारतीय मसाले, स्नैक्स और रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले सामान कम कीमत पर मिलने की जानकारी मिलते ही, नए सुपरमार्केट को देखने और उद्घाटन दिवस के ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए सैकड़ों खरीदार पहुंचे, जिससे स्टोर में जबरदस्त भीड़ देखने को मिली।

सामान पर अच्छा सौदा आसानी से मिल जाता है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के अनुसार, इस स्टोर में ताजी भारतीय सब्जियां, दालें, मसाले, आटा, चावल, रेडी-टू-ईट फूड, मिठाइयां, स्नैक्स और घर में इस्तेमाल होने वाला कई तरह का भारतीय सामान मिल रहा है।

सरकार बोली- 15 दिन में पायरेटेड कंटेंट हटाएं, शिकायत का इंतजार न करें, एक्शन लें

# टेलीग्राम पर फिल्में वेब सीरीज फ्री नहीं मिलेंगी

> सरकार पहले भी पायरेसी कंटेंट फैलाने वाले 3000 से ज्यादा टेलीग्राम चैनलों पर कार्रवाई कर चुकी है। सरकार ने चेतावनी दी है कि अगर आगे भी ऐसा कंटेंट उपलब्ध रहता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निर्देश

टेलीग्राम पर 3000 से ज्यादा चैनल ब्लॉक हो चुके

नई दिल्ली, एजेंसी

अब टेलीग्राम एप पर फ्री पायरेटेड फिल्में और वेब सीरीज नहीं मिल पाएंगी। केंद्र सरकार ने टेलीग्राम से फिल्मों और OTT कंटेंट के पायरेटेड वर्जन देने वाले चैनल्स और ग्रुप्स को अपने प्लेटफॉर्म से हटाने को कहा है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आज कंपनी को नोटिस भेजा। मंत्रालय ने कहा कि टेलीग्राम अगले 15 दिन में पायरेटेड कंटेंट पर लिए




एक्शन की रिपोर्ट सौंपे। एप को 3 दिन में सरकार का दूसरा नोटिस मिला है। इससे पहले टेलीग्राम को 2 जुलाई को एक नोटिस भेजा गया था, जिसमें आईटी मिनिस्ट्री ने यूजरनेम फीचर और यूजर्स की प्राइवेसी पर सवाल पूछे थे।

सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने टेलीग्राम से कहा कि आप एक्शन लेने के लिए शिकायतों का इंतजार न करें। पायरेटेड कंटेंट को अपने प्लेटफॉर्म पर आने से रोकने के लिए पुख्ता सिस्टम बनाएं। सरकार ने कहा कि आपका सुस्त रवैया इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के नियम और शर्तों को पूरा नहीं करता है। सरकार ने कंपनी को बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वाले चैनलों, ग्रुप्स, बॉट्स, अकाउंट्स, एडमिनिस्ट्रेटर और उनसे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ एक्शन लेने का निर्देश दिया है।

## जून में लीक पेपर्स के कारण लगा था बैन

इससे पहले जून के महीने में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की सिफारिश पर सरकार ने पेपर लीक मामले में टेलीग्राम पर 16 जून से 22 जून तक प्रतिबंध लगा दिया था। इसके अलावा, 21 जून को हुई NEET 2026 की दोबारा परीक्षा को देखते हुए सरकार ने टेलीग्राम को 30 जून तक अपना 'मैसेज-एडिटिंग' फीचर बंद रखने का भी आदेश दिया था।

# ईपीएफओ-पोर्टल पर यूएन एक्टिवेशन और नया नंबर जनरेट नहीं होगा


नई दिल्ली, एजेंसी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने करीब एक हफ्ते चले शेड्यूल्ड अपग्रेड के बाद अपने यूनिफाइड मेंबर पोर्टल को दोबारा शुरू कर दिया है। इस बड़े सॉफ्टवेयर और डेटाबेस अपग्रेड के बाद पोर्टल का पूरा इंटरफेस बदल गया है।

इसके साथ ही EPFO ने अपनी मेंबर सर्विसेज में कई बदलाव किए हैं, जिससे PF खाताधारकों के लिए अब कुछ जरूरी काम करने का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा।

अगर आप नए कर्मचारी हैं या आपका यूएएन एक्टिवेट नहीं है, तो अब आप इसे EPFO की वेबसाइट से नहीं कर पाएंगे।

यदि किसी कर्मचारी को नया UAN नंबर जनरेट करना है, तो उन्हें भी उमंग एप का ही इस्तेमाल करना होगा। उमंग (Unified Mobile Application for




New-age Governance) भारत सरकार का डिजिटल सर्विसेज प्लेटफॉर्म है, जहाँ ईपीएफओ समेत कई सरकारी विभागों की सेवाएं मिलती हैं।

ऐसे कर्मचारी जिनका ईपीएफ खाता तो पहले से है लेकिन उन्हें अभी तक यूएएन अलॉट नहीं हुआ है, वे भी नया नंबर ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर वेरिफाई करना होगा और मेंबर डिटेल्स देनी होंगी। वेरिफिकेशन पूरा होते ही एक नया यूएएन जनरेट हो जाएगा, जो उनके मौजूदा पीएफ अकाउंट से लिंक कर दिया जाएगा।

## ईपीएफओ की वेबसाइट से एक्टिव नहीं होगा यूएएन

इस नए अपग्रेड के बाद EPFO पोर्टल से UAN एक्टिवेशन और सीधे नया UAN जनरेट करने की सुविधा को बंद कर दिया गया है। अब इन दोनों सेवाओं को पूरी तरह से सरकार के उमंग (UMANG) एप पर शिफ्ट कर दिया गया है। इसके अलावा अब सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आधार-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन को भी अनिवार्य कर दिया गया है। EPFO का कहना है कि इस बदलाव से ऑनलाइन सर्विसेज ज्यादा सुरक्षित, तेज और भरोसेमंद हो जाएंगी।

एलान : बैंक लॉकर की तरह 2.5% तक ब्याज मिलेगा, नई गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम लाने की तैयारी

# अब ज्वेलर्स के पास भी जमा कर सकेंगे सोना

नई दिल्ली, एजेंसी

अब आप अपने सोने को बैंक लॉकर की तरह ज्वेलर्स (सर्राफा व्यापारी) के पास भी जमा कर सकेंगे। खास बात ये है कि इससे आपको 2.5% तक का ब्याज भी मिल सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार अगले दो हफ्तों के में एक नई और अपडेटेड 'गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम' का एलान कर सकती है। नई स्कीम में देशभर के सराफा व्यापारियों को 'कलेक्शन पार्टनर्स' के रूप में शामिल किया जा सकता है, जिससे वे आम लोगों से सोना जमा कर सकेंगे। इससे पहले सिर्फ बैंकों को ही सोना जमा करने की अनुमति थी। सरकार का यह कदम




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील के बाद आया है, जिसमें उन्होंने देश के लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की बात कही थी।

भारतीय व्यापारियों के संगठन एसोचैम (द एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया) की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय घरों और मंदिरों में 50,000 टन सोना रखा है, जिसकी वैल्यू करीब 10 ट्रिलियन डॉलर यानी लगभग 830 लाख करोड़ है। यह दुनिया के सबसे बड़े 10 सेंट्रल बैंकों के कुल भंडार से भी ज्यादा है। भारतीयों के पास इतना सोना है कि अमेरिका और चीन को छोड़कर दुनिया के लगभग हर देश की सालाना GDP से भी ज्यादा है।

## नई स्कीम से 1000 टन सोना जुटाने की उम्मीद

'ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन' (AIJGF) ने कहा है कि नए फ्रेमवर्क के तहत ज्वेलर्स को कलेक्शन पार्टनर बनाने से घरों में रखे सोने को इकट्ठा करने में तेजी आएगी। इससे उम्मीद है कि सरकार बाजार से 1000 टन से ज्यादा सोना जुटा सकेगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर भारतीय परिवारों के पास मौजूद कुल सोने का सिर्फ 5% हिस्सा भी इस नई स्कीम में जमा होता है, तो इससे देश के बाजार में करीब 90 अरब डॉलर (लगभग 8.57 लाख करोड़ रुपए) की नकदी आ सकती है। इससे भारत को 2 साल तक बाहर से सोना नहीं मंगाया पड़ेगा, डॉलर की मांग घटेगी और भारतीय रुपया मजबूत होगा।




# भूटान ने भारत से ई20 पेट्रोल लेने से मना किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत सरकार के E20 यानी 20% एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल के फैसले पर जहां देश में विवाद और विरोध चल रहा है, वहीं पड़ोसी देश भूटान ने भारतीय ऑयल कंपनियों (OMCs) के E20 पेट्रोल लेने से मना कर दिया है। भूटानी मीडिया 'द भूटानीज' की रिपोर्ट के मुताबिक, भूटान ने भारत से अनुरोध किया है कि जब तक भारतीय बाजार में नॉर्मल पेट्रोल उपलब्ध है, तब तक उन्हें बिना मिलावट वाला पुराना पेट्रोल ही सप्लाई किया जाए। भूटान के अधिकारियों के मुताबिक, देश का फ्यूल स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर काफी पुराना है। वहां के पेट्रोल पंपों के फ्यूल टैंक जमीन के नीचे (अंडरग्राउंड) बने हैं, जिनमें पानी रिसने यानी सीपेज का खतरा रहता है। नॉर्मल पेट्रोल के मुकाबले एथेनॉल ब्लेंडेड E20 पेट्रोल में हाइड्रोक्सिल ग्रुप होता है, जो हवा या आसपास की




गाड़िया खराब होने का खतरा बताया, कहा- जब तक मिल रहा नॉर्मल पेट्रोल ही दें

नमी को बहुत तेजी से सोखता है (हाइग्रोस्कोपिक नेचर)। अगर E20 पेट्रोल को ऐसे टैंकों में रखा जाए जहां पानी का रिसाव हो, तो पेट्रोल में पानी मिल जाएगा। इस पानी को पेट्रोल से अलग करना बेहद मुश्किल होता है। इसके अलावा, टैंक में पानी होने से स्टील के टैंकों और पाइपलाइनों में जंग लगने का खतरा भी बढ़ जाता है, जिससे गाड़ियों के इंजन खराब हो सकते हैं।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96